निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 7 मई 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 347 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



लातेहार में गिरफ्तार जेजेएमपी के उग्रवादी

## इंटर का रिजल्ट जारी : आर्ट्स में 96.14% के साथ रिकॉर्ड प्रदर्शन, तीनों संकायों के टॉपर्स घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर दिया है। इस वर्ष के नतीजों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। खासकर आर्ट्स संकाय में 96.14 प्रतिशत रिजल्ट के साथ अभ्यर्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वहीं साइंस और कॉमर्स स्ट्रीम में भी संतोषजनक परिणाम सामने आए हैं। रिजल्ट के साथ ही परिषद ने तीनों संकायों की मेरिट लिस्ट भी जारी कर दी है जिसमें राज्य भर के मेधावी छात्रों ने अपनी जगह बनाई है। जारी आंकड़ों के अनुसार आर्ट्स संकाय में कुल 2,12,721 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 2,11,095 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 2,02,962 छात्र सफल घोषित किए गए हैं। प्रथम श्रेणी में 107694 छात्र, द्वितीय श्रेणी में 91,317 छात्र और तृतीय श्रेणी में 3,947 छात्र पास हुए हैं। कुल मिलाकर इस संकाय का रिजल्ट 96.14 प्रतिशत रहा, जो इस वर्ष का सबसे बेहतर प्रदर्शन माना जा रहा है। वहीं साइंस संकाय में कुल 90,638 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 90,168 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 74,771 छात्र सफल हुए हैं। प्रथम श्रेणी में 61589 छात्र, द्वितीय श्रेणी में 13,163 और तृतीय श्रेणी में 16 छात्र पास हुए हैं। साइंस स्ट्रीम का कुल रिजल्ट 82.92 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जो स्थिर और संतुलित प्रदर्शन को दर्शाता है। कॉमर्स संकाय में भी छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां कुल 21,228 छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें से 21,078 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 19,681 छात्र सफल हुए हैं। प्रथम श्रेणी में 12030 छात्र, द्वितीय श्रेणी में 7,468 और तृतीय श्रेणी में 183 छात्र पास हुए हैं। इस संकाय का कुल रिजल्ट 93.37 प्रतिशत रहा है। रिजल्ट के साथ जारी मेरिट लिस्ट में भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साइंस संकाय में बोकारो के केएन +2 हाई स्कूल हरनाड की छात्रा छोटी कुमारी ने 478 अंक लाकर पहला स्थान हासिल किया। दुमका के +2 नेशनल हाई स्कूल के अंकित कुमार 474 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि रांची के प्रोजेक्ट हाई



स्कूल सदमा की अंशु कुमारी ने 473 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में रांची के योगोदा सत्संग इंटरमीडिएट महाविद्यालय, धुर्वा की स्वेता प्रसाद ने 478 अंक के साथ टॉप किया। बाल कृष्णा +2 हाई स्कूल के कृष कुमार बरनवाल 472 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि चाईबासा के सेंट जेवियर्स गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रियंशी खत्री ने 471 अंक लाकर तीसरा स्थान हासिल किया। आर्ट्स संकाय में धनबाद के डीएवी +2 हाई स्कूल, पाथरडीह की छात्रा राशिदा नाज ने 489 अंकों के साथ राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया। आरके +2 हाई स्कूल, पाटन के एमडी फैजान आलम 483 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं आकांक्षा कुमारी (एसएस +2 हाई स्कूल, सिमरिया) और सना आफरीन (+2 सर्वोदया हाई स्कूल, सतबरवा) ने 481 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। इस वर्ष की मेरिट लिस्ट में लड़कियों का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। तीनों संकायों में छात्राओं ने टॉप कर यह साबित किया है कि वे शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं और नए मानक स्थापित कर रही हैं। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद पूरे राज्य में खुशी का माहौल है। स्कूलों और कॉलेजों में टॉपर्स का सम्मान करने की तैयारी शुरू हो गई है। कई स्थानों पर छात्रों को मिठाई खिलाकर और सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया जा रहा है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल के सचिव जयंत मिश्रा ने परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा ि इस वर्ष परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाए गए थे। डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली के प्रभावी उपयोग से न केवल समय की बचत हुई बल्कि परिणामों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता भी सुनिश्चित हुई है। छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह स्पष्ट है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था लगातार बेहतर हो रही है। उन्होंने कहा कि परिषद आने वाले वर्षों में भी परीक्षा प्रणाली को और अधिक मजबूत और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में काम करेगी ताकि छात्रों को बेहतर और निष्पक्ष मूल्यांकन मिल सके। कुल मिलाकर इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम झारखंड में शिक्षा के स्तर में हो रहे सुधार का स्पष्ट संकेत देता है। बेहतर परिणामों से जहां छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा है वहीं राज्य की शिक्षा व्यवस्था को भी नई दिशा मिली है। अब सफल छात्र उच्च शिक्षा और अपने करियर के अगले पड़ाव की ओर बढ़ने की तैयारी में जुट गए हैं।

### कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

## आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राज्य में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने को लेकर अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ निर्देश दिए कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहे तथा किसी भी तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने और आम जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों को चिन्हित कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने लापता बच्चों और महिलाओं के मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता देते हुए सभी लापता बच्चों और महिलाओं की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य में आम जनता को भयमुक्त वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि ड्रग्स सप्लाई चेन को पूरी तरह तोड़ना जरूरी है। इसके लिए उन स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री होती है और संबंधित अपराधियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास निगरानी बढ़ाने के



निर्देश दिए, जहां युवाओं की अधिक भीड़ रहती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में अफीम की खेती को हर हाल में रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने खूंटी, चतरा और रांची जिलों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। साथ ही लोगों को जागरूक करने और लगातार मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के एसपी, डीएसपी और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे तय समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें और आम जनता से संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान किया जाए। इसके साथ ही शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों का नियमित दौरा करने और औचक निरीक्षण करने पर भी जोर दिया ताकि पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संगठित अपराध पर हर हाल में रोक लगाई जाए। इसके लिए सरकार पुलिस प्रशासन को हर संभव संसाधन और सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में बेहद सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर भू-माफियाओं को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरों से सटे क्षेत्रों में भूमि संबंधी अपराध बढ़ रहे हैं, इसलिए ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि हिरासत के दौरान किसी भी प्रकार की यातना या मौत की घटनाओं को सरकार गंभीरता से लेगी। इसलिए पुलिस को हर स्तर पर संवेदनशीलता के साथ काम करना होगा। इस उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी मति तदाशा मिश्रा सहित सभी जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक के जरिए मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि राज्य में कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## तेज रफ्तार वाहन ने ली तीन लोगों की जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले में तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर हुई। वशिष्टनगर थाना क्षेत्र के मुरेनवा में बारात से लौट रहे एक युवक की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं टंडवा में एक अज्ञात कोल वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान विकास कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब विकास कुमार बारात से वापस लौट रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक और उसके चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद गुस्साए लोगों ने चतरा-डोभी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, वशिष्टनगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह और सीओ मुरेनवा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं अज्ञात कोल वाहन से हुई मौत की घटना के बाद भी गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर मुआवजे की मांग की। हादसे के बाद क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सलैया पंचायत के मुखिया मनोज पासवान ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनास्थल पर जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### संक्षिप्त समाचार

#### पुलिस जवान को गोली मारने के आरोपित ने किया सरेंडर

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस के दबाव में जवान को गोली मारने के आरोपी सरकारी क्लर्क ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। तीन मई को पलामू के सदर थाना क्षेत्र के कौड़िया के इलाके में पवन सिंह नाम के पुलिस जवान को गोली मारी गई थी। पवन सिंह, कौड़िया में अपने ससुराल के बाहर खड़े थे तभी आरोपी वहां पहुंचे और उन पर फायरिंग कर दी थी। पवन सिंह के हाथ में गोली लगी थी। पवन सिंह को गोली मारने का आरोप ऋषभ सिंह सरकारी क्लर्क पर लगा था। ऋषभ सिंह ने बुधवार को पलामू कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।

#### बिजली के तारों ने ली हाथी की जान

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत तिरुलडीह और सपारूम गांव के जंगल में एक जंगली हाथी का शव बरामद किया गया है। शुरुआती जांच में हाथी की मृत्यु का कारण हाई वोल्टेज बिजली के तारों की चपेट में आना बताया जा रहा है। जैसे ही ग्रामीणों को हाथी की मौत की सूचना मिली तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तिरुलडीह पुलिस और वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

#### ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी की अरगोड़ा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो ड्रग्स पैडलर्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों तस्करों को अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पैडलर्स के पास से कई ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों में अशोक नगर निवासी संजय कुमार साहू और कडरू निवासी सुजीत कुमार सिंह शामिल हैं।

## पति संग मिलकर प्रेमी की हत्या, तीन आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** जिले के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में हुई कमलेश सिंह हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार अवैध संबंध की वजह से इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। हत्या की साजिश कमलेश की प्रेमिका के द्वारा ही रची गई थी। मामले में प्रेमिका सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह कमलेश सिंह की हत्या हुई थी। कमलेश के हत्या की पूरी साजिश उसकी शादीशुदा प्रेमिका आगिता के द्वारा रची गई थी। आगिता ने अपने पति और उसके एक कर्मचारी के साथ मिलकर कमलेश की हत्या करा दी थी। रांची के ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने बताया कि आगिता पहले से शादीशुदा थी लेकिन इसके बावजूद उसका अवैध संबंध कमलेश से कायम हो गया था। इसी बीच कमलेश जो बिहार के नवादा का रहने वाला था उसकी शादी हो गई जबकि आगिता यह चाहती थी कि कमलेश शादी न करे और उसका संबंध कमलेश से चलता रहे। कमलेश की शादी से नाराज होकर आगिता ने एक खौफनाक साजिश रची। आगिता ने अपने पति को बताया कि कमलेश नाम का एक लड़का उसके साथ गलत करने की अक्सर कोशिश करता है। यहां पर आगिता ने अपने पति से कमलेश के साथ अपने अवैध संबंध की बात को छुपा लिया। आगिता के पति को लगा कि कमलेश उसकी घर की इज्जत से खेल रहा है। आगिता के बहकावे में आकर उसने कमलेश के मर्डर का प्लान बना लिया। साजिश के तहत आगिता ने कमलेश को अपने पास बुलाया और उसे नशा देकर बेसुध कर दिया। नशे की हालात में ही आगिता के पति शिवनाथ कुमार सिंह ने गला दबाकर कमलेश की हत्या कर दी। ग्रामीण एसपी ने बताया की अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

## जेजेएमपी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले में पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी (झारखंड जन मुक्ति परिषद) के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान स्पेशल ऑपरेशन ड्रैगन-228 के दौरान पुलिस ने दो सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेसवार्ता में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य शंकर राम अपने दस्ते के साथ मनिका थाना क्षेत्र के कुरुमखेता जंगल में किसी बड़ी नक्सली वारदात की साजिश रच रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया और इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। जैसे ही पुलिस टीम जंगल क्षेत्र में पहुंची, उग्रवादियों को भनक लग गई और वे मौके से भागने लगे। हालांकि सुरक्षा बलों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दो उग्रवादियों को दौड़ाकर पकड़ लिया। इस दौरान मुख्य आरोपी शंकर राम अपने अन्य साथियों के साथ हथियार छोड़कर जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मनोज लोहरा (पलामू) और महादेव सिंह (लातेहार) के रूप में हुई है। इनके पास से दो एसएलआर राइफल, एक एके-47 राइफल, नौ मैगजीन, सैकड़ों जिंदा कारतूस, दो वॉकी-टॉकी, पांच मोबाइल फोन और छह सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। इसके अलावा आसपास के इलाके से भी अतिरिक्त हथियार और उपकरण मिले हैं जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि उग्रवादी किसी बड़े हमले की तैयारी में थे। इस पूरे मामले में मनिका थाना में कांड संख्या 41/2026 दर्ज कर आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। फरार आरोपी शंकर राम और उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस ऑपरेशन से इलाके में नक्सली गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ेगा और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

## हिंसक झड़प में मौत के बाद हंगामा, माइंस में प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** सीसीएल गिरिडीह एरिया के सीपी साइडिंग (क्रशर) में हिंसक झड़प में हुई मौत की घटना के दूसरे दिन भी हंगामा जारी है। यहां शव के साथ लोग पैदल ही शहर से सीसीएल माइंस पहुंचे और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। 50 लाख रुपये मुआवजा के साथ नौकरी एवं हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग रखी गई। इस दौरान स्थिति को सामान्य करने के लिए सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता शुरू हुई। हालांकि लोगों का आक्रोश कम नहीं हुआ। लोगों ने पथराव कर दिया। पथराव की घटना के बाद स्थिति और असामान्य हो गई। हंगामा कर रहे लोगों को खदेड़ने के लिए पुलिस को हल्का बल का भी प्रयोग करना पड़ा। बता दें कि मंगलवार की रात



सीपी साइडिंग के पास कथित तौर पर कोयला चोरों ने हमला बोला था। इस दौरान सीसीएल के कर्मियों साथ हिंसक झड़प हो गई। इस झड़प में खंडीहा निवासी दिलीप दास को चाकू मारा गया जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि कई कर्मी घायल हो गए। वहीं मौत के बाद हंगामा हो गया। मृतक के परिजनों ने सीसीएल कर्मियों पर हत्या करने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ हंगामा और पथराव की सूचना पर एसडीएम श्रीकांत विस्पुते के साथ एसडीपीओ जीतबाहन उरांव, डीएसपी आबिद खान, इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो, इंस्पेक्टर कमलेश पासवान समेत कई पदाधिकारी पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद इलाके में चौकसी बढ़ा दी गई। एसडीएम श्रीकांत विस्पुते ने कहा कि पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। इधर सीसीएल गिरिडीह कोलियरी महाप्रबंधक कार्यालय में वार्ता भी शुरू किया गया है। यहां सीसीएल जीएम, पीओ, एसडीपीओ के साथ जेएमएम के नेता एवं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के नेताओं की मौजूदगी में वार्ता चल रही है।




C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग महापौर अरविन्द कुमार राणा ने पेश की विकास की नई पटकथा

**हजारीबाग (नबिटाब)।** शहर को पर्यटन, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से हजारीबाग नगर निगम के महापौर अरविंद कुमार राणा ने झारखंड सरकार के समक्ष कई महत्वाकांक्षी प्रस्ताव पेश किए हैं। इन योजनाओं के जरिए हजारीबाग को एक आधुनिक, आकर्षक और अवसरों से भरपूर शहर बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई है। सबसे प्रमुख प्रस्ताव हजारीबाग के मनोरम कहे जाने वाले झील के समग्र विकास को लेकर है। योजना के तहत झील के चारों ओर विकसित पार्क, आकर्षक गार्डन और बच्चों के लिए सुरक्षित खेल क्षेत्र तैयार किए जाएंगे। साथ ही बेहतर प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा, सार्वजनिक शौचालय और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए झील की नियमित सफाई, ग्रीन बेल्ट का निर्माण और पूरे क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त घोषित करने की योजना है। इसके अलावा स्थानीय हस्तशिल्प, फूड स्टॉल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर पर्यटन को गति दी जाएगी। इसी क्रम में शहर में एक आधुनिक



मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया गया है। इस खेल परिसर में स्केटिंग रिंक, योग एवं ध्यान केंद्र और मल्टी-एक्टिविटी एरिया विकसित किया जाएगा। ओपन जिम और रनिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं आम नागरिकों के लिए उपलब्ध होंगी। साथ ही तीन प्रशिक्षण एवं प्रतिभा विकास केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह केंद्र राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन में भी सक्षम होगा। पर्यटन को नई दिशा देने के लिए महापौर अरविन्द कुमार राणा ने राष्ट्रीय राजमार्ग-33 स्थित चरही घाटी के ह्लनन्हे हनुमान क्षेत्रह्व को ह्यफूलों की घाटीह्व के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी भेजा है। यहां आकर्षक सेल्फी प्वाइंट, जंपिंग स्विंग ,जैसी एडवेंचर गतिविधियां, आधुनिक ग्लास ब्रिज, और व्यापक सौंदर्याकरण कार्य किए जाएंगे। विभिन्न प्रकार के फूलों और पौधों से क्षेत्र को मनमोहक स्वरूप दिया जाएगा। महापौर अरविन्द कुमार राणा ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल हजारीबाग की सुंदरता और पहचान में वृद्धि होगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही युवाओं को बेहतर मंच मिलेगा और नागरिकों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। उन्होंने राज्य सरकार से इन प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति देने का आग्रह किया है।

### सीसीएल के जीएम और पीओ जनता की भावना से कोसों दूर : राजेश सिन्हा

**गिरिडीह (नबिटासं)।** सीसीएल क्षेत्र में हालिया घटनाओं को लेकर स्थानीय नेता राजेश सिन्हा ने प्रबंधन और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सीसीएल के जीएम और पीओ जनता की भावनाओं से पूरी तरह कटे हुए नजर आ रहे हैं। यदि मैनेजमेंट की किसी प्रकार की चूक सामने आती है, तो पीड़ित पक्ष द्वारा मुआवजे की मांग पूरी तरह जायज है।राजेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि सीसीएल कर्मी और सिक्योरिटी गार्ड क्षेत्र में सक्रिय कोयला तस्करों की पहचान करते हैं और उन पर कार्रवाई भी करते हैं, लेकिन उनके पीछे काम करने वाले बड़े लोगों को जानते हुए भी नजरअंदाज कर दिया जाता है। इसके पीछे सीसीएल प्रबंधन की ढिलाई के साथ-साथ जिला प्रशासन पर सफेदपोशों और पैरवी का दबाव भी जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि इसी लापरवाही के कारण कई बार हालात बिगड़ते-बिगड़ते हत्या जैसी घटनाओं तक पहुंच जाते हैं दिलीप दास हत्याकांड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हत्या किसने और कैसे की, यह पुलिस प्रशासन का विषय है और उन्हें भरोसा है कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। वहीं, आम जनता की सोच पर भी उन्होंने चिंता जताई। उनका कहना था कि सीसीएल क्षेत्र को अपनी जमीन मानकर लोग वहां से कमाई करना चाहते हैं, जिससे वर्चस्व की लड़ाई की स्थिति बन रही है।उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सीसीएल प्रबंधन को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी होगी और जनता को भी समझदारी दिखानी होगी। साथ ही, जनप्रतिनिधियों, सीसीएल प्रबंधन, जिला प्रशासन और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है राजेश सिन्हा ने यह भी कहा कि सीसीएल क्षेत्र में कभी सुरक्षा बलों पर तो कभी आम लोगों पर हमले की घटनाएं आम हो गई हैं, जिसे रोकना बेहद जरूरी है। यदि किसी हत्या के पीछे प्रबंधन की लापरवाही या चूक सामने आती है, तो सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए उन्होंने वर्तमान जीएम पर आरोप लगाया कि वे जनता से दूरी बनाए हुए हैं।

### ग्रामीणों और सहिया बहनों ने सांसद मनीष जायसवाल से मिलकर लगाई गुहार

**हजारीबाग (नबिटासं)।** हजारीबाग जिले के बड़कागाँव प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत के ग्रामीणों ने आज एक अनूठी मिसाल पेश की है। आमतौर पर लोग सरकारी कर्मचारियों की कार्यशैली की शिकायत लेकर जन प्रतिनिधियों के पास जाते हैं, लेकिन यहाँ मामला बिल्कुल उलट नजर आया। पलाण्डु गाँव के ग्रामीण और सहिया साथी अपने क्षेत्र की एएनएम कुमारी प्रमिला सिन्हा के प्रति अपना प्रेम और सम्मान जताते हुए उनके संभावित तबादले को रुकवाने की मांग लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से उनके सांसद सेवा कार्यालय में मिले और उन्हें एक भावुक मांग पत्र सौंपा। सांसद को दी गई जानकारी में ग्रामीणों ने बताया कि आयुषमान आरोग्य मंदिर, पलाण्डु में पदस्थापित कुमारी प्रमिला सिन्हा का कार्य क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। हालाँकि सरकारी नियमों के अनुसार उनकी ड्यूटी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है, लेकिन प्रमिला सिन्हा ने कभी भी अपनी सेवा को समय की पाबंदियों में नहीं बांधा। वे गाँव में 24 घंटे तत्पर रहकर ग्रामीणों की सेवा करती हैं और आधी रात को भी किसी की तबीयत बिगड़ने या आपात स्थिति आने पर तुरंत सहायता के लिए उपलब्ध रहती हैं। उनके इसी समर्पण के कारण पूरे तलसवार पंचायत की जनता उनके कार्य से अत्यंत संतुष्ट है। ग्रामीणों और सहिया बहनों ने सांसद मनीष जायसवाल से गुहार लगाते हुए स्पष्ट किया कि प्रमिला सिन्हा के खिलाफ किसी भी व्यक्ति को कोई शिकायत नहीं है और उनके जैसे समर्पित स्वास्थ्य कर्मी का वहाँ बने रहना क्षेत्र के हित में है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि यदि उनका स्थानांतरण किया जाता है, तो इस पंचायत क्षेत्र के बिरहोर गाँव सतबहिया सहित अन्य गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। सांसद मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों और सहियाओं की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मामले पर संबंधित अधिकारियों से बात करने और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मौके पर भाजपा नेता जयनारायण मेहता और पारसनाथ महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### नगर निगम की लापरवाही से बड़ा खतरा, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर पेड़ में फंसे टिन से हादसे की आशंका

**हजारीबाग (नबिटाब)।** शहर के व्यस्ततम इलाकों में शामिल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर नगर निगम की अनदेखी एक बड़े हादसे को न्योता दे रही है। यहां एक पेड़ में पिछले तीन वर्षों से कोरुगेटेड (टीन) शीट फंसी हुई है, जो कभी भी गिर सकती है। आश्चर्य की बात यह है कि इतनी लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद इसे हटाने के लिए अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यह इलाका दिनभर लोगों की भारी आवाजाही से भरा रहता है। आसपास दुकानें, वाहन और राहगीरों की भीड़ रहती है, जिससे जोखिम और भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवा या बारिश के दौरान यह टीन शीट हिलने लगती है, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना हो सकती है। नागरिकों ने कई बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग से की, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज कर रहा है, जिससे आम जनता की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस खतरे को हटाने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से पहले ही स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

# चाकू से गोदकर युवक की हत्या, गांव में सनसनी






नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के सीसीएल क्षेत्र अंतर्गत खंडीहा गांव निवासी करीब 25 वर्षीय दिलीप दास (पिता-भूचारी दास) की मंगलवार देर शाम चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई।

घटना से पूरे इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई है जानकारी के अनुसार दिलीप दास शाम के समय शौच के लिए घर से आगे कबरीबाद स्थित खंडीहा क्रेशर की ओर गया था। इसी दौरान पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों द्वारा घायल दिलीप को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया मामले को लेकर मृतक के भतीजे आशीष दास ने सीसीएल गार्ड रामसागर, करण, विकास, असगर, अख्तर, बालदेव समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है दिलीप की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल में परिजनों के बीच कोहराम मच गया। स्वजनों के चीत्कार और क्रंदन से अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया।घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से पूरी जानकारी ली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# पीड़ित परिवारों के दर्द में शामिल हुए सदर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह

- देर रात गांव पहुंचकर बांटा दुःख, सनिया प्रवीण और आदिल हसन, खुशी परवीन के परिजनों से मिले
- न्याय मिलने तक हर लड़ाई में साथ खड़े रहेंगे : मुन्ना सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** विगत दिनों पूर्व पौता गांव में हुई दर्दनाक घटना के बाद पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर उन्हें ढांढस बंधाया और न्याय की लड़ाई में हरसंभव साथ देने का भरोसा दिलाया। मंगलवार देर रात सदर प्रखंड अंतर्गत पौंता पंचायत



के पौता गांव पहुंचकर उन्होंने उन परिवारों से मुलाकात किया, जिन्होंने कुछ दिन पूर्व हुई हृदयविदारक घटना में अपने घर के तीन चिराग—दो बेटियों और एक युवक—को हमेशा के लिए खो दिया। इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डाल दिया है। मुन्ना सिंह ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उनका दुःख साझा किया और कहा कि किसी परिवार के जवान बच्चों का इस तरह असमय दुनिया से चले जाना केवल एक घर का दुःख नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदना साथ है।

उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि जब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, तब तक उनकी आवाज हर मंच पर मजबूती से उठाई जाती रहेगी। वहीं बुधवार को मुन्ना सिंह हजारीबाग के फिरदौस कॉलोनी पहुंचे, जहां उन्होंने मो. कमाल के आवास पर पहुंचकर उनकी पुत्री स्वर्गीय सनिया प्रवीण के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पौता जंगल में मिली यह दुखद घटना पूरे समाज को अंदर तक झकझोर देने वाली है। इस कठिन घड़ी में परिवार अकेला नहीं है, न्याय की इस लड़ाई में हर कदम पर साथ दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने कटकमदाग प्रखंड के सुल्ताना गांव पहुंचकर मोहम्मद समीम के आवास पर उनके पुत्र स्वर्गीय आदिल हसन के निधन पर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात किया। परिजनों को सांत्वना देते हुए उन्होंने कहा कि दोषियों को कानून के कठघरे तक पहुंचाना ही दिवंगत आत्माओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी, और इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति देने की कामना किया।

# पकरी बरवाडीह स्थित मेगालिथ का पर्यटन सचिव ने किया भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** कला, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, झारखंड सरकार के सचिव श्री मुकेश कुमार ने आज 6 मई बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पकरी बरवाडीह क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध मेगालिथ स्थल का भ्रमण किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री हेमन्त सती भी उनके साथ उपस्थित रहे। यह भ्रमण माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर मेगालिथ स्थल को पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहचान दिलाने तथा यहां उपलब्ध संभावनाओं का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया।



भ्रमण के दौरान विभागीय सचिव ने स्थल का निरीक्षण करते हुए इसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। श्री मुकेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गंभीर है तथा पकरी बरवाडीह का यह मेगालिथ स्थल खगोलीय घटनाओं के अध्ययन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। उन्होंने इसके संरक्षण एवं संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि इस अमूल्य विरासत को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार इस स्थल को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल कराने की दिशा में कार्य करेगी तथा इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, नगर आयुक्त श्री ओम प्रकाश गुप्ता, निदेशक पर्यटन श्री आशिफ एकराम, एम.डी जेटीडीसी श्री प्रेम रंजन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार, मेगालिथ विशेषज्ञ श्री देवाशीष दास सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मर्सी अस्पताल में हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी का ऑपरेशन, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के मर्सी अस्पताल में एक हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी का सफलतापूर्वक इलाज कर चिकित्सकों ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह मामला तीसरे सिजेरियन ऑपरेशन के साथ-साथ डायबिटीज जैसी जटिल स्थिति से जुड़ा हुआ था, जिसे कुशलतापूर्वक संभालते हुए सफल ऑपरेशन किया गया।

ऑपरेशन का नेतृत्व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. लीलावती ने किया, जिनकी देखरेख में मां का सुरक्षित प्रसव कराया गया। वहीं नवजात शिशु का इलाज एवं देखभाल डॉ. प्रियंका द्वारा किया गया, जिससे बच्चा भी पूरी तरह स्वस्थ है मां और बच्चे दोनों की स्थिति सामान्य और स्वस्थ बताई जा रही है। इस सफल इलाज के लिए मर्सी अस्पताल की पूरी टीम को बधाई दी जा रही है। अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों के समर्पण और कुशलता की सराहना की गई है परिजनों ने चिकित्सकों और पूरे मेडिकल स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# झारखंड विधानसभा प्राक्कलन समिति ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने आज समाहरणालय सभागार, गिरिडीह में समिति के सभापति सह लिट्टीपाड़ा के विधायक हेमलाल मुर्मू की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में समिति के सदस्य सह बगोदर के विधायक नागेन्द्र महतो, घाटशिला के माननीय विधायक सोमेश चंद्र सोरेन तथा टुंडी के माननीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो उपस्थित रहे बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं एवं परियोजनाओं के प्राक्कलन की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राम निवास यादव ने सभी संबंधित विभागों द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति की




जानकारी साझा की समिति के सदस्यों ने प्रस्तावित बजट के आलोक में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उनकी आवश्यकता का मूल्यांकन किया। समिति ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए समीक्षा के दौरान कुछ योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाई गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समिति ने लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया बैठक में अनावश्यक व्यय में कटौती तथा उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी विभागों को समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया बैठक में जनहित से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। विभागों से योजनाओं से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त कर उसकी गहन समीक्षा करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए समिति ने विद्युत, पेयजल, आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, पथ निर्माण, भवन निर्माण, कल्याण, समाज कल्याण, उद्यान, गव्य विकास, लघु सिंचाई, प्रदूषण नियंत्रण, परिवहन, पर्यटन, सहकारिता, पशुपालन सहित अन्य विभागों में चल रही योजनाओं की समीक्षा की।बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिविल सर्जन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# पांच राज्यों के चुनाव परिणाम में भाजपा की बड़ी जीत पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी ने तीन राज्यों में प्रचंड जीत दर्ज कर एक बार फिर अपनी मजबूत राजनीतिक पकड़ का प्रदर्शन किया है। खास बात यह रही कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ने पहली बार ऐतिहासिक जीत हासिल की, जिसे राज्य की राजनीति में मील का पत्थर माना जा रहा है बंगाल की जनता ने जिस आशा और विश्वास के साथ भाजपा को समर्थन दिया है, वह सराहनीय है।



इस जीत के पीछे हजारों कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और संघर्ष शामिल है, जिन सभी को हार्दिक बधाई और आभार।यह वही बंगाल है जहां कभी भाजपा एक सीट जीतने के लिए संघर्ष करती थी, लेकिन आज उसी धरती पर जीत हासिल करना पार्टी के लिए गौरव का क्षण है। यह राज्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि भी है, जिन्होंने जनसंघ की स्थापना की थी।भाजपा कार्यकर्ता पहले नारा लगाते थे जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा हैह्व, लेकिन अब यह भावना बदलकर जहां जन्म हुआ मुखर्जी का, वो बंगाल अब हमारा है में परिवर्तित हो गई है यह जीत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में देखी जा रही है। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को भी साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 हटाने से लेकर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे कई बड़े फैसले पूरे हुए हैं, जिससे पार्टी का जनाधार और मजबूत हुआ है आज देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकार होना कभी कार्यकताओं का सपना था, जो अब हकीकत बन चुका है। इस जीत में बंगाल के सैकड़ों कार्यकताओं ने अपना बलिदान दिया है, जिन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है अंत में बंगाल की जनता को इस ऐतिहासिक समर्थन के लिए हृदय से धन्यवाद और बहुत-बहुत बधाई।

# गिरिडीह में हृदय रोग विशेषज्ञ की ओपीडी सेवा शुरू, मरीजों को मिलेगा लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के मरीजों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। सीके बिरला हॉस्पिटलस के तहत बीएम बिड़ला हार्ट हॉस्पिटल की ओर से गिरिडीह में हृदय रोग कार्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी सेवा शुरू की जा रही है इस ओपीडी में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरुद्ध मंडल अपनी सेवाएं देंगे। वे एमडी, डीएम कार्डियोलॉजी हैं और हृदय संबंधी बीमारियों के विशेषज्ञ माने जाते हैं डॉ. मंडल के अनुसार, जिन मरीजों को छाती में दर्द, सांस लेने में कठिनाई, बेहोशी, तेज धड़कन या पैरों में सूजन जैसी समस्याएं हैं, वे इस ओपीडी में आकर परामर्श ले सकते हैं। साथ ही मरीज दूसरी राय सेकंड ओपिनियन के लिए भी संपर्क कर सकते हैं यह ओपीडी 16 मई 2026 को आयोजित होगी। परामर्श का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।कार्यक्रम का आयोजन मर्सी अस्पताल में किया जाएगा, जो बस स्टैंड रोड, गिरिडीह में स्थित है अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य स्थानीय मरीजों को बेहतर और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बड़े शहरों का रुख न करना पड़े। मरीजों की सुविधा के लिए संपर्क और अपॉइंटमेंट के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।

# फ्लड लाइट में सीमा देसाई महिला क्रिकेट टूनामेंट का समापन, सुपर ओवर में टीम येलो बनी चैंपियन

## स्थानीय प्रतिभाओं को मिला सशक्त मंच, यहां से खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगी : मनीष जायसवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग के संजय सिंह स्टेडियम में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के तत्वावधान में आयोजित सीमा देसाई महिला क्रिकेट टूनामेंट का मंगलवार देर रात रोमांचक अंदाज में समापन हो गया। फ्लड लाइट की रोशनी में खेले गए इस टूनामेंट ने न सिर्फ खेल प्रेमियों को आकर्षित किया, बल्कि महिला क्रिकेट को जिले में एक नई पहचान भी दिलाई। पूरे प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली और हर मुकाबले में प्रतिस्पर्धा का उच्च स्तर नजर आया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेले गए इस मैच में अंत तक जीत-हार का फैसला नहीं हो सका।




टीम येलो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 109 रन बनाए और 8 विकेट गंवाए। जवाब में टीम ब्लू ने भी शानदार खेल दिखाते हुए 109 रन बनाए और 6 विकेट खोए। मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर का सहारा लिया गया, जिसमें टीम येलो ने संयमित खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की और चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। टीम ब्लू को उपविजेता से संतोष करना पड़ा। समापन समारोह के अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, जेएससीए चेयरमैन अजय नाथ शाहदेव, जेएससीए सचिव सौरभ तिवारी एवं जेएससीए संयुक्त सचिव शाहबाज नदीम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता टीम येलो को ट्रॉफी प्रदान की, वहीं टीम ब्लू को उपविजेता के रूप में सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांसद सह एचडीसीए के चेयरमैन मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग में फ्लड लाइट के बीच इस स्तर का महिला क्रिकेट टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न होना जिले के लिए गर्व की बात है। इससे स्थानीय महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है और आने वाले समय में यही खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगी। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन,समर्पण और टीम भावना का सशक्त माध्यम है और ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए संघ निरंतर प्रयासरत है। हजारीबाग में इस तरह के सफल आयोजन यह साबित करते हैं कि झारखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और उन्हें सही मंच मिलने पर वे बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। जेएससीए सचिव सौरभ तिवारी ने कहा कि यह टूर्नामेंट महिला खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ है प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में खेलने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनके खेल में निखार आता है। संघ भविष्य में भी इस तरह के आयोजन कर महिला क्रिकेट को और मजबूती देगा। वहीं संयुक्त सचिव शाहबाज नदीम ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराना संघ की प्राथमिकता है। हजारीबाग में फ्लड लाइट में मैचों का आयोजन खिलाड़ियों के लिए नया अनुभव रहा, जिससे उन्हें बड़े मंच पर खेलने का एहसास मिला। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां से कई प्रतिभाएं आगे चलकर राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# आर्ट्स में 96.14% के साथ रिकॉर्ड प्रदर्शन

## झारखंड एकेडमिक काउंसिल माध्यमिक परीक्षा परिणाम जारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर दिया है। इस वर्ष के नतीजों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। खासकर आर्ट्स संकाय में 96.14 प्रतिशत रिजल्ट के साथ अभ्यर्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वहीं साइंस और कॉमर्स स्ट्रीम में भी संतोषजनक परिणाम सामने आए हैं।

रिजल्ट के साथ ही परिषद ने तीनों संकायों की मेरिट लिस्ट भी जारी कर दी है, जिसमें राज्य भर के मेधावी छात्रों ने अपनी जगह बनाई है। जारी आंकड़ों के अनुसार, आर्ट्स संकाय में कुल 2,12,721 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 2,11,095 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 2,02,962 छात्र सफल घोषित किए गए हैं। प्रथम श्रेणी में 1,07,694 छात्र, द्वितीय श्रेणी में 91,317 छात्र और तृतीय श्रेणी में 3,947 छात्र पास हुए हैं। कुल मिलाकर इस संकाय का रिजल्ट 96.14 प्रतिशत रहा, जो इस वर्ष का सबसे बेहतर प्रदर्शन माना जा रहा है। वहीं साइंस संकाय में कुल 90,638 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 90,168 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 74,771 छात्र सफल हुए हैं। प्रथम श्रेणी में 61,589 छात्र, द्वितीय श्रेणी में 13,163 और तृतीय श्रेणी में 16 छात्र पास हुए हैं। साइंस स्ट्रीम का कुल रिजल्ट 82.92 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जो स्थिर और संतुलित प्रदर्शन को दर्शाता है।

कॉमर्स संकाय में भी छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां कुल 21,228 छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें से 21,078 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 19,681 छात्र सफल हुए हैं। प्रथम श्रेणी में 12,030 छात्र, द्वितीय श्रेणी में 7,468 और तृतीय श्रेणी में 183 छात्र पास हुए हैं। इस संकाय का कुल रिजल्ट 93.37 प्रतिशत रहा है।

रिजल्ट के साथ जारी मेरिट लिस्ट में भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कला संकाय में बोकारो के केएन +2 हाई स्कूल हरनाड की छात्रा छोटी कुमारी ने 478 अंक लाकर पहला स्थान हासिल किया। दुमका के +2 नेशनल हाई स्कूल के अंकित कुमार 474 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रांची के प्रोजेक्ट हाई स्कूल सदमा की अंशु कुमारी ने 473 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में रांची के योगदा सत्संग इंटरमीडिएट महाविद्यालय, धुर्वा की स्वेता प्रसाद ने 478 अंक के साथ टॉप किया। बाल कृष्णा +2 हाई स्कूल के कृष कुमार बरनवाल 472 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि चाईबासा के सेंट जेवियर्स गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रियंशी खत्री ने 471 अंक लाकर तीसरा स्थान हासिल किया। साइंस संकाय में धनबाद के डीएवी +2 हाई स्कूल, पाथरडीह की छात्रा राशिदा नाज ने 489 अंकों के साथ राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया। आरके +2 हाई स्कूल, पाटन के एमडी फैजान आलम 483 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं आकांक्षा कुमारी (एसएस +2 हाई स्कूल, सिमरिया) और सना आफरीन (+2 सर्वोदया हाई स्कूल, सतबरवा) ने 481 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। इस वर्ष की मेरिट लिस्ट में लड़कियों का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। तीनों संकायों में छात्राओं ने टॉप कर यह साबित किया है कि वे शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं और नए मानक स्थापित कर रही हैं।

परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद पूरे राज्य में खुशी का माहौल है।

स्कूलों और कॉलेजों में टॉपर्स का सम्मान करने की तैयारी शुरू हो गई है। कई स्थानों पर छात्रों को मिठाई खिलाकर और सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया जा रहा है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल के सचिव जयंत मिश्रा ने परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "इस वर्ष परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाए गए थे।

# केंदू पत्ता सीजन शुरू होते ही नक्सलियों पर पुलिस की कड़ी नजर, लेवी वसूली रोकने को हाई अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)**। झारखंड में 15 मई से केंदू पत्ता (बीड़ी पत्ता) की तुड़ाई शुरू होने जा रही है, जो मानसून के आगमन तक जारी रहेगी। इस सीजन के शुरू होते ही नक्सली संगठनों की सक्रियता बढ़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया है और निगरानी तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, प्रतिबंधित नक्सली संगठन—भाकपा माओवादी, टीएसपीसी और जेजेएमपी—भले ही पहले के मुकाबले काफी कमजोर हो चुके हैं, लेकिन अब भी केंदू पत्ता के कारोबार से लेवी वसूलने की फिराक में हैं। वर्तमान में भाकपा माओवादी के पास महज 5-6 और टीएसपीसी के 3-4 सक्रिय कमांडर ही बचे हैं, जबकि जेजेएमपी लगभग समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद आशंका जताई जा रही है कि ये संगठन केंदू पत्ता से होने वाली आय के जरिए खुद को फिर से मजबूत करने या अपनी गतिविधियों को बनाए रखने का प्रयास कर सकते हैं।



सूत्रों के मुताबिक, नक्सली संगठन केंदू पत्ता कारोबार में प्रति बैग 70 से 80 रुपये तक लेवी वसूलते हैं। यह वसूली पलामू, गढ़वा, लातेहार के अलावा बिहार के गया और औरंगाबाद के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी की जाती है। टीएसपीसी अपने प्रभाव वाले इलाकों में 60-70 रुपये प्रति बैग और जेजेएमपी 35-40 रुपये प्रति बैग तक लेवी वसूलता रहा है। बताया जाता है कि माओवादी संगठन पलामू, गढ़वा, चतरा, गया, औरंगाबाद तथा लातेहार के कोयल-शंख जोन से हर साल 25 से 30 करोड़ रुपये तक की लेवी वसूलते रहे हैं। इस अवैध वसूली को बनाए रखने के लिए नक्सली हिंसक घटनाओं को भी अंजाम देते रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022 में 17 हिंसक घटनाएं दर्ज की गई थीं, जबकि 2022 से 2025 के बीच पलामू, गढ़वा और लातेहार क्षेत्र में करीब 15 घटनाएं सामने आई हैं। पलामू के डीआईजी किशोर कौशल ने स्पष्ट किया कि नक्सली संगठनों के आर्थिक ढांचे को कमजोर करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि लेवी वसूली में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की गई है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी स्थिति में नक्सली या आपराधिक तत्व अवैध वसूली न कर सकें।

# लातेहार में स्कूल का छज्जा गिरा, कई बच्चे घायल, दो को लगी गंभीर चोट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार**। सरकारी स्कूलों के जर्जर भवन बच्चों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के लुहुर गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुहुर के बरामदे का छज्जा बुधवार को अचानक गिर गया। इस घटना में कई बच्चों को चोटें आईं। इनमें दो बच्चे को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है। जहां उनका इलाज चल रहा है। जबकि अन्य बच्चों को प्राथमिक इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। दरअसल स्कूल में मध्याह्न भोजन के दौरान बच्चे बरामदे में खाना खा रहे थे। इसी दौरान बरामदे का बाहरी छज्जा अचानक टूट कर गिर गया। गनीमत रही कि जहां छज्जा टूट कर गिरा वहां कोई बच्चा बैठा हुआ नहीं था। छज्जा गिरने के बाद उसके टुकड़ों से चोट लगने के कारण कई बच्चे घायल हो गए। इनमें दो छात्राओं को गंभीर चोटें आई हैं। घायल दोनों छात्राओं को स्कूल के प्रधानाध्यापक ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों का इलाज जारी है। दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्कूल के प्रधानाध्यापक दिलेश कुमार ने बताया कि खाना खाने के दौरान ही यह घटना घटी है। इसमें एक बच्ची के पैर में चोट आई है, जबकि दूसरी बच्ची के माथे में चोट आई है। वहीं कुछ अन्य बच्चों को भी हल्की चोट लगी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल के बरामदे का छज्जा जर्जर हो गया था। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले इसकी मरम्मत कराई गई थी। हेडमस्टर ने बताया कि स्कूल का भवन भी काफी पुराना हो गया है। उन्होंने कहा कि यह भवन वर्ष 2004 में बनाई गई थी।

# पतरातू लेक रिजॉर्ट के 41 सिक्योरिटी गार्ड हड़ताल पर गए, बकाया वेतन भुगतान की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़**। पतरातू लेक रिजॉर्ट में तैनात प्राइवेट सुरक्षाकर्मियों का वेतन विवाद अब गहराता जा रहा है। डैम आइलैंड, पर्यटन विहार, सरोवर विहार और बोट क्लब जैसे प्रमुख स्थलों की सुरक्षा में लगे 41 सिक्योरिटी गार्ड्स पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण आज बुधवार से हड़ताल चले गए हैं। अब सिक्योरिटी गार्ड्स ने मामले को लेकर श्रम विभाग का दरवाजा खटखटाया है और श्रमायुक्त से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

सुरक्षाकर्मियों ने अपने आवेदन में बताया है कि वे सभी जेटीडीसी के अंतर्गत कमांडो सिक्योरिटी एजेंसी के माध्यम से कार्यरत हैं, लेकिन फरवरी 2026 से अब तक उन्हें वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, परिवार का भरण-पोषण और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है।

सिक्योरिटी गार्ड्स ने यह भी कहा कि उन्हें आशंका है कि हड़ताल के कारण हम में से कम से कम पांच लोगों को कंपनी की ओर से हटा दिया जाएगा और वह भी बिना कारण के। इसके बावजूद वह सभी हड़ताल पर बैठे हैं,ताकि उन्हें नियम अनुसार उनके श्रम के अनुसार वेतन का भुगतान हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि इस पर सरकार,संबंधित विभाग और कमांडो सिक्योरिटी कंपनी को ध्यान देने की जरूरत है।

# श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए देवघर एम्स में 15 बेड रिजर्व

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर**। श्रावणी मेले की तैयारियों के बीच देवघर जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाया है। इसी क्रम में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने देवघर स्थित एम्स प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर मेले के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में उपायुक्त ने एम्स के अधिकारियों और चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समन्वित रूप से कार्य करने पर जोर दिया। एम्स प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए 15 बेड रिजर्व रखे जाएंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित इलाज सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम के गठन पर भी चर्चा हुई।



एम्स और जिला प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों से नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति पर सहमति बनी है। साथ ही जिला स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि एम्स की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का अधिकतम लाभ श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जाए। गौरतलब है कि सावन माह में देवघर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में देवीपुर स्थित एम्स, जिला प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्य करता है। बैठक में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डीटीओ, डीएसओ, डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं एम्स के कई अधिकारी उपस्थित रहे। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन और एम्स के बीच यह समन्वय जमीनी स्तर पर कितना प्रभावी साबित होता है, ताकि श्रद्धालुओं को समय पर और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# आईआईएम रांची का प्लेसमेंट रिकॉर्ड मजबूत, ई-एमबीए छात्र को 1.2 करोड़ का पैकेज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। आईआईएम रांची ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी करते हुए एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया है। इस सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि एग्जीक्यूटिव एमबीए (ई-एमबीए) 2024-26 समर बैच के एक छात्र को मिला 1.2 करोड़ रुपये का पैकेज रहा, जिसने संस्थान को नई ऊंचाई दी है। रिपोर्ट के अनुसार, एमबीए, एमबीए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) और एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) कार्यक्रमों में भी प्लेसमेंट के आंकड़ों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। घरेलू कंपनियों में सर्वाधिक डोमेस्टिक सीटीसी में पिछले वर्ष की तुलना में 4.19% की वृद्धि दर्ज की गई। इस वर्ष 96 कंपनियों ने विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों को ऑफर दिए, जो संस्थान के मजबूत कॉरपोरेट कनेक्शन को दर्शाता है। 6 मई 2026 को जारी इस रिपोर्ट के दौरान निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और कॉर्पोरेट रिलेशन चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा उपस्थित रहे। निदेशक ने बताया कि पिछले सत्र की तुलना में छात्रों की संख्या में 31.15% की वृद्धि हुई है। साथ ही शीर्ष 25% और 75% छात्रों के औसत पैकेज में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। एमबीए प्लेसमेंट ड्राइव में 72.83% फ्रेशर्स और 42.93% छात्राएं शामिल हुईं। कुल 60 कंपनियों ने एमबीए छात्रों को ऑफर दिए, जिसमें सर्वाधिक पैकेज 52.50 लाख रुपये रहा। शीर्ष 25% छात्रों का औसत पैकेज 24.83 लाख रुपये और कुल औसत पैकेज 19.24 लाख रुपये दर्ज किया गया। इसके अलावा 22.35% छात्रों को औसतन 19.28 लाख रुपये के प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिले। एमबीए एचआरएम प्रोग्राम में 40.54% छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुआ। इस श्रेणी में सर्वाधिक पैकेज 22.75 लाख रुपये और औसत पैकेज 17.74 लाख रुपये रहा, जबकि शीर्ष 25% छात्रों का औसत पैकेज 20.95 लाख रुपये दर्ज किया गया। वहीं एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स प्रोग्राम में भी उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली। इस कोर्स में सर्वाधिक पैकेज 32.13 लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 22.16% अधिक है। शीर्ष 25% छात्रों का औसत पैकेज 27.81 लाख रुपये और कुल औसत पैकेज 20.99 लाख रुपये रहा। इस प्रोग्राम में 13.16% छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला। प्लेसमेंट ड्राइव में Amazon, SAP Labs, D. E. Shaw, JPMorgan Chase, Wells Fargo, HSBC, Tata Capital, Aditya Birla Group, NPCI, Deloitte, Accenture, Maruti Suzuki और Cognizant जैसी प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया। इसके अलावा संस्थान ने QS Executive MBA Rankings 2026 में भी स्थान हासिल कर अपनी वैश्विक पहचान को मजबूत किया है। साथ ही एग्जीक्यूटिव एमबीए 2026-28 (समर बैच) के लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, फैकल्टी के मार्गदर्शन और इंडस्ट्री के साथ मजबूत साझेदारी का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी संस्थान अपने छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# बिजली पानी को लेकर भाजपा ने किया घड़ा फोड़ प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गढ़वा**। तपती गर्मी में भाजपा नेता और विधायक माथे पे घड़ा लेकर सड़कों पर नजर आए। जिले में पानी और बिजली की समस्या को लेकर प्रदेश बीजेपी की तरफ से प्रदर्शन किया गया है। बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही और गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के नेतृत्व जिला मुख्यालय के बाहर यह प्रदर्शन किया गया है। गढ़वा में प्रदेश बीजेपी की तरफ से पानी बिजली की समस्या को लेकर समाहरणालय का घेराव किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से हेमंत सरकार पर निशाना साधा गया। नेताओं ने अपने संबोधन में झारखंड में पानी और बिजली को लेकर हो रही समस्या को लेकर हेमंत सरकार को घेरने का काम किया। वहीं मीडिया से बात करने के दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की जनता पानी और बिजली की समस्या से त्राहिमाम है। वहीं दूसरी ओर अधिकारी और नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना जल मिशन को लेकर भानु प्रताप शाही ने झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि झारखंड में जल मिशन योजना देश में दूसरा राज्य बन गया है। जहां इस योजना में घोर भ्रष्टाचार हुआ है। इस योजना में मंत्री और अधिकारी पैसे की बंदरबांट किए हैं। पानी बिजली की समस्या पर भाजपा के प्रदर्शन को पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दिखावे की राजनीति बताया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधायक दो बार पूर्व में विधायक रह चुके हैं। विधायक कोटे से पेयजल सुविधा देने के नाम पर उन्होंने लूटने का काम किया है। मिथिलेश ठाकुर ने इस मामले को लेकर जांच करने की मांग की है। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि उनके मंत्री रहते राज्य में जल मिशन को लेकर 4 प्रतिशत से 54 प्रतिशत तक काम हुआ है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (ओपी)-I, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-ओपी-आरएनसी-आरआर-एचटीई-मूरी-26, दिनांक: 30.04.2026 (सहित संशोधनी संख्या 1, दिनांक : 04.05.2026)। कार्य का संक्षिप्त विवरण:** 02 वर्षों (730 दिनों) की अवधि के लिए हटिया एवं मूरी में रनिंग रूम की देखभाल एवं रखरखाव जिसमें शामिल हैं रनिंग रूम, हटिया में निवासियों के लिए भोजन (रियायती एवं गैर-रियायती) तैयार करना एवं परोसना तथा हटिया एवं मूरी दोनों में रनिंग रूम की सफाई एवं बागवानी। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,77,93,620.90। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,39,000। **निविदा बंद करने की तारीख और समय:** 21.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। (PR-128)

# विधायक ने जनता दरबार लगा लोगों की सुनीं समस्याएं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित डाकबंगला में बुधवार को वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनीता ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचें। जनता दरबार में लोगों ने विधायक का पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया। समाजसेवी विश्वनाथ यादव ने विधायक को एवं पूर्व मुखिया शकील अहमद ने पूर्व विधायक प्रदीप कुमार महतो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जनता दरबार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार, अंचलाधिकारी निशांत कुमार, जीविका की बीपीएम पूनम प्रजापति, बिजली विभाग के कनीय अभियंता अनिल कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के साथ ही अन्य कई विभाग के पदाधिकारी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि सभी विभागों में कार्य अपडेटेड हो। कोई काम लंबित नहीं हो। निर्धारित समय सीमा के अंदर लोगों का कार्य पूर्ण हो इसका पूरा ख्याल रखा जाए। सभी पदाधिकारी अपना ईमेल आईडी दें। कहा कि सभी योजनाएं एवं कार्यक्रम डिस्पले होना चाहिए ताकि लोग योजनाओं का लाभ उठा पाएं। कहा कि पदाधिकारी एवं कर्मी लोगों को सभी योजनाओं की जानकारी दें एवं जागरूकता अभियान चलाएं। इस बीच भगवानपुर के सुमंत कुमार ने समस्या रखते हुए कहा कि लगभग एक वर्ष पूर्व बिजली पोल गाड़ दिया गया है, जबकि ट्रांसफार्मर एवं तार नहीं लगाया गया है। परेशानी हो रही है। दत्तरौल गांव के जगदीश यादव ने ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। दत्तरौल के मो. अबु तलहा ने दत्तरौल में स्वास्थ्य केंद्र, पईन की सफाई एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय की मांग की। विश्वनाथ यादव ने वारिसलीगंज मोड़ के पास पईन का मुहाना के जाम रहने से होने वाली परेशानी को अवगत कराते हुए सफाई कराने की मांग उठाई। विशनपुर गांव के लोगों ने नल जल को ठीक करने एवं नाली पर दक्कन दिए जाने की मांग उठाई। विधायक ने बारी- बारी से सभी की समस्याओं को सुना। विधायक ने कहा कि हरेक माह जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं से रु-ब-रु होंगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रदीप कुमार महतो, पूर्व मुखिया शकील अहमद, विश्वनाथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि अनिल यादव, मो. जावेद, पूर्व मुखिया विजय यादव, प्रकाश यादव, प्रमोद यादव, राजद नेता धर्मेंद्र यादव, राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष रेयाज उद्दीन, परमेश्वर मंडल, कुलदीप यादव, जयराम यादव, संजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/751, दिनांकः 15.04.2026, जो पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा प्रकाशित की गई थी, इसमें निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3508–आर2 के लिए निविदा की अंतिम तिथि बढ़ाकर **11.05.2026 को 15.00 तक** की जाती है। निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। HWH-52/2026-27

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं. एएसएन/एडीवीटी/19/05** **दिनांक** : 04.05.2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग संख्या : एएसएन–एडीवीटी–19–05, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 19.05.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** निम्नानुसार हैंः **एए/1, एडीवीटी–एएसएन–एएसएनजे–ओएच–5–26–1** (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), आसनसोल मंडल के तहत 03 वर्ष की अवधि के लिए ओओएच नीति के तहत जामताड़ा स्टेशन के स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन (क्षेत्रफल–300 वर्गफीट)। **एए/2, एडीवीटी–एएसएन–एमएनएई–ओएच–186–26–1** (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), मानकर स्टेशन के स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 500 वर्गफुट के क्षेत्रफल में नॉन–डिजिटल विज्ञापन बोर्ड/होर्डिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन की प्रदर्शनी का अनुबंध। **एए/3, एडीवीटी–एएसएन–सीएएम–ओएच–184–26–1** (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), एमडीजेडटीआई/भूली, धनबाद में संलग्न स्केच प्लान के अनुसार गेट नं. 1 से 4 तक वाणिज्यिक विज्ञापन, कुल क्षेत्रफलः 4649.40 वर्गफुट (लंबाई–664.2 फुट और ऊँचाई–7 फुट)। **एए/4, एडीवीटी–एएसएन–एएसएन–ओएच–187–26–1** (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), आसनसोल रेलवे स्टेशन के अंतर्गत, स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया और आस–पास के क्षेत्र में मौजूदा खंभे पर, निर्धारित आकार और उपयुक्त स्थानों पर विज्ञापन बोर्ड लगाकर 03 वर्षों की अवधि के लिए व्यावसायिक विज्ञापन। प्रत्येक विज्ञापन बोर्ड का आकार 2.5 फुट * 4 फीट = 10 वर्ग फुट है। कुल क्षेत्रफल 740 वर्ग फुट है। **एबी/1, एडीवीटी–एएसएन–एएसएनजे–ओएसएन–145–26–1** (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), i) मौजूदा पार्सल कार्यालय के पास हावड़ा छोर पर फुट ओवर ब्रिज पर उपलब्ध कुल 800 वर्ग फुट का क्षेत्रफल। ii) मीडिया का प्रकारः ग्लो साइन/बैक लिट होर्डिंग्स/एलईडी फ्लैंज iii) मास्टर प्लान सफल बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किया जाना है और इसे स्थान पर उपलब्ध स्थान की व्यवहार्यता के अनुसार रेलवे अधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। iv) रेलवे की आवश्यकता के अनुसार स्थान में परिवर्तन किया जा सकता है क्योंकि स्टेशन के पुनर्विकास की योजना है। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के लिए संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है। ASN-54/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/754, दिनांकः 05.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई–टेंडर आमंत्रित किए जाते हैंः **क्रम सं. 1, निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3518, कार्य का नाम** : "एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस सं. 279/ए और 286ए तथा एईएन/कटवा के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस सं.7सी/ई पर नए संप, पंप हाउस, पंप कवर शेड और जल निकासी व्यवस्था के प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 23,07,752/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि)**: रु. 46,200/–, **क्रम सं. 2, निविदा संख्याः ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3533, कार्य का नाम** : "एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन एसएसई/ डब्ल्यू/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधिकार क्षेत्र में बतासपुर स्टेशन पर एफओबी के विस्तार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 22,88,419/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि)**: रु. 45,800/–, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 26.05.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें। HWH-51/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति बैठा धरने पर

## चौराहे पर बैठ शादी न करने की दे रहा नसीहत



*नवबिहार टाइम्स संवाददाता*

*हाजीपुर। शहर के राजेंद्र चौक पर मंगलवार को एक हैरान करने वाला मामला सामने आया, जहां एक व्यक्ति हाथ में पोस्टर लेकर बीच सड़क पर बैठ गया और अपनी पत्नी व ससुराल वालों पर गंभीर प्रताड़ना के आरोप लगाने लगा। यह व्यक्ति लगातार न्याय की गुहार लगाते हुए लोगों से शादी न करने की अपील भी करता नजर आया। पीड़ित की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के पताही निवासी शैलेश कुमार के रूप में हुई है। शैलेश का कहना है कि उसकी शादी वर्ष 2018 में हाजीपुर के पोखरा मोहल्ला निवासी पिंकी से हुई थी। शुरूआती समय में वैवाहिक जीवन सामान्य रहा, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई। आरोप है कि पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।*

*शैलेश ने बताया कि उसके पास पक्का मकान और अधिक आर्थिक संसाधन नहीं होने के कारण उसे लगातार ताने दिए जाते थे। उसका कहना है कि 2023 में उसने फैमिली कोर्ट में वैवाहिक विवाद को लेकर मामला भी दायर किया था, लेकिन कथित रूप से पत्नी के भाइयों के दबाव में आकर समझौता कर लिया गया।*

*पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि पत्नी ने अपने परिजनों और मोहल्ले के कुछ युवकों के साथ मिलकर उसकी पिटाई करवाई और उसे साझेदारी में चल रही दुकान से भी बाहर कर दिया गया। सबसे गंभीर आरोप यह है कि शादी के समय उसे यह नहीं बताया गया कि उसकी पत्नी की पहले भी एक शादी हो चुकी है।*

*शैलेश का कहना है कि उसकी पत्नी कई बार घर छोड़कर जा चुकी है और वह लगातार मानसिक तनाव में जी रहा है। इसी दर्द और आक्रोश के चलते उसने बीच सड़क पर बैठकर अपनी पीड़ा को सार्वजनिक किया और लिखा कि 'अच्छी पत्नी मिले तो जीवन स्वर्ग, गलत पत्नी मिले तो जीवन नरक बन जाता है।'*

*इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। मामला सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। शैलेश ने सरकार और प्रशासन से न्याय की मांग करते हुए कहा कि पुरुषों के लिए भी ऐसे मामलों में ठोस कानून और आयोग होना चाहिए, ताकि उनकी भी सुनवाई हो सके।*

# सड़क हादसे में चार कलाकारों की मौत, सात लोग घायल

## बारात से लौट रही थी आर्केस्ट्रा पार्टी, दो की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** शादी समारोह में रातभर लोगों का मनोरंजन करने के बाद लौट रही आर्केस्ट्रा पार्टी की टीम के लिए सफर जानलेवा साबित हुआ। सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह तेज रफ्तार आर्केस्ट्रा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का एक आर्केस्ट्रा ग्रुप छपरा शहर के छोटा ब्रह्मपुर इलाके में आयोजित एक शादी समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करने आया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी कलाकार वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान छपरा-रिविलगंज मुख्य मार्ग पर पीएन सिंह डिग्री कॉलेज के समीप तेज रफ्तार वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग दौड़ पड़े।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन काफी तेज गति में था। चालक संतुलन नहीं संभाल सका, जिसके बाद गाड़ी सड़क पर पलट गई। हादसे की तीव्रता इतनी अधिक थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार कई लोग अंदर ही फंस गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को बाहर निकाला।

घटना की सूचना मिलते ही भगवान बाजार थाना पुलिस, एसडीपीओ तथा वरीय पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। इसी बीच संयोगवश वहां से गुजर रही आईटीबीपी की एक प्लाटून ने भी मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए राहत कार्य में सहयोग किया। जवानों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने, भीड़ नियंत्रित करने तथा यातायात सामान्य कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हादसे में मृतकों की पहचान अवधेश ग्वाल, सोनी देवी, राहुल कुमार तथा प्रीति देवी के रूप में हुई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घायल दिलीप कुमार, शिवम कुमार, श्याम वीर, संगीता देवी, मनोज कुमार समेत अन्य लोगों का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कई घायलों के शरीर में गंभीर चोटें और हड्डियां टूटने की पुष्टि हुई है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है।

# पंचायतों में जनगणना कार्यक्रम सफलतापूर्वक हो रहा क्रियान्वित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड के काजीचक पंचायत स्थित भारत की जनगणना 2027 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार एवं प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी उपेंद्र कुमार के कुशल संयोजन में प्रथम चरण के कार्यक्रमों को पर्यवेक्षक अख्तर खान के नेतृत्व में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है।

पर्यवेक्षक ने अपने अधीन प्रगणकों को हौसला बढ़ाने वास्ते उनके गणना ब्लॉक में जाकर गणना कर रहे प्रगणकों को विशेष दिशा निर्देश दिया।इस क्रम में वे सतुआही ग्राम गणना ब्लॉक 110 एवं 111 में कार्य कर रहे प्रगणक सुरेश कुमार,शमा प्रवीण, उपेंद्र कुमार, शिक्षिका अंजना कुमारी के गरिमामई उपस्थिति में गणना का कार्य अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा निर्देश दिया गया कि इस कार्य को सभी प्रगणक समय से पूरा करें एवं कोई लापरवाही न बरतें।

# जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में सात मामलों की हुई समीक्षा

## मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुग्रह-अनुदान एवं सरकारी सेवा में नियोजन से संबंधित जिला अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान कुल 07 मामलों की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने सभी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने एवं रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ पूर्ण किया जाए तथा पात्र आश्रितों को नियमानुसार लाभ प्रदान किया जाए।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी दिपेश कुमारी, पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि कर रूप में डीएसपी मुख्यालय अखिल कुजूर, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी शिशिर कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम, जिला कोषागार पदाधिकारी शिवकुमार सिंह, सामान्य शाखा पदाधिकारी कोमल कुमारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 'बिहार में गांधी' पुस्तक का लोकार्पण

## गांधी की सत्य अहिंसा आज भी प्रासंगिक : अंजनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गांधी विचार मंच,सर्वोदय समाज बिहार के संयुक्त तत्वाधान में बिहार संग्रहालय पटना में अंजनी कुमार सिंह महानिदेशक बिहार संग्रहालय के अध्यक्षता में बिहार में गांधी नामक पुस्तक का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण गांधी विचार मंच के संयोजक डॉ मनोज,डॉ देशराज वर्मा, बिहार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, अशोक कुमार सिंह, अपर निदेशक ,बिहार संग्रहालय, मनोज मीता, राजीव कुमार,एवं बापू टावर के सहायक निदेशक ललित कुमार सिंह, डॉ प्यारेलाल के कर कमलों से संपन्न हुआ।

समारोह का संचालन डॉ प्यारेलाल,स्वागत भाषण प्रमोद कुमार शर्मा,विषय प्रवेश डॉ मनोज, पुस्तक की समीक्षा राजीव कुमार,ओम प्रकाश ,सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार,डॉ कृष्ण कुमार सिंह, सुनील कुमार,चंद्र भूषण,जनाब उमर अंसारी,आदि ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि मैं साबरमती आश्रम का जीर्णोद्धार का सदस्य हूं,और मुझे मालूम है कि गांधी जी साबरमती आश्रम के लिए 112 एकड़ जमीन की खरीद किया। अब उस आश्रम में गांधी जी का जीवंत पर आधारित फिल्म आदि बनाने का कार्य चल रहा है।

लोकार्पण समारोह में सीमा कुमारी, अंकिता, ऋतु, चितरंजन, राम यत्न यादव,मनोरंजन,डॉ रश्मि कुमारी,डॉ सौरभ, मुख्तरूल हक,श्रीकांत,विजय कुमार सिंह,पटना सिटी, ई सत्येंद्र कुमार,जौहर साहब,रचना प्रियदर्शी, रूपा,डॉ चंद्र शेखर आजाद,राकेश कुमार,डॉ सूर्य भानु राय, संध्या राय,धर्मेंद्र कुमार आदि ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

# पीड़ित परिजनों को मिली मुआवजा राशि

## वज्रपात से हो गयी थी तीन बच्चों की मौत

### मंत्री संतोष कुमार सुमन ने घटना पर जताया दुख



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** नगर परिषद क्षेत्र के जोगापुर गांव में वज्रपात की दर्दनाक घटना में तीन बच्चों की मौत के बाद प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की गई। बुधवार सुबह मंत्री संतोष कुमार सुमन, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार मांझी तथा शेरघाटी अंचलाधिकारी उषा कुमारी के नेतृत्व में मृतक बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि का चेक सौंपा गया।

इस दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। अंचलाधिकारी उषा कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाली सहायता राशि तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराई गई है, ताकि पीड़ित परिवारों को इस कठिन समय में आर्थिक सहारा मिल सके।

मंत्री संतोष कुमार सुमन ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक रहने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और भविष्य में भी हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

ज्ञात हो कि सोमवार को आए तेज आंधी-तूफान के दौरान जोगापुर गांव में वज्रपात की घटना हुई थी, जिसमें तीन मासूम बच्चों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# ट्रेन से गिरकर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले से एक दर्दनाक रेल हादसे की खबर सामने आई है, जहां ट्रेन से गिरने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार देर शाम मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेलखंड के सीहो स्टेशन के पास हुई। हादसे की सूचना मिलते ही रेल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान 45 वर्षीय मुकेश कुमार सिंह के रूप में हुई है, जो एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में फेब्रिकेटर के पद पर कार्यरत थे। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल मुकेश को रेल पुलिस ने ट्रैक के पास से उठाकर तुरंत इलाज के लिए मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मुकेश कुमार सिंह हाल ही में एक पारिवारिक शादी में शामिल होने के लिए घर आए थे। परिजनों के मुताबिक, शादी समारोह समाप्त होने के बाद वह बरौनी जाने के लिए मुजफ्फरपुर से ट्रेन में सवार हुए थे। यात्रा के दौरान ही वह अचानक ट्रेन से गिर गए, जिससे उनका हाथ और पैर गंभीर रूप से कट गया और वे बुरी तरह घायल हो गए।

# गठबंधन के वोट बिखराव से ही भाजपा की हुई जीत : प्रो विजय कुमार मिट्ठू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम की गहन समीक्षा के उपरांत यह बात सामने आयी कि पश्चिम बंगाल, आसाम एवं पांडिचेरी में आई एन डी आई ए गठबंधन के वोट के बिखराव का सीधा लाभ भाजपा को मिली , जिससे भाजपा की जीत सुनिश्चित हुई है। बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, मोहम्मद शाहिद इमाम, मुन्ना मांझी आदि ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कॉंग्रेस एवं सी पी आई एम लगभग आठ प्रतिशत वोट को त्रिमूल कॉंग्रेस के 41 प्रतिशत में जोड़ने पर गठबंधन को 49 प्रतिशत वोट होता है, जो भाजपा के वोट से लगभग चार प्रतिशत ज्यादा है। उसी प्रकार आसाम में भी कॉंग्रेस एवं वहां के क्षेत्रीय सेकुलर पार्टी के वोट को मिलने से भाजपा के वोट प्रतिशत से ज्यादा होता है। कमोवेस यही स्थिति पांडिचेरी में भी है।

नेताओं ने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुरू से ही आईएनडीआईए गठबंधन के एकजुटता की वकालत करते आ रहे हैं, परंतु गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दल इनके बातों को गंभीरता पूर्वक नहीं लेते हुए सत्ता की लालच में अलग चुनाव लड़ कर भाजपा को फायदा पहुंचाने का काम किया है। नेताओं ने कहा कि सम्पूर्ण देश में धर्मवाद, राष्ट्रवाद का हवा खड़ा कर आमजनों को गुमराह करने तथा संवैधानिक संस्थानों चुनाव आयोग, सीबीआई, इडी को अपने हाथ की कठपुतली बना कर केंद्र सरकार के इशारे पर संविधान, लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ाने का काम किया जा रहा है।

# लव मैरिज के बाद नाबालिग दुल्हन ससुराल से लापता, हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले के कमतौल थाना क्षेत्र से एक संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां प्रेम विवाह करने वाली एक नाबालिग छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल से लापता हो गई है। परिजनों ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है और पति सहित ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा ने अपने 12वीं में पढ़ने वाले प्रेमी राजन कुमार के साथ 22 दिसंबर 2025 को घर से भागकर शादी कर ली थी। इसके बाद वह ससुराल में रहने लगी। पीड़िता के दादा का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष की ओर से दहेज में 4 लाख रुपये नकद और चार भर सोने के गहनों की मांग की जाने लगी।

परिजनों का कहना है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर 14 अप्रैल को लड़की के साथ मारपीट की गई। इसके दो दिन बाद, यानी 16 अप्रैल से वह अचानक लापता हो गई। परिजनों ने यह भी दावा किया है कि लड़की गर्भवती थी, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। करीब 20 दिनों से कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने हत्या की आशंका जताई है।

# सरकार ने दो जर्जर पुलों को किया बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के भागलपुर में विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने की घटना के बाद अब जमुई जिला प्रशासन सतर्क मोड में नजर आ रहा है। संभावित खतरे को देखते हुए प्रशासन ने खैराझसोनो मुख्य मार्ग पर स्थित नरियाना और मांगोबंदर पुलों को एहतियातन बंद कर दिया है। बुधवार से इन पुलों पर छोटे और बड़े सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है।

प्रशासन के अनुसार, ये दोनों पुल पिछले करीब पांच वर्षों से जर्जर स्थिति में थे और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। इसी को ध्यान में रखते हुए सख्त कदम उठाते हुए पुलों के दोनों ओर जेसीबी मशीन से गड्ढे खोद दिए गए हैं, ताकि कोई भी वाहन जबरन पार न कर सके। हालांकि, स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए नदी के रास्ते अस्थायी डायवर्सन बनाया गया है, जिससे किसी तरह आवागमन जारी रखा जा सके। इस फैसले का सीधा असर खैरा प्रखंड के कई गांवों पर पड़ा है। नरियाना, चाचो, हरदी मोह, मांगोबंदर, बाघाखाड़, निजुआरा और मौरा समेत दर्जनों गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क लगभग कट गया है। खासकर मांगोबंदर पुल बंद होने के कारण लोगों को अब गिद्धौर और झाझा होकर करीब 60 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय के साथ-साथ यात्रा खर्च भी बढ़ गया है।

ग्रामीणों की चिंता आने वाले मानसून को लेकर और बढ़ गई है। उनका कहना है कि नदी में जलस्तर बढ़ने पर यह अस्थायी डायवर्सन बह सकता है, जिससे संपर्क पूरी तरह समाप्त हो जाएगा और हालात और गंभीर हो सकते हैं। खैरा प्रखंड विकास पदाधिकारी शेखर सुमन ने बताया कि वर्ष 2021-22 में ही इन पुलों को जर्जर घोषित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# आरआईटीएम में हुआ रामकृष्ण मिशन के महेश्वरानंद जी महाराज का आगमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फारबिसगंज।** रुंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट फारबिसगंज परिसर में स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज का आगमन हुआ। रामकृष्ण मिशन, कटिहार के सचिव स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज ने अपने इस दौरे के दौरान संस्थान में चल रहे शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने स्मार्ट क्लासरूम, निमार्णाधीन प्रयोगशालाओं, आधुनिक कंप्यूटर लैब, डिजिटाइज्ड पुस्तकालय तथा इंजीनियरिंग वर्कशॉप्स के विकास कार्यों की प्रगति को देखा और संस्थान द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना की। स्वामी जी ने परिसर के अनुशासित वातावरण, सकारात्मक शैक्षणिक माहौल एवं संस्थान की दूरदर्शी योजनाओं पर संतोष व्यक्त किया।



अपने आशीर्वचन में उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, आत्मविकास एवं समाज के समग्र उत्थान का आधार है। उन्होंने संस्थान परिवार को समर्पण, अनुशासन एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. राशिद हुसैन, एमडीएमएस के निदेशक डॉ. संजय प्रधान सहित अन्य पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मियों ने उनका हार्दिक स्वागत किया एवं संस्थान की वर्तमान गतिविधियों, शैक्षणिक योजनाओं तथा आधारभूत संरचना के विस्तार से संबंधित कार्यों की जानकारी साझा की। संस्थान के चेयरमैन महाबीर प्रसाद रुंगटा ने अपने वक्तव्य में कहा आरआईटीएम का उद्देश्य सीमांचल के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करना है। हम आधुनिक तकनीकी संसाधनों, अनुभवी संकाय एवं सुदृढ़ शैक्षणिक ढांचे के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं।उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान आने वाले समय में तकनीकी, प्रबंधन एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे सीमांचल के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही उच्चस्तरीय शिक्षा उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों एवं कर्मियों ने स्वामी जी के मार्गदर्शन को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए संस्थान की गुणवत्ता उन्नयन हेतु समर्पित रहने का संकल्प दोहराया। स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज के आगमन से संस्थान परिवार में उत्साह एवं नई ऊर्जा का संचार हुआ।

# 3200 घूस लेते पर्यवेक्षिका धरायी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड में बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को ब्यूरो की टीम ने आंगनवाड़ी महिला पर्यवेक्षिका (एलएस) सुषमा कुमारी को 3200 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मच गया। मामले की शुरूआत नगरनौसा क्षेत्र के कंचन भवन वन, केंद्र संख्या 28 की सेविका बेबी कुमारी की शिकायत से हुई। उन्होंने निगरानी ब्यूरो को लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया था कि पर्यवेक्षिका सुषमा कुमारी पोषाहार पंजी में हस्ताक्षर करने और अन्य जरूरी सरकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के बदले रिश्वत की मांग कर रही हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपित ने कुल 15,747 रुपये की राशि का 20 प्रतिशत हिस्सा कमीशन के रूप में मांगा था। इतना ही नहीं, हर महीने 3200 रुपये अतिरिक्त नजराना देने का भी दबाव बनाया जा रहा था। लगातार हो रही इस मांग से परेशान होकर सेविका ने निगरानी विभाग का दरवाजा खटखटाया।

शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने पूरे मामले का गुप्त सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक शशि शेखर चौधरी के नेतृत्व में सात सदस्यीय विशेष टीम गठित की गई। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और बुधवार को जैसे ही सेविका ने तय रकम सुषमा कुमारी को सौंपी, पहले से तैयार टीम ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया।इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार सहित कई अधिकारी शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद टीम ने नगरनौसा स्थित उनके आवासीय परिसर में ही आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद आरोपी को आगे की पूछताछ और कार्रवाई के लिए पटना ले जाया गया।

# बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम के लिए गांधी मैदान सज-संवर कर तैयार : संजय सरावगी

## शपथ ग्रहण समारोह के लिए एनडीए के दिग्गज नेताओं का पटना आगमन शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में कल यानी गुरुवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होने जा रहा है। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। इसके अलावा कई केंद्रीय मंत्री और एनडीए के प्रमुख नेता भी मौजूद रहेंगे।

बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज इस शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार के साक्षी बनेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा समेत अनेक नेता कार्यक्रम में आएंगे। इस दौरान, एनडीए के नेता भी शामिल होंगे, जिनमें नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी भी शामिल हैं। बिहार एनडीए के सभी सांसद और राज्य से आने वाले केंद्रीय मंत्री भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के बिहार दौरे को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों में जबरदस्त उत्साह है। यह माहौल पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता और नेतृत्व पर जनता के भरोसे को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के स्वागत में सड़कों पर भी लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर एक बड़े स्तर पर तैयारी की जा रही है। शपथ ग्रहण का भव्य समारोह होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि इस शपथ ग्रहण समारोह को लेकर ऐतिहासिक गांधी मैदान को सजाया संवारा जा रहा है। गांधी मैदान में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक विशाल मंच का निर्माण किया जा रहा है और कार्यक्रम के सुचारू संचालन और जनता को असुविधा से बचाने के लिए प्रमुख स्थानों पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। पटना में शपथ ग्रहण समारोह के लिए कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों द्वारा जगह-जगह पोस्टर भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने वाले एनडीए के दिग्गज नेताओं का पटना में आगमन शुरू हो गया है। समारोह में भाग लेने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव, राज्यसभा सांसद और बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े आज पटना पहुंचे। पटना के जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन को लेकर हवाई अड्डे से लेकर गांधी मैदान तक पूरे शहर को झंडों और बैनरों से सजाया गया है। उनके स्वागत में विभिन्न स्थानों पर तोरण द्वार बनाए गए हैं। कार्यक्रम की योजना को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ समन्वय किया जा रहा है।

### भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विधानसभा अध्यक्ष ने की बैठक

# अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में निर्माणाधीन बिहार विधान सभा संग्रहालय के संबंध में भवन निर्माण विभाग एवं सभा सचिवालय के वरीय अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में बिहार विधान सभा संग्रहालय के निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। इस संग्रहालय में 5 गैलरी एवं ऑडिटोरियम होंगे। गैलरी में बिहार विधान सभा के इतिहास को प्रदर्शित किया जायेगा। भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता शशि कांत ने अध्यक्ष को बिहार विधान सभा संग्रहालय के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में अद्यतन जानकारी दी। तत्पश्चात अध्यक्ष ने निर्माण स्थल का भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माणाधीन संग्रहालय का 3 क प्रेजेंटेशन बनाकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने निर्माण कार्य की समीक्षा की जायेगी। साथ ही उन्होंने निर्माण स्थल पर संग्रहालय के निर्माणाधीन होने से संबंधित एक प्रदर्श बोर्ड लगाने का निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2) की छमाही समीक्षा बैठक का आयोजन जल भवन, पटना स्थित कार्यालय सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय भूजल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना के क्षेत्रीय निदेशक एवं समिति अध्यक्ष राजीव रंजन शुक्ला ने की। इस अवसर पर राजभाषा कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। बैठक में पटना शहर स्थित केंद्र सरकार के 31 कार्यालयों के अधिकारियों ने भाग लिया और राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रगति की समीक्षा की गई। क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय से उपनिदेशक, पूर्व क्षेत्र, कोलकाता विवित्र सेन गुप्त भी इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में सदस्य सचिव सत्येन्द्र कुमार, वैज्ञानिक 'ग' ने राजभाषा हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया। रिपोर्ट को संतोषजनक बताया गया। हालांकि कुछ कार्यालयों में सुधार की आवश्यकता भी रेखांकित की गई। उपनिदेशक विवित्र सेन गुप्त ने राजभाषा हिंदी के प्रगति से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तार से जानकारी दी और उपस्थित अधिकारियों के प्रश्नों का उत्तर दिया। अध्यक्ष राजीव रंजन शुक्ला ने अपने संबोधन में सभी कार्यालयों को हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए वर्ष 2026-27 के वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जो कार्यालय कार्यशालाओं का आयोजन करते हैं, वे अन्य कार्यालयों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर राजीव रंजन शुक्ला ने विवित्र सेन गुप्त को कार्यालय की छमाही पत्रिका 'भूजल दर्पण' भेंट की। साथ ही उनकी काव्य रचना 'प्रकृति की गूंज' का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत संबोधन सीपर्णा नायक, वैज्ञानिक 'ख' सह सदस्य सचिव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन दिव्या कुजूर, सहायक भूजल वैज्ञानिक सह सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन की जानकारी अधिकारी सर्वेक्षक एवं प्रभारी राजभाषा निर्मल कुमार द्वारा दी गई।

# रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर विधानसभा अध्यक्ष ने किया याद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रख्यात बांग्ला कवि, विद्वान, उपन्यासकार, नाटककार, मानवतावादी और दार्शनिक रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर विश्व साहित्य के उन महान रचनाकारों में से एक हैं जिनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनकी प्रसिद्ध कृति गीतांजलि के लिए उन्हें वर्ष 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था जिससे वे यह सम्मान पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय बने। उन्होंने कहा कि टैगोर केवल साहित्यकार ही नहीं, बल्कि एक महान विचारक और राष्ट्रप्रेमी भी थे। भारत के राष्ट्रगान जन गण मन तथा बांग्लादेश के राष्ट्रगान आमार शोनार बांग्ला की रचना कर उन्होंने दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया। डॉ. प्रेम कुमार ने आगे कहा कि टैगोर की कविताएं, लघु कथाएं, गीत (रवींद्र संगीत), नाटक और उपन्यास आज भी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में प्रेरणा का स्रोत हैं। ब्रिटिश शासन के प्रखर आलोचक रहे गुरुदेव ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में नाइटहुड की उपाधि त्यागकर अपनी असाधारण राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर का व्यक्तित्व और कृतित्व आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

# न्याय सिर्फ हो ही नहीं, दिखना भी चाहिए : मुख्य सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा सरकारी सेवक से जुड़े प्रकरण में न्याय जांच और प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी के सर्वोत्तम प्रयास और क्षमता की कसौटी पर होनी चाहिए। साथ ही मामले में न्याय का दिखना भी जरूरी है। मुख्य सचिव बुधवार को मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय के सभागार में विभागीय गतिविधि संबंधी वेबसाइट के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने हाल के दिनों में निदेशालय की ओर से राज्य भर के प्रशासनिक पदाधिकारियों को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के अनुप्रयोग संबंधी प्रशिक्षण दिए जाने पर बधाई दी। कहा कि महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह और उनकी टीम के परिश्रम का ही परिणाम है कि हाल के फरवरी-मार्च में शुरू प्रशिक्षण में अभी तक साढ़े तीन हजार से अधिक प्रशासनिक पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इससे सरकारी सेवकों के खिलाफ दर्ज होने वाले मामलों में नैसर्गिक न्याय का रास्ता साफ होगा। मुख्य सचिव ने अभिलेखों के रख-रखाव की व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेन्दर और विभागीय टीम को शुभकामना दी। कहा कि विभाग का यह प्रयास भविष्य में प्रशासनिक पदाधिकारी और कर्मचारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने मुख्य सचिव को बताया कि नैसर्गिक न्याय की दिशा में निदेशालय ने अभी तक 3507 प्रशासनिक पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया है। इसमें मुख्य रूप से विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव स्तर पर 42 और पटना में तैनात विशेष सचिव स्तर तक के 95 आईएएस अधिकारियों को अनुशासनिक कार्रवाई के संबंध में प्रशिक्षित किया जा चुका है। कहा कि जिन पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई है, उनकी परीक्षा भी ली जा रही है। श्री सिंह ने बताया कि जिलों में पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किए जाने और उनकी परीक्षा लिए जाने की दिशा में प्रशिक्षकों का समूह तैयार किया जा रहा है। इसमें सहयोग के लिए निदेशालय ने वेबसाइट बनाया है। इस वेबसाइट पर अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित सभी पुस्तकों को अपलोड किया जा चुका है। उन्होंने मुख्य सचिव पर निदेशालय से प्रकाशित पुस्तकों का सेट भी भेंट किया। इससे पहले सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, गृह विभाग के जांच आयुक्त-सह-अपर प्रमुख सचिव अरविंद कुमार चौधरी, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, वित्त विभाग के सचिव रचना पाटिल के साथ सामान्य प्रशासन विभाग एवं मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भव्य अभिनंदन समारोह 15 जून को पटना में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सम्राट अशोक फाउंडेशन के अध्यक्ष निरंजन कुशवाहा पप्पू ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भव्य अभिनंदन समारोह 15 जून को पटना के बापू सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के समता फुले परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन भुजवल साहब भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने कहा कि यह कार्यक्रम बिहार के विकास और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और आम जनता शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यों और उनकी नेतृत्व क्षमता का सम्मान करना है। यह सब जानकारी मीडिया प्रभारी संजय भूषण पटियाला ने दी।

# निगरानी जज मोहम्मद रुस्तम बने सीबीआई के विशेष न्यायाधीश

## तीन साल में निगरानी के लगभग 320 मामलों का किया निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने आज अपना पदभार सौंपते हुए पटना में ही सीबीआई की अदालत संख्या दो के विशेष जज के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। भोजनावकाश तक आज निगरानी की विशेष अदालत में काम करने के बाद विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने अदालत की दूसरी पाली में निगरानी की अदालत का पदभार नए विशेष न्यायाधीश अतुल कुमार सिंह को सौंप दिया। हाल ही में सरकार ने पटना उच्च न्यायालय के मंतव्य के बाद मोहम्मद रुस्तम को पटना स्थित सीबीआई की अदालत संख्या दो का विशेष न्यायाधीश बनाया गया है जबकि पटना के ही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल कुमार सिंह को निगरानी का विशेष न्यायाधीश बनाए जाने की अधिसूचना जारी की गई थी। निगरानी जज के रूप में मोहम्मद रुस्तम ने 24 जुलाई 2023 को पदभार ग्रहण किया था एवं गत तीन वर्षों में निगरानी के पुराने तथा ट्रैप के मामलों की लगातार सुनवाई कर 05 मई 2026 तक लगभग 320 मामलों का रिकॉर्ड निष्पादन किया। निगरानी ट्रैप के प्रभारी विशेष लोक अभियोजक किशोर कुमार सिंह ने बताया कि निष्पादित लगभग 60 मामलों में रिश्वतखोर सरकारी कर्मचारियों को सजा सुनाई गयी। उन्होंने आगे बताया कि राज्य में ट्रैप के मुकदमों में अब तक का सबसे चर्चित एवं बड़ा मामला स्पेशल 23 /2019 था जिसमें निगरानी टीम ने पथ निर्माण विभाग पटना के कार्यपालक अभियंता सुरेश प्रसाद और कैशियर शशि भूषण प्रसाद को 14 लाख रुपए की रिश्वत के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए विशेष जज मो. रुस्तम ने कार्यपालक अभियंता को चार वर्षों की कठोर कैद के साथ पांच लाख रूपए के अर्थ दंड तथा कैशियर को 4 वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के अलावा दो लाख रुपए का जुर्माना भी किया था। आज बुधवार को मोहम्मद रुस्तम को निगरानी के विशेष लोक अभियोजकों एवं निगरानी की विशेष न्यायालय के कर्मियों ने भावभीनी विदाई दी।

# दानापुर मंडल में वित्तीय वर्ष में टिकट जांच अभियान में पांच करोड़ नौ लाख की वसूली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** वर्ष 2026-27 में अप्रैल माह से 05 मई 2026 तक के दौरान कुल 90,93,980 अनाधिकृत/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे कुल पांच करोड़ नौ लाख तिरेसठ हजार नौ सौ छियासठ रुपये की वसूली की गई। दानापुर मंडल द्वारा टिकट जांच अभियान में 06 मई 2026 तक उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है। पिछले वर्ष के मई माह की तुलना में इस वर्ष टिकट जांच के मामलों में 28.5% तथा वसूली गई राशि में 26.4% की वृद्धि दर्ज की गई है। यात्रियों में टिकट नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा बिना टिकट/अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंडल द्वारा नियमित रूप से फोर्ट्रिस चेक, मजिस्ट्रेट चेक तथा लाल गाड़ी टिकट जांच अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्रियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। दानापुर मंडल यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा के दौरान वैध टिकट के साथ यात्रा करें तथा रेलवे नियमों का पालन करें, ताकि सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

# समस्तीपुर-बेगूसराय के पांच निजी आइटीआइ में अनियमितताएं उजागर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग द्वारा राज्य में संचालित निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (निजी आईटीआई) की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इसी क्रम में 5 और 6 मई को अलग-अलग गठित दो सदस्यीय टीम ने समस्तीपुर एवं बेगूसराय जिलों के 5 निजी आईटीआई संस्थानों का औचक निरीक्षण कर संस्थान में कई गंभीर अनियमितताएं और नियमों के उल्लंघन के मामले पकड़े हैं। निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर जिले के आदित्य राज निजी आईटीआई, आरएन निजी आईटीआई एवं सुशीला ठाकुर निजी आईटीआई की जांच की गई। औचक निरीक्षण दौरान आरएन निजी आईटीआई को पूरी तरह से बंद पाया गया। वहीं आदित्य राज और सुशीला ठाकुर आईटीआई संस्थान में एक भी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित नहीं थे और प्रशिक्षकों की उपस्थिति भी तय मानक से काफी कम पाई गई। यह प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर बड़े सवाल खड़े करती है। साथ ही इन दोनों संस्थानों में मानक के अनुरूप मशीन और उपकरण भी नहीं पाए गए। उधर बेगूसराय जिले में सुन्दरी प्यारी निजी आईटीआई एवं दीक्षांत निजी आईटीआई का भी औचक निरीक्षण किया गया। यहां भी स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। सुन्दरी प्यारी आईटीआई और दीक्षांत आईटीआई में भी प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षकों की संख्या अत्यंत कम पाई गई। इसके अलावा इन दोनों संस्थानों में मशीन एवं उपकरण भी मानक के अनुरूप नहीं पाए गये। जांच के क्रम में यह भी सामने आया कि नियमों की अनदेखी करते हुए दीक्षांत आईटीआई में एक निजी विद्यालय का भी संचालन किया जा रहा है।

# गाड़ी सं. 13419/20 भागलपुर-मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस का परिचालन एलएचबी रेक द्वारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** भागलपुर और मुजफ्फरपुर के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 13419/13420 भागलपुर-मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस के आईसीएफ रेक को एलएचबी रेक में परिवर्तित किया जा रहा है। 16.05.2026 से भागलपुर एवं मुजफ्फरपुर से इस ट्रेन का परिचालन एलएचबी रेक द्वारा किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है। स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच पारंपरिक कोच की तुलना में वजन में हल्का और मजबूत होता है। कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग लगे होने से संरक्षा में वृद्धि होती है। एंटी क्लाइम्बिंग विशेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती है। कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं। फलस्वरूप एलएचबी कोच युक्त ट्रेनों से यात्रा अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित व आरामदायक होती है।

# ग्रामीण कार्य विभाग में तेजी के लिए योजनावार निविदा प्रणाली लागू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के तीव्र विकास के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में विगत 29 अप्रैल को संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग की प्रमुख योजनाओं मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के प्रावधानों में आवश्यक संशोधनों को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय राज्य के सुदूर एवं अब तक संपर्क-विहीन रहे ग्रामीण अंचलों को समयबद्ध तरीके से पक्की सड़कों एवं पुलों से संपर्कता प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। नए प्रावधान के अनुसार मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के अंतर्गत अब सभी निर्माण कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया योजनावार आमंत्रित की जाएगी। विभाग का लक्ष्य मोबाइल ऐप आधारित सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हित 100 या उससे अधिक आबादी वाले सभी असंपर्कित टोलों एवं बसावटों को अतिशीघ्र बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ना है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बाजार तक पहुंच में अभूतपूर्व सुधार होगा और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के प्रावधानों में भी संशोधन किया गया है। गौरतलब है कि पूर्व में कार्यों को प्रमंडल या अनुमंडल स्तर पर पैकेज बनाकर निविदाएं आमंत्रित की जाती थी जिसके कारण निर्माण कार्यों में विलंब होता था।

# इस्ट सेंट्रल रेलवे हायर सेकेंड्री स्कूल, दानापुर में जागरूकता कार्यक्रम 'पुलकित पंख' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में ईस्ट सेंट्रल रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, दानापुर में मेन्सुट्रुअल हाइजीन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम 'पुलकित पंख का आयोजन किया गया जिसका थीम वाक्य था - आत्मविश्वास को बढ़ावा दें। कार्यक्रम में संबंधित विषय को मनोरंजक ढंग से छात्राओं को समझाने के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्म, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मासिक धर्म विषय पर डॉ. श्रेया झा ने सभी छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी, शारीरिक तथा मानसिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए उचित परामर्श दिया तथा इससे संबंधित सभी भ्रांतियों का निवारण किया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने सभी छात्राओं से इस विषय पर बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर उनके मन से संकोच और भय को दूर किया तथा नए आत्मविश्वास का संचार किया। साथ ही इस रेलवे स्कूल में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का उद्घाटन पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के शुभ हाथों से किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन, दानापुर की अध्यक्षा निशी देव भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम के समापन पर 150 से अधिक छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन तथा फूड पैकेट वितरित किया गया। इस अवसर पर संगठन की सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्षा पूनम श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह तथा कार्यकारिणी की सभी सदस्याएं तथा महिला कल्याण संगठन, दानापुर की कार्यकारिणी की सभी सदस्याएं उपस्थित थीं।

# प.बंगाल में मशीनरी मैनेजमेंट से जनादेश की चोरी की गई : एजाज अहमद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अब अपना नाम बदलकर 'भारत झालमुड़ी पार्टी' रख देना चाहिए। चुनाव परिणाम के बाद जिस तरह से झालमुड़ी का प्रचार प्रसार भाजपा के द्वारा किया जा रहा है इससे स्पष्ट होता है कि वह मुद्दों से ध्यान भटका कर जीत के परिणाम को अलग से दिखाना चाहती है जबकि पश्चिम बंगाल के चुनाव में मशीनरी मैनेजमेंट के माध्यम से जनादेश की 'चोरी' की गई है।

# जिलाधिकारी ने किया करपी प्रखंड अंतर्गत परियारी पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अरवल।** जिलाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा करपी प्रखंड अंतर्गत परियारी पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी 19 मई को आयोजित होने वाले 'सहयोग शिविर' हेतु चयनित स्थल का जायजा लेना था। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायत सरकार भवन की भौतिक व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों एवं मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया तथा शिविर के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने 'सहयोग शिविर' के लिए प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का निष्पादन शिविर के आयोजन से पूर्व, अर्थात 19 मई तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिविर के दौरान अधिकतम मामलों का समाधान प्रस्तुत किया जा सके।

# संपादकीय

## कहीं सत्ता पलटी, कहीं भरोसा बरकरार, बदल रहा है जनता का राजनीतिक मूड

कहा जा सकता है कि इन चुनावों में भाजपा ने जहां पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में जीत हासिल कर अपनी उपस्थिति साबित की है, वहीं कांग्रेस भी केरल की जीत को अपनी बड़ी उपलब्धि बता सकती है।चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनावों के जैसे नतीजे सामने आए हैं, उनसे साफ है कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में जहां मतदाताओं ने बदलाव के पक्ष में मतदान किया, वहीं असम और पुडुचेरी में लोगों ने मौजूदा सरकार पर भरोसा कायम रखा। इसमें चौंकाने वाले नतीजे तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से आए, जहां चुनाव प्रचार के क्रम में बहुस्तरीय उतार-चढ़ाव के बावजूद लोगों के लिए यह अंदाजा लगा पाना मुश्किल था कि सत्ताधारी पार्टियों का प्रदर्शन बेहद कमजोर हो सकता है। इन राज्यों में इतने बड़े उलटफेर की उम्मीद कम ही लोगों ने की थी।दरअसल, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार के प्रति दिखने वाला जनसमर्थन चुनाव और मतदान के मोर्चे पर उलट नतीजे देने वाला साबित हुआ। हालांकि राज्य में भाजपा ने जीत के लिए जिस स्तर पर जाकर मेहनत की, मतदाताओं के वोट अपने पक्ष में लाने के लिए एक व्यापक रणनीतिक राजनीति पर काम किया और यहां तक भावनात्मक मुद्दों का भी सहारा लिया, उसका साफ असर मतगणना और नतीजों पर दिखा। जाहिर है, लंबे समय के बाद अब पश्चिम बंगाल एक और सत्ता परिवर्तन का गवाह बन रहा है, जहां विचारधाराओं का सफर क्रमशः बदलता दिखा है।वहीं तमिलनाडु में एमके स्टालिन के नेतृत्व वाले द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) को लेकर बहुत कम लोगों ने यह अंदाजा लगाया होगा कि चुनाव के परिणाम में उसकी स्थिति इस कदर खराब रहेगी। गौरतलब है कि फिल्मों की दुनिया से तमिलनाडु की राजनीति में आकर हाल के वर्षों में उभरे और अपने प्रशंसकों के बीच थलापति के नाम से मशहूर जोसेफ विजय ने अपने पहले ही चुनाव में राज्य की राजनीति में बीते कुछ सालों से एकछत्र राज करने वाले नेता एमके स्टालिन और उनकी पार्टी द्रमुक को करारी शिकस्त दी। अब तमिलनाडु द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्द-गिर्द घूमने वाली राजनीति के समांतर एक नए दौर में प्रवेश कर गया है। यह देखने की बात होगी कि आने वाले वर्षों में यह राज्य किस राजनीतिक धारा का केंद्र बनेगा।जहां तक केरल का सवाल है, तो वहां आमतौर पर वामपंथी लोकतांत्रिक मोर्चे और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड लोकतांत्रिक मोर्चे के बीच सत्ता में फेरबदल होता रहा है। इस लिहाज से देखें तो दो कार्यकाल के बाद वामपंथी मोर्चा सत्ता से बाहर हुआ है और अच्छी उपस्थिति के साथ कांग्रेस को महत्त्वपूर्ण जीत मिली है।इसके अलावा, असम में एक तरह से अपेक्षित नतीजे आए हैं, जहां भाजपा ने फिर से भारी जीत हासिल की है। यह तब भी संभव हुआ, जब राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के रुख को लेकर कई तरह के विवाद चुनाव प्रचार के केंद्र में रहे। इसी तरह, केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी के परिणामों के मुताबिक, वहां सत्तारूढ़ राजग गठबंधन ने एक बार फिर बहुमत हासिल कर अपनी सत्ता कायम रखी।कहा जा सकता है कि इन चुनावों में भाजपा ने जहां पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में जीत हासिल कर अपनी उपस्थिति साबित की है, वहीं कांग्रेस भी केरल की जीत को अपनी बड़ी उपलब्धि बता सकती है।

# हादसे का इंतजार नहीं कर सकती सरकार, परस्पर पूरक हैं धार्मिक गतिविधियों से जुड़े हाईकोर्ट के दो हालिया फैसले

**दूसरे फैसले में अदालत ने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर सबका समान अधिकार है, और निजी स्थल पर भी धार्मिक स्वतंत्रता असीमित नहीं है। यदि कोई गतिविधि सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने लगे तो उसे नियंत्रित करना राज्य का संवैधानिक दायित्व है। सरकार लोक व्यवस्था के छिन्न-भिन्न होने का इंतजार नहीं कर सकती। ये दोनों फैसले विरोधाभासी नहीं हैं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं और मिलकर उस व्यवस्था को रेखांकित करते हैं जिसके भीतर एक लोकतांत्रिक, बहुलवादी समाज में धर्म और कानून को साथ-साथ चलना होता है। इस न्यायिक दृष्टिकोण ने इस मूल सिद्धांत को रेखांकित किया है कि किसी भी नागरिक या समूह का अधिकार तभी तक सुरक्षित है, जब तक वह दूसरे नागरिकों के अधिकारों, सार्वजनिक व्यवस्था और सामूहिक हितों से टकराव नहीं पैदा करता।**

**( रितिका सिंह सिसोदिया )**

एक माह के भीतर इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो फैसले, दो अलग-अलग समय में आए, लेकिन दोनों को मिलाकर पढ़ें तो एक स्पष्ट और संतुलित संवैधानिक दर्शन उभरकर सामने आता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि उसमें अधिकार भी हैं और उन अधिकारों की सीमाएं भी स्पष्ट रूप से पारिभाषित हैं। एक माह के भीतर इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो फैसले, दो अलग-अलग समय में आए, लेकिन दोनों को मिलाकर पढ़ें तो एक स्पष्ट और संतुलित संवैधानिक दर्शन उभरकर सामने आता है।

पहले फैसले में अदालत ने कहा था कि नमाजियों की संख्या सीमित करना गलत है, कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

दूसरे फैसले में अदालत ने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर सबका समान अधिकार है, और निजी स्थल पर भी धार्मिक स्वतंत्रता असीमित नहीं है। यदि कोई गतिविधि सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने लगे तो उसे नियंत्रित करना राज्य का संवैधानिक दायित्व है। सरकार लोक व्यवस्था के छिन्न-भिन्न होने का इंतजार नहीं कर सकती। ये दोनों फैसले विरोधाभासी नहीं हैं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं और मिलकर उस व्यवस्था को रेखांकित करते हैं जिसके भीतर एक लोकतांत्रिक, बहुलवादी समाज में धर्म और कानून को साथ-साथ चलना होता है।

इस न्यायिक दृष्टिकोण ने इस मूल सिद्धांत को रेखांकित किया है कि किसी भी नागरिक या समूह का अधिकार तभी तक सुरक्षित है, जब तक वह दूसरे नागरिकों के अधिकारों, सार्वजनिक व्यवस्था और सामूहिक हितों से टकराव नहीं पैदा करता। यह केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक चेतना का संकेत है, जो यह बताता है कि आधुनिक राज्य व्यवस्था व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सामूहिक हितों के बीच संतुलन बनाकर ही चल सकती है।

सबसे पहले संभल के मूल विवाद को समझते हैं। यह विवाद एक ऐसी भूमि से संबंधित है जिसे याचिकाकर्ता अपनी निजी भूमि बताता है और उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर वहां नमाज अदा करने के लिए परमादेश जारी करने की मांग की थी। प्रारंभ में जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया था कि एक विशेष परिसर में नमाजियों की संख्या को सीमित किया जाए। आधार यह था कि भीड़ बढ़ने से कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। यह प्रशासनिक दृष्टिकोण एहतियात और व्यवस्था बनाए रखने की भावना से प्रेरित था, लेकिन इस आदेश को चुनौती देते हुए मामला न्यायालय तक पहुंचा।

न्यायपालिका ने अपने पहले निर्णय में कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य का मूल दायित्व है। न्यायालय के उस आदेश का भावार्थ यह था कि यदि प्रशासन यह मान ले कि किसी धार्मिक गतिविधि के कारण स्वाभाविक रूप से व्यवस्था बिगड़ सकती है, और उसी आधार पर प्रतिबंधात्मक कदम उठाए जाएं, तो यह दृष्टिकोण संविधान की भावना के विपरीत होगा।

लेकिन इस पूरे विवाद का दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जिसे बाद में न्यायालय के एक अन्य निर्णय में अधिक स्पष्टता के साथ सामने रखा गया। इस दूसरे दृष्टिकोण ने सार्वजनिक भूमि, निजी संपत्ति और धार्मिक गतिविधियों के बीच संतुलन की संवैधानिक सीमा को विस्तार से समझाया। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी अधिकार की रक्षा तभी तक की जा सकती है, जब तक वह सार्वजनिक हित और अन्य नागरिकों के अधिकारों को प्रभावित नहीं करता।इस संदर्भ में न्यायालय ने निजी और सार्वजनिक गतिविधियों के बीच अंतर को अत्यंत स्पष्ट शब्दों में रखा है कि निजी प्रार्थना, पारिवारिक पूजा, और ऐसी सीमित भक्ति गतिविधि जो वास्तव में परिसर के लिए आंतरिक रहती है, सामान्यतः अनुच्छेद 25 और 26 के संरक्षित क्षेत्र में आती है। यह पंक्ति इस बात की पुष्टि करती



है कि संविधान व्यक्ति की आस्था और निजी जीवन की स्वतंत्रता को पूर्ण संरक्षण देता है, लेकिन इस संरक्षण की एक सीमा भी है। यह केवल तब तक लागू है जब तक गतिविधि वास्तव में निजी और सीमित बनी रहती है।

संभल विवाद के संदर्भ में यही प्रश्न केंद्रीय था कि क्या किसी निजी या सीमित स्थान पर होने वाली गतिविधि धीरे-धीरे सार्वजनिक स्वरूप ग्रहण कर रही थी?

न्यायालय ने इस पहलू को अत्यंत व्यावहारिक दृष्टि से देखा और कहा कि जैसे ही कोई गतिविधि 'सामूहिक चरित्र' ग्रहण करती है, वह केवल आंतरिक आस्था का विषय नहीं रह जाती।

अदालत के शब्दों में, 'एक बार जब गतिविधि ऐसा सामूहिक चरित्र ग्रहण कर लेती है, तो यह केवल आंतरिक आस्था का मामला नहीं रह जाता।' इस परिवर्तन के साथ ही उसके प्रभाव भी व्यापक हो जाते हैं। प्रवेश और निकास से लेकर यातायात और पार्किंग संबंधी चिंताएं पैदा हो सकती है, इलाके का चरित्र बदल सकता है, शोर उत्पन्न हो सकता है, पुलिस व्यवस्था की आवश्यकता हो सकती है और संवेदनशील क्षेत्रों में, अंतर-समुदाय तनाव की आशंका पैदा कर सकती है।

ऐसी स्थिति में गतिविधि 'एक सार्वजनिक या अर्ध-सार्वजनिक आयाम ग्रहण कर लेती है।' यहां यह भी देखना होगा कि प्रकरण ऐसे जिले का है जो कुछ समय पहले सांप्रदायिक विमर्श के केंद्र में था, जहां धार्मिक तनाव की आग भड़क चुकी है और सड़कों पर खून बह चुका है। कोर्ट की अवधारणा स्पष्ट है कि अधिकार केवल घोषित नहीं होते, उनका प्रभाव भी उनकी प्रकृति निर्धारित करता है। यदि प्रभाव सार्वजनिक हो जाता है, तो वह भी सार्वजनिक नियमन के दायरे में आ जाता है।

संभल मामले के पहले निर्णय और इसके बाद के विस्तृत निर्णय को साथ रखकर देखने पर एक स्पष्ट तस्वीर उभरती है। पहले निर्णय में प्रशासनिक हस्तक्षेप पर प्रश्न उठाया गया, जबकि दूसरे निर्णय में यह स्पष्ट किया गया कि अनियंत्रित विस्तार भी संवैधानिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है। यह दोनों दृष्टिकोण मिलकर यह स्थापित करते हैं कि न तो अति-प्रतिबंध उचित है और न ही असीमित विस्तार। निर्णय में कहा गया कि 'ऐसा नहीं है कि निजी संपत्ति सभी संरक्षण खो देती है, लेकिन सार्वजनिक व्यवस्था के प्रभावित होने की स्थिति में ऐसी संपत्ति का उपयोग विशुद्ध रूप से निजी नहीं रह जाता और उचित विनियमन के अधीन हो जाता है।'

यह कथन शासन और प्रशासन के लिए एक स्पष्ट मार्गदर्शक सिद्धांत प्रस्तुत करता है कि अधिकारों का उपयोग सामाजिक प्रभाव से अलग नहीं देखा जा सकता। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में शासन-प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। प्रशासन का दायित्व केवल कानून लागू करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि किसी भी गतिविधि से समाज में असंतुलन न पैदा हो। यही कारण है कि न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई गतिविधि कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने की संभावना रखती है, तो राज्य को हस्तक्षेप का पूरा अधिकार है।

संभल का यह विवाद अंततः हमें एक व्यापक सिद्धांत की ओर ले जाता है कि लोकतंत्र केवल अधिकारों का संग्रह नहीं है, बल्कि संतुलित जिम्मेदारियों का ढांचा है। यह ढांचा तभी मजबूत रहता है जब प्रत्येक अधिकार अपने दायरे में सीमित रहे और किसी दूसरे के अधिकार को प्रभावित न करे। यही संतुलन संभल विवाद को केवल एक स्थानीय मुद्दे से ऊपर उठाकर एक व्यापक संवैधानिक और सामाजिक विमर्श में बदल देता है और यही इस पूरे प्रसंग का सबसे स्थायी संदेश है कि विधि का शासन तभी जीवित रहता है जब अधिकार, कर्तव्य और प्रशासनिक विवेक एक साथ संतुलित रूप में कार्य करें।

# श्यामा बाबू के संकल्प की जीत, विवेकानंद के विचारों की प्रीति- बंगाल में राष्ट्रवाद का नया सूर्योदय

**( भारत भूषण अरजरिया )**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, जो भारतीय जनसंघ के प्रणेता थे, उनके विचारों की प्रासंगिकता आज बंगाल की इस ऐतिहासिक जीत में साफ झलकती है। उन्होंने उस समय बंगाल के विभाजन के संकट को समझा था और यह सुनिश्चित किया था कि बंगाल का एक हिस्सा भारतीय संस्कृति और अस्मिता के साथ सुरक्षित रहे।

बंगाल केवल एक भौगोलिक भूभाग नहीं है, बल्कि यह वह विचार है जिसने आधुनिक भारत की आधारशिला रखी। आज का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होने वाला है, क्योंकि यह मात्र एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि उस माटी की अपनी जड़ों की ओर वापसी है, जिसने कभी %वंदे मातरम्% के उद्घोष से पूरे आर्यावर्त को जगाया था। यह जीत उस संकल्प की सिद्धि है जो दशकों से बंगाल की गलियों में मौन था, किंतु मरा नहीं था। आज जब बंगाल में राष्ट्रवाद का भगवा ध्वज लहरा रहा है, तो ऐसा प्रतीत होता है कि गंगासागर की लहरें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के उन बलिदानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रही हैं, जिन्होंने एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। यह उस विचारधारा की विजय है जो मानती है कि राष्ट सर्वोपरि है और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ही भारत की नियति है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, जो भारतीय जनसंघ के प्रणेता थे, उनके विचारों की प्रासंगिकता आज बंगाल की इस ऐतिहासिक जीत में साफ झलकती है। उन्होंने उस समय बंगाल के विभाजन के संकट को समझा था और यह सुनिश्चित किया था कि बंगाल का एक हिस्सा भारतीय संस्कृति और अस्मिता के साथ सुरक्षित रहे। आज उनकी आत्मा निश्चित रूप से तृप्त हो रही होगी, क्योंकि जिस बंगाल को वैचारिक शून्यता और तुष्टीकरण की राजनीति ने जकड़ लिया था, उसने अब अपने सबसे प्रतापी पुत्र के सपनों को साकार करने का मार्ग चुन लिया है। यह जीत बताती है कि समय कितना भी क्यों न बदल जाए, सत्य और राष्ट्रवाद की धारा कभी सूखती नहीं है; वह बस सही समय की प्रतीक्षा करती है। बंगाल ने आज यह सिद्ध कर दिया है कि वह अपनी गौरवशाली विरासत को पुनः प्राप्त करने के लिए तत्पर है। इस परिवर्तन की गहराई को समझने के लिए हमें स्वामी विवेकानंद के उन संदेशों को स्मरण करना होगा, जिन्होंने विश्व पटल पर भारत की आध्यात्मिक श्रेष्ठता को स्थापित किया था। संघ और उससे प्रेरित सभी समवैचारिक संगठनों के लिए विवेकानंद केवल एक पथ-प्रदर्शक नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा था कि 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' बंगाल की जनता ने आज उसी मंत्र को आत्मसात किया है। दशकों की राजनीतिक हिंसा, वैचारिक दमन और सांस्कृतिक विस्मृति के बाद, बंगाल की चेतना जागृत हुई है। यह उस 'सिंह-गर्जना' की गूंज है जिसने कभी शिकागो के मंच से दुनिया को हिला दिया था। आज विवेकानंद की उस कर्मठता और आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की विजय हुई है, जो समावेशी भी है और अजेय भी।

गंगोत्री से गंगासागर तक शुरू हुई यह संकल्प यात्रा अब अपनी पूर्णता की ओर अग्रसर है। जिस प्रकार गंगा नदी हिमालय की दुर्गम चोटियों को चीरते हुए मैदानों को सींचती है और अंततः बंगाल की खाड़ी में जाकर सागर से एकाकार हो जाती है, उसी प्रकार राष्ट्रवाद की यह लहर उत्तर से दक्षिण और पश्चिम से पूर्व की ओर बहते हुए आज बंगाल के हृदय में समा गई है। यह यात्रा केवल सत्ता के परिवर्तन की नहीं, बल्कि व्यवस्था के परिवर्तन और विचारों के शुद्धिकरण की यात्रा है। 'वंदे मातरम्' के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने जिस भारत माता की कल्पना की थी, वह सुजलाम-सुफलाम होने के साथ-साथ शक्तिस्वरूपा भी थी। आज बंगाल ने उसी शक्ति की आराधना की है और दिखा दिया है कि माँ भारती के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। बंगाल के इस ऐतिहासिक जनादेश के पीछे उन अनगिनत कार्यकर्ताओं का लहू और पसीना है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रवाद का दीप जलाए रखा। यह उन बलिदानियों को नमन करने का दिन है जिन्होंने अपनी आँखों में 'सोनार बांग्ला' का सपना संजोया था—एक ऐसा बंगाल जो सांप्रदायिकता से मुक्त हो, जहाँ विकास की धारा अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और जहाँ दुर्गा पूजा का शंखनाद बिना किसी भय के सुनाई दे। आज की यह जीत बंगाल की उस महान परंपरा का सम्मान है जिसमें चैतन्य महाप्रभु की भक्ति, सुभाष चंद्र बोस का शौर्य और रवींद्रनाथ टैगोर की लेखनी का प्रभाव समाहित है। यह जीत घोषणा करती है कि बंगाल अब केवल पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, बल्कि नए भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएगा। यह ऐतिहासिक दिन इस विश्वास को सुदृढ़ करता है कि विचारधारा की जड़ें यदि सत्य में हों, तो उसे कोई भी दमनकारी शक्ति मिटा नहीं सकती।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की चली सुनामी के सियासी मायने दूरगामी महत्व वाले

**केंद्र में विगत बारह वर्षों से सत्तारूढ़ 'भारतीय जनता पार्टी' ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में निर्णायक जीत दर्ज करके जनसंघ के संस्थापक और बंगाल मूल के दूरदर्शी हिंदूवादी राजनेता पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अद्भुत श्रद्धांजलि दी है। सच कहूं तो आरएसएस के इस सुप्रसिद्ध सिपाही का कश्मीर में दिया हुआ सियासी बलिदान व्यर्थ नहीं गया। खासकर यह उपलब्धि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर भाजपा द्वारा उसे दिया हुआ बहुमूल्य वैचारिक तोहफा है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत केवल सरकार बदलने की घटना नहीं होगी, बल्कि यह भारतीय राजनीति में 'पूर्वी भारत के वैचारिक परिवर्तन' का प्रतीक मानी जाएगी।**

**( कमलेश पांडे )**

पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत केवल सरकार बदलने की घटना नहीं होगी, बल्कि यह भारतीय राजनीति में 'पूर्वी भारत के वैचारिक परिवर्तन' का प्रतीक मानी जाएगी। इससे विपक्ष का शक्ति-संतुलन बदलेगा, भाजपा का राष्ट्रीय आत्मविश्वास बढ़ेगा और बंगाल की दशकों पुरानी राजनीतिक संस्कृति में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिल सकता है।

केंद्र में विगत बारह वर्षों से सत्तारूढ़ 'भारतीय जनता पार्टी' ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में निर्णायक जीत दर्ज करके जनसंघ के संस्थापक और बंगाल मूल के दूरदर्शी हिंदूवादी राजनेता पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अद्भुत श्रद्धांजलि दी है। सच कहूं तो आरएसएस के इस सुप्रसिद्ध सिपाही का कश्मीर में दिया हुआ सियासी बलिदान व्यर्थ नहीं गया। खासकर यह उपलब्धि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर भाजपा द्वारा उसे दिया हुआ बहुमूल्य वैचारिक तोहफा है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत केवल सरकार बदलने की घटना नहीं होगी, बल्कि यह भारतीय राजनीति में 'पूर्वी भारत के वैचारिक परिवर्तन' का प्रतीक मानी जाएगी। इससे विपक्ष का शक्ति-संतुलन बदलेगा, भाजपा का राष्ट्रीय आत्मविश्वास बढ़ेगा और बंगाल की दशकों पुरानी राजनीतिक संस्कृति में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिल सकता है। कम शब्दों में कहा जाए तो भय हारा और भरोसा जीता है। भद्रलोक के हृदय परिवर्तन से सोनार बंगला के बहुमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। गंगोत्री से गंगा सागर तक कमल खिलने से हिंदुओं का मनोबल बढ़ेगा और बंगलादेशी घुसपैठियों से देश को मुक्ति मिलेगी।

इस शुभ घड़ी को दिखलाने के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति, भाजपा के राष्ट्रीय अध्ययन नितिन नवीन की सूझबूझ और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सियासी तेवरों का भी अहम योगदान है। वहीं, हिंदुत्व के फायर ब्रांड नेताओं उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं, पश्चिम बंगाल के राजनेता सुवेन्दु अधिकारी, दिलीप बोस जैसे कर्मठ नेताओं और भाजपा के 'बलिदानी' कार्यकर्ताओं के अथक संघर्ष का प्रतिफल है।

देखा जाए तो यह भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं और उनका हौसलाअफजाई करते रहने वाले स्थानीय और बाहरी नेताओं के संयुक्त प्रयासों का सकारात्मक नतीजा है, जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं। बंगलादेश की हिन्दू विरोधी मानसिकता और ग्रेटर बंगलादेश की थ्योरी ने पूर्वी भारत के हिंदुओं को इस कदर भयभीत कर दिया है कि अब उनके पास भाजपा के नेतृत्व में गोलबंद होने के अलावा कोई चारा नहीं बचा था। लिहाजा, पहले कलिंग यानी उड़ीसा, फिर अंग यानी बिहार और अब बंग यानी पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत और भगवा की बुलंदी बहुत कुछ राजनीतिक चुगली करती है, जिसे समझने, और जनमानस को समझाने की जरूरत है। दिल्ली एनसीआर में बसे पूर्वी भारत के कर्तव्यनिष्ठ आरएसएस/भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं की मानें तो यह उनके सामूहिक प्रयासों की विजय हैजो अनवरत रूप से जारी अथक जनसंघर्षों और कार्यकर्ताओं के बलिदानों की वजह से मिली है। लिहाजा इसके राजनीतिक निहितार्थ केवल बंगाल तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति, संघीय ढांचे और विपक्ष की रणनीति पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा। वहीं, निकट भविष्य में पूर्वी एवं पश्चिमी एशिया तक में इसकी अनुगूंज सुनाई पड़ेगी।

**लिहाजा, इस अभूतपूर्व विजय के प्रमुख राजनीतिक निहितार्थ/मायने इस प्रकार होंगे:** 1. पूर्वी भारत में भाजपा का निर्णायक विस्तार

पश्चिम बंगाल लंबे समय तक वामपंथ और बाद में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का गढ़ रहा है। यहां भाजपा की जीत यह संकेत देगी कि पार्टी अब हिंदी पट्टी से आगे निकलकर पूर्वी भारत में स्थायी राजनीतिक शक्ति बन चुकी है। इससे ओडिशा, असम और पूर्वोत्तर में भाजपा की पकड़ और मजबूत होगी। अन्य राज्यों में विस्तार भी होगा।

**2. ममता बनर्जी की राष्ट्रीय भूमिका कमजोर पड़ना:** ममता बनर्जी विपक्षी राजनीति की सबसे आक्रामक नेताओं में मानी जाती रही हैं। बंगाल में हार होने पर उनकी 'राष्ट्रीय विकल्प' वाली छवि को गहरा झटका लगेगा। इंडिया गठबंधन की राजनीति में उनका प्रभाव कम हो सकता है और विपक्ष का नेतृत्व पुनः बिखर सकता है। जबकि राहुल गांधी को मजबूती मिलेगी, क्योंकि उनकी टांग खींचने वाले सारे क्षेत्रीय नेता उनकी सटीक रणनीति से सियासी धूल फांकने को अभिशप्त हुए। इससे भविष्य में कांग्रेस लाभान्वित होगी।

**3. कांग्रेस और वामपंथ का लगभग राजनीतिक अंत:** पश्चिम बंगाल में पहले ही चुनाव भाजपा बनाम तृणमूल तक सिमटता दिख रहा है। भाजपा की जीत होने पर यह संदेश जाएगा कि कांग्रेस और वामदलों की पारंपरिक राजनीति बंगाल में अप्रासंगिक हो चुकी है।

**4. 'हिंदुत्व और कल्याणकारी राजनीति' मॉडल की सफलता:** भाजपा ने बंगाल में राष्ट्रवाद, सीमा सुरक्षा, घुसपैठ, नागरिकता और हिंदू पहचान के मुद्दों को कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़कर चुनावी रणनीति बनाई है। यदि यह सफल होती है, तो पार्टी इस मॉडल को अन्य राज्यों में भी और आक्रामक रूप से लागू करेगी।

**5. बंगाल की राजनीतिक संस्कृति में बड़ा बदलाव:** बंगाल लंबे समय तक वैचारिक राजनीति, वामपंथी विमर्श और क्षेत्रीय अस्मिता की राजनीति के लिए जाना जाता रहा है। भाजपा की जीत यह संकेत देगी कि बंगाल की राजनीति अब वैचारिक संघर्ष से निकलकर राष्ट्रीय ध्रुवीकरण और पहचान-आधारित राजनीति की ओर बढ़ रही है।

**6. 2029 लोकसभा चुनाव की दिशा तय होगी:** भाजपा द्वारा बंगाल जीत से 2029 लोकसभा चुनाव के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त होगी। बंगाल की 42 लोकसभा सीटें राष्ट्रीय सत्ता संतुलन में बेहद महत्वपूर्ण हैं। भाजपा यह संदेश दे सकेगी कि उसका विस्तार अब दक्षिण और पूर्व भारत तक स्थायी रूप से हो चुका है।

**7. संघ और भाजपा संगठन की रणनीति को वैधता:** पश्चिम बंगाल में भाजपा का संगठन वर्षों तक कमजोर माना जाता था। यदि पार्टी सत्ता तक पहुंचती है, तो यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के दीर्घकालिक कैडर विस्तार मॉडल की बड़ी सफलता मानी जाएगी। सोशल और वैचारिक स्तर पर संघ की पैठ को भी मजबूती मिलेगी।

**8. केंद्र-राज्य संबंधों में नया समीकरण:** अब तक बंगाल और केंद्र सरकार के संबंध अक्सर टकरावपूर्ण रहे हैं। भाजपा सरकार बनने पर केंद्र और राज्य के बीच समन्वय बढ़ेगा, जिससे निवेश, बुनियादी ढांचे और केंद्रीय परियोजनाओं को गति मिल सकती है। हालांकि विपक्ष इसे 'संघीय ढांचे के केंद्रीकरण' के रूप में भी प्रस्तुत कर सकता है।

**9. पहचान और सुरक्षा राजनीति को बल:** सीमा पार घुसपैठ, एनआरसी-सीएए, बांग्लादेश सीमा और जनसांख्यिकीय बदलाव जैसे मुद्दे बंगाल की राजनीति के केंद्र में आ जाएंगे। भाजपा की जीत इन मुद्दों को राष्ट्रीय बहस में और प्रमुख बना सकती है। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत केवल सरकार बदलने की घटना नहीं होगी, बल्कि यह भारतीय राजनीति में 'पूर्वी भारत के वैचारिक परिवर्तन' का प्रतीक मानी जाएगी। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत, विकास और सुशासन पर जनता का भरोसा : ई. विकास तिवारी

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिले जनादेश पर क्षेत्र के भाजपा नेता एवं किसान मोर्चा के जिला मंत्री ई. विकास तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने इसे जनता के विश्वास और पार्टी की नीतियों की जीत बताया। साथ ही कहा कि यह परिणाम केंद्र सरकार के कार्यों और मजबूत संगठनात्मक ढांचे का स्पष्ट प्रतिबिंब है। ई. विकास तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और पार्टी कार्यकताओं की सक्रियता ने भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकताओं द्वारा की गई मेहनत ही इस सफलता का प्रमुख कारण है, जिसके चलते पार्टी को व्यापक जनसमर्थन मिला। उन्होंने पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी,असम में हिमंत बिस्वा सरमा और पुडुचेरी में एन. रंगास्वामी को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में राज्यों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन स्थापित होगा। ई. विकास तिवारी ने कहा कि जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और स्थिर सरकार के पक्ष में अपना मत दिया है। उन्होंने तीनों राज्यों के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है और भाजपा इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

### ओलंपियाड में राज्य स्तर पर प्रखंड की होनहार छात्रा ने रचा इतिहास

**फलका/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड में कैपस्टोन मिशन स्कूल साइंस ओलंपियाड रिजल्ट के मामले में सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा। इस वर्ष राज्य स्तर रैंक पर साइंस ओलंपियाड छात्रा ने फलका प्रखंड में सफलता हासिल की है। कैपस्टोन मिशन स्कूल ने साइंस ओलंपियाड में राज्य स्तर पर रैंक हासिल की कैपस्टोन मिशन स्कूल के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि कक्षा 8 की छात्रा महिमा कुमारी ने साइंस ओलंपियाड परीक्षा में राज्य स्तर पर 6 वीं रैंक प्राप्त की है।उनकी इस शानदार उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने महिमा कुमारी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। प्रिंसिपल दिलीप चंद्राकर ने कहा कि कैपस्टोन मिशन स्कूल का लक्ष्य आने वाले वर्षों में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक उपलब्धियां हासिल करना है तथा फलका क्षेत्र के छात्रों के भविष्य को एक नई दिशा देकर कटिहार जिले में एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपनी पहचान स्थापित करना है। प्रिंसिपल सिद्धार्थ सैमसन ने कहा कि महिमा कुमारी की यह उपलब्धि हम सभी के लिए प्रेरणा है। हम अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर प्रदान कर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार कर रहे हैं। हमारा सपना है कि फलका प्रखंड का हर बच्चा बड़े सपने देखे और उन्हें पूरा करे।

### मनिहारी पुलिस नशेडियों के विरूद्ध सख्त

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी पुलिस ने मनिहारी रेलवे कॉलोनी से 6शराबी को शराब के नशे में हल्लाझगुल्ला करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पकडे गये पियक्कड की पहचान सोमर कुमार महतो (30) पिता शयामलाल महतो मारालाईन,अनिल महतो(41)पिता राज कुमार महतो बस स्टैंड नया टोला, राजु कुमार (19) पिता जंगली चरवाहा विधालय, चन्दन कुमार (32) पिता नन्दलाल साह बस स्टैंड वार्ड न0-02,मंटू महतो (37) पिता राजाराम महतो नया टोला वार्ड नं0-02 एवं रवि कुमार उ (23) पिता टुनटुन महतो बस स्टैंड मनिहारी वार्ड न0-02 सभी थाना मनिहारी जिला कटिहार निवासी के रूप में हुई है। गिरफ्तार सभी पियक्कड को विधिवत रूप से न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है। इस अभियान में एसआई अमित कुमार राय, पीएसआई पीयूष नंदन, मो. शाबीर की सक्रिय भूमिका रही।

### नरैहिया में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए समिति ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

**समेली/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड अंतर्गत डिग्री कॉलेज निर्माण संघर्ष समिति नरैहिया के शिष्टमंडल ने पुनः कटिहार जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिसमें डिग्री कॉलेज का निर्माण नरैहिया स्कूल की खाली पड़ी जमीन में करवाने की मांग की है। विद्यालय की 15 एकड़ खाली पड़ी जमीन में डिग्री कॉलेज निर्माण की जोरदार मांग रखी ।जिसमें कटिहार जिलाधिकारी ने 3 दिन के अंदर रिपोर्ट देने की बात कही है। डिग्री कॉलेज के लिए बेहतर आवागमन की सुविधा है। नरैहिया में बेहतर खेल मैदान है। विशाल परीक्षा हॉल है,बालिका छात्रावास हैएवं सभी सुविधा से परिपूर्ण है। इसीलिए डिग्री कॉलेज नरैहिया में ही स्थाई रूप बनेगा। इसका आश्वासन कटिहार जिलाधिकारी ने दिया है। जिलाधिकारी से मिलने के लिए डिग्री कॉलेज निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर एवं समेली प्रखंड के पूर्व प्रमुख मणिकांत यादव एवं अन्य सदस्यों ने मुलाकात की है।

### अनुकंपा नियुक्ति को लेकर जिलाधिकारी की बैठक, नियुक्ति प्रक्रिया को तेजी से बढ़ाने का निर्देश

**अररिया (नबिटासं)।** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में बुधवार सेवाकाल में मृत चौकीदार संवर्ग के कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति प्रदान करने हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ आवेदकों के दस्तावेजों में त्रुटियां है। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे सभी मामलों में अविलंब कार्रवाई करते हुए दस्तावेजों की त्रुटियों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि योग्य आश्रितों को समय पर नियुक्ति मिल सके। बैठक के क्रम में कमेटी के समक्ष कुछ ऐसे भी मामले सामने आए जिन पर विभागीय मार्गदर्शन मांगने के लिए निर्देश दिया गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन आवेदकों के दस्तावेज पूर्ण एवं सही पाए गए हैं, उनके मामलों में नियुक्ति हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाए और नियुक्ति प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता अररिया, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य प्रशाखा अररिया, सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण अररिया सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सालमारी कॉलेज चौक पर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना का मामला अब तक नहीं सुलझा

**सालमारी/कटिहार(नबिटासं)।** आरडीएस कॉलेज चौक सालमारी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा विस्थापन का मामला सुलझने की जगह उलझता चला जा रहा है। जिला पदाधिकारी कटिहार के निर्देश पर अंचलाधिकारी मोहम्मद रिजवान आलम, स्टेट हाईवे 98 निर्माण कार्य के प्रोजेक्ट डिप्टी मैनेजर सतीश कुमार,जिला पार्षद अब्दुल सलाम,आरक्षण बचाओ संविधान बचाओ आंदोलन समिति के जिला अध्यक्ष भोला पासवान, अनुमंडलीय अध्यक्ष भागीरथ राय की मौजूदगी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा शिफ्टिंग मामले पर विचार विमर्श किया गया। परंतु उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि तथा संघर्ष समिति के लोग इस बात पर डटे रहे कि जहां पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का प्रतिमा स्थापित है वहीं रहेगा। क्षेत्रीय जिला पार्षद अब्दुल सलाम ने कहा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का प्रतिमा जहां पर अभी मौजूद है वहीं रहेगा। अगर हटाया गया तो जन आंदोलन किया जाएगा। वहीं अंचल अधिकारी मोहम्मद रिजवान आलम ने कहा कि जगह की कमी की वजह से अन्यत्र शिफ्टिंग के लिए लोगों से विचार विमर्श जारी है। स्टेट हाईवे 98 प्रोजेक्ट के डिप्टी मैनेजर सतीश कुमार ने कहा कि जिस जगह पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। जगह की कमी की वजह से रेडियस को फुलफिल नहीं कर पा रहा है। इस बाबत डिजाइन मैनेजर के द्वारा अप्रूवल नहीं मिल पा रहा है। अप्रूवल नहीं मिलता है तो अंबेडकर चौक में सड़क निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न होगा। उक्त मामले का मॉनिटरिंग जिला अधिकारी आशुतोष द्विवेदी खुद कर रहे हैं। जिला पदाधिकारी कटिहार के द्वारा जो दिशा निर्देश मिलेगा कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर स्थानीय समाज सेवी इंजीनियर शाह फैसल,अति पिछड़ा आयोग के पूर्व सदस्य तारकेश्वर ठाकुर, विष्णु अग्रवाल, डॉक्टर एमआर हक नारायण राम, मुन्ना, मुखिया भारत राय, दिलीप राय आदि सहित दर्जनों की तादाद में संघर्ष समिति के सदस्य जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बन्दोबस्त घाट पर ही चलेगी नाव, अवैध घाटों पर सख्ती : जिलाधिकारी

## डीएम ने काढ़ागोला गंगा घाट का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बुधवार को बरारी प्रखंड के काढ़ागोला गंगा नदी घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि केवल बन्दोबस्त अधिकृत घाटों पर ही नाव का परिचालन कराया जाए।बिना बन्दोबस्त वाले घाटों पर किसी भी प्रकार का नाव संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।डीएम ने बरारी के अंचल पदाधिकारी मनीष कुमार को निर्देश दिया कि जिन घाटों का बन्दोबस्त नहीं हुआ है।



वहां यदि नाव का परिचालन हो रहा है तो उसे तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आदेश के बावजूद यदि अवैध रूप से नाव संचालन जारी पाया गया तो संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाट पर बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि शवदाहगृह श्मशान निर्माण के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।जिसे शीघ्र स्वीकृति देकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।ताकि स्थानीय लोगों को सुविधा मिल सके। इसके बाद डीएम आशुतोष द्विवेदी 10 नम्बर स्पर पर पहुंचे और बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर ठोकर स्पर निर्माण कार्य हर हाल में पूरा किया जाए।उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर उप विकास आयुक्त अमित कुमार,सदर एसडीएम प्रद्युम्न सिंह यादव, डीपीआरओ अभिषेक रंजन,ओएसडी अभिषेक किशोर, डीएसपी रंजन कुमार सिंह, बाढ़ नियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता शशांक शेखर, बीडीओ धीरेन्द्र कुमार धीरज, सीओ मनीष कुमार, प्रोग्राम पदाधिकारी श्यामदेव कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शिवांशु शिवेश, फ्लड कंट्रोल के एसडीओ विजय कुमार, कनीय अभियंता रवि कुमार भारती, काढ़ागोला घाट के लेशी संजय यादव सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# आरआईटीएम में रामकृष्ण मिशन के महेश्वरानंद जी महाराज का आगमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फारबिसगंज।** रुंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट फारबिसगंज परिसर में स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज का आगमन हुआ। रामकृष्ण मिशन, कटिहार के सचिव स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज ने अपने इस दौरे के दौरान संस्थान में चल रहे शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने स्मार्ट क्लासरूम, निर्माणाधीन प्रयोगशालाओं, आधुनिक कंप्यूटर लैब, डिजिटाइज्ड पुस्तकालय तथा इंजीनियरिंग वर्कशॉप्स के विकास कार्यों की प्रगति को देखा और संस्थान द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना की। स्वामी जी ने परिसर के अनुशासित वातावरण, सकारात्मक शैक्षणिक माहौल एवं संस्थान की दूरदर्शी योजनाओं पर संतोष व्यक्त किया। अपने आशीर्वचन में उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, आत्मविकास एवं समाज के समग्र उत्थान का आधार है। उन्होंने संस्थान परिवार को समर्पण, अनुशासन एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. राशिद हुसैन, एमडीएमएस के निदेशक डॉ. संजय प्रधान सहित अन्य पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मियों ने उनका हार्दिक स्वागत किया एवं संस्थान की वर्तमान गतिविधियों, शैक्षणिक योजनाओं तथा आधारभूत संरचना के विस्तार से संबंधित कार्यों की जानकारी साझा की। संस्थान के चेयरमैन महाबीर प्रसाद रुंगटा ने अपने वक्तव्य में कहा आरआईटीएम का उद्देश्य सीमांचल के



युवाओं को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करना है। हम आधुनिक तकनीकी संसाधनों, अनुभवी संकाय एवं सुदृढ़ शैक्षणिक ढांचे के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं।"उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान आने वाले समय में तकनीकी, प्रबंधन एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे सीमांचल के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही उच्चस्तरीय शिक्षा उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों एवं कर्मियों ने स्वामी जी के मार्गदर्शन को प्रेरणास्रोत बताते हुए संस्थान की गुणवत्ता उन्नयन हेतु समर्पित रहने का संकल्प दोहराया। स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज के आगमन से संस्थान परिवार में उत्साह एवं नई ऊर्जा का संचार हुआ। उनका यह प्रेरणादायक भ्रमण न केवल संस्थान के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुआ।

# एक साथ उठी दो युवकों की अर्थी, गांव में मातम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)** । थाना क्षेत्र के पीरमोकाम पंचायत के तेलघी दरगाहा गांव में बुधवार को उस समय सन्नाटा पसरा जब गांव के दो युवकों का अर्थी एक साथ उठा। यह दृश्य देखकर हर किसी का आसू नहीं थम सका। पूरा गांव में सन्नाटा पसर गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी साजीद आलम (16) व पिता अब्दुल जब्बार एवं मलखन साह (23) पिता मुराद साह की मंगलवार रात पूर्णिया जिले के मीरगंज में हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई।



दोनों युवक बाइक पर सवार थे। बुधवार को जैसे ही दोनों युवकों का शव गांव पहुंचा। पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजनों की चीख-पुकार सुन आसपास के लोगों का भी आंसू नहीं थम सका। गांव में पूरी तरह सन्नाटा पसर गया। जानकारी के अनुसार मृतक मलखन साह की शादी नौ माह पूर्व हुई थी। उनकी पत्नी के हाथों की मेहंदी भी नहीं छूटी थी। हादसा में उसकी दुनिया उजड़ गई। पति की मौत की खबर सुन पत्नी बदहवास हो गई ।साजीद आलम की मौत से उनके माता-पिता आंखों का आंसू नहीं रूक रहा था ।जैसे लग रहा था की उनके लिए दुनिया वीरान हो गया हो।

## एमएलसी ने मंडल रेल प्रबंधक को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** सालमारी व्यवसा संघ के आग्रह पर विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के प्रबंधक को पत्र लिखकर कर गाड़ी संख्या 15719-20 कटिहार - सिलीगुड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस में बोगियों की संख्या बढ़ाने की मांग करते हुए कहा की इस ट्रेन में पहले 13 बोगियां थी। लेकिन अब छःबोगियां हैं। इस से ट्रेन में अत्यधिक भीड़ बढ़ जाती है। लोगों को बैठने की जगह नहीं मिलती है। उन्होंने कहा की यह क्षेत्र बंगाल की सीमा से सटा होने के कारण यहां के व्यापारियों का अधिकांश कारोबार पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से होता है। ऐसे में बोगियां बढ़ाये जाने से व्यवसायों को कारोबार में सुविधा होगी।

# अखंड हरिनाम संकीर्तन को लेकर निकाली कलश शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के सिरनीया पश्चिम पंचायत के हफलागंज भैरव स्थान में 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा में कुंवारी कन्याओं के साथ-साथ दो हजार से अधिक भक्तों की भीड़ रही। शोभा यात्रा में घोड़े,बाजे के साथ साथ विभिन्न तरह की झांकियां निकाली गई एवं नृत्यगीत भी प्रस्तुत किए गए । कलश यात्रा हफलागंज के विभिन्न गली मोहल्ले से गुजरते हुए वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची। इस दौरान भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शोभायात्रा की एक झलक पाने के लिए लोग अपने-अपने घरों से निकलकर दरवाजे पर खड़े थे। कलश यात्रा के समापन के बाद सभी कलश को यज्ञ स्थल पर रखा गया।



# दिल्ली में बिहारी युवक की हत्या के विरोध में जन सुराज ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जन सुराज के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता और बिहार राज्य कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। अंबेडकर चौक पर एकत्रित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि दिल्ली में बिहार के बेटों के साथ हो रही हिंसा बर्दाश्त के बाहर है।




जन सुराज ने दो टूक शब्दों में मांग की है कि पीड़ित परिवार को अविलंब न्याय दिया जाए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिले। मार्च के दौरान जन सुराज के नेताओं ने एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोला।सत्यनारायण शर्मा ने अफसोस जताते हुए कहा कि विडंबना देखिए कि दिल्ली और बिहार दोनों जगह एनडीए की सरकार है। केंद्र में बिहार से 8-8 मंत्री प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन किसी ने भी पांडव कुमार की हत्या पर आवाज बुलंद करने की जहमत नहीं उठाई। बिहार के नेताओं की यह चुप्पी शर्मनाक है। पार्टी कार्यकताओं ने प्रदेश के राजनीतिक नेतृत्व पर तंज कसते हुए कहा कि अब बिहार की जनता को मौजूदा सत्ताधीशों से कोई उम्मीद नहीं बची है। आलम यह है कि लोग अब बदलाव की ओर देख रहे हैं और जन सुराज को एक नई उम्मीद के रूप में पा रहे हैं। कैंडल मार्च के दौरान भारी संख्या में युवा और पार्टी समर्थक मौजूद रहे, जिन्होंने हाथों में तख्तियां लेकर पांडव कुमार के लिए इंसाफ की गुहार लगाई। कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता। जन सुराज का यह संघर्ष जारी रहेगा।

# एसडीएम ने गंगा घाटों का किया निरीक्षण, सुरक्षित नाव परिचालन पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)** । बुधवार को मनिहारी के अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ विभिन्न गंगा घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नदी मार्ग में सुरक्षित नाव परिचालन को लेकर निर्धारित मानकों के कड़ाई से पालन और सतत निगरानी के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मनिहारी गंगाघाट से लालबथानी एवं अन्य घाटों की ओर जाने वाली नावों पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि क्षमता से अधिक यात्री या भार लेकर नाव संचालन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अनिबंधित नावों के परिचालन पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम श्री सिंह ने बताया कि विक्रमशिला सेतु के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण सीमांचल क्षेत्र के लोगों की निर्भरता नदी मार्ग पर बढ़ गई है। मनिहारी से साहिबगंज झारखंड जाने का यह मार्ग ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण रहा है, ऐसे में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि नाव परिचालन पर लगातार निगरानी रखी जाए और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद कुमार, अंचलाधिकारी मो. इस्माईल, पुलिस निरीक्षक पप्पू कुमार, थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दम तोड़ रही है लोकप्रिय बहुरूपिया कला कलाकार अब दर-दर ठोकरे खानें को मजबूर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** फलका बाजार गल्ली मोहल्लों में इन दिनों बहरूपियों ने दिखाई अपनी कला ऐसी कला की हर कोई रहजाता है दंग पहले दिन शक्तिमान का रूप धारण कर लिया। दूसरे दिन नारद मुनि का तों तीसरे दिन राज कपूर का रूप, सुपर गाना जीना यहां मरना यहां तेरे सिवा जाना कहां फिर हर तरह का रूपधारण कर आमजन का करते हैं मनोरंजन बहरूपिया कलाकार ने जानकारी देते हुए बताया की बहरूपिया कला हमारे पूर्वजों की कला है, जिसको राजा महाराजाओं के जमाने मे बहुत ही लोकप्रिय हुआ करती थी। हमारे पूर्वजों को उस समय राजा महाराजाओं द्वारा मान सम्मान दिया जाता था। आमजन में खासा इज्जत हुआ करती थी.ज्यो-ज्यो समय बितता गया बहरूपिया कला की कद्र भी कम होती गई, आज के समय मे बहरूपिया कलाकार को अपने परिवार का पालन पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। बहरूपिया कलाकार जब रूप धारण कर लोगों का मनोरंजन करता है, लोग उसकी कला का मजाक उड़ाते हैं।



# पर्यावरण संरक्षण को लेकर एसडीएम को सौंपे पौधे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** बारसोई अनुमंडल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक अहम पहल देखने को मिली। अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से आये समाजसेवी और पर्यावरण कार्यकताओं के प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार से मुलाकात कर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता अभियान की जानकारी दी गयी। चनदहर मुखिया प्रतिनिधि सह अधिवक्ता रागिब शजर, हम और हमारा गार्डेन के सुभान अली ने शिष्टमंडल के साथ एसडीएम को घर और आफिस में ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पौधे भेंट स्वरूप दिया और आम लोगों के बीच प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा आर्टिफिशियल वस्तुओं के इस्तेमाल को कम करने पर जोर दिये। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए जनजागरूकता बेहद जरूरी है। प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल क्षेत्र में बढ़ते प्लास्टिक कचरे पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए ठोस योजना बनाने और लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिये। इस दिशा में प्रशासन से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा भी जताई गई। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने इस अभियान की सराहना किये। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाने और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को लेकर ठोस योजना तैयार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस दिशा में समाज के सहयोग से प्रभावी कदम उठायेंगें।

# 19 मई को 12 पंचायतों में शिविर, जिलाधिकारी ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सहयोग शिविर के आयोजन को लेकर की जा पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जन शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु पंचायतवार सहयोग शिविरों के सफल संचालन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। 19 मई को जिले के 12 पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के सरल, सुलभ एवं प्रभावी निवारण के उद्देश्य से जिले के सभी पंचायतों में नियमित रूप से पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय



मंगलवार को आयोजित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाएं। साथ ही शिविर से पहले ही आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं, जिन्हें प्रखंड कार्यालय या पंचायत कर्मियों के माध्यम से जमा कराया जा सकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का अनिवार्य रूप से पंजीकरण किया जाएगा तथा उनका निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा सभी शिकायतों की निगरानी के लिए रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया गया है, जिसकी मॉनिटरिंग नोडल पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी आमजनों को दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में अपर समाहर्ता अररिया, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी वरीय उप समाहर्ता तथा नोडल पदाधिकारी सह सहायक निदेशक दिव्यांगजन कोषांग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

● हिम्मत दिखाओ और ले लो महा-सस्ता तेल

# इराक का खुला ऑफर, हर बैरल पर 30 डॉलर का बंपर डिस्काउंट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल की सप्लाई में अभी भी बाधा है। इसके कारण इराक अब खरीदारों को देश से कच्चा तेल (क्रूड) लेने पर भारी डिस्काउंट दे रहा है। इराक ने उन खरीदारों के लिए कीमतों में भारी कटौती की है जिनके पास इस महीने लोड होने वाले कच्चे तेल के कार्गो के लिए लंबी अवधि के अनुबंध यानी टर्म कॉन्ट्रैक्ट हैं। हांलांकि, इसमें एक पेंच है। वह यह है कि तेल टर्मिनलों से तेल लेने के लिए इन शिपमेंट को अभी भी होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरना होगा। ये टर्मिनल फारस की खाड़ी (पर्शियन गल्फ) के काफी अंदर स्थित हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब क्षेत्रीय तनाव काफी बढ़ा हुआ है। फरवरी के अंत में संघर्ष बढ़ने के बाद से होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते शिपिंग बुरी तरह प्रभावित हुई है। सोमवार को अमेरिका-ईरान के बीच फिर से हुई झड़पों ने चार हफ्ते के संघर्ष-विराम की स्थिरता को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। इराक ने पहले उत्पादन में कटौती करने का कदम उठाया था। कारण था कि जब खाड़ी से निर्यात बाधित हुआ तो तेल भंडारण सुविधाएं तेजी से भर गई थीं।

**फोर्स मेज्योर' का दावा नहीं कर सकता खरीदार:** सामान्य परिस्थितियों में यह बंदरगाह महीने में 80 तक लोडिंग का काम संभालता है। हालांकि, इराक तुर्की के रास्ते एक पाइपलाइन के जरिए तेल का निर्यात जारी रखे हुए है। शिपमेंट की तुलना में काफी कम है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि मई की मूल्य शर्तों को स्वीकार करने वाला कोई भी खरीदार 'फोर्स मेज्योर' (अप्रत्याशित घटना के कारण अनुबंध से छूट) का दावा नहीं कर सकता। कारण है कि यह प्रस्ताव पहले से ही मौजूद असाधारण परिस्थितियों के तहत दिया गया है।

### तेल पर भारी डिस्काउंट दे रहा इराक

ब्लूमबर्ग के अनुसार, सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनी की ओर से 3 मई को जारी एक दस्तावेज के मुताबिक, ओपेक का यह सदस्य देश अपने बेंचमार्क 'बसरा मीडियम' ग्रेड पर प्रति बैरल 33.40 डॉलर तक की भारी छूट दे रहा है। इस नोटिस में महीने के दौरान अलग-अलग समय-सीमाओं पर लागू होने वाली छूट के अलग-अलग स्तरों का ब्योरा दिया गया है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाले डेटा से पता चलता है कि अप्रैल में इराक के दक्षिणी बसरा बंदरगाह से केवल दो टैंकरों ने कच्चा तेल लोड किया। खाली जहाजों को होर्मुज के रास्ते खाड़ी में प्रवेश करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था।

# कौन संभालेगा 60,000 करोड़ की विरासत बायोकॉन की किरण मजूमदार-शॉ ने घोषित किया उत्तराधिकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फार्मास्यूटिकल कंपनी बायोकॉन की फाउंडर और चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने अपना उत्तराधिकारी खोज लिया है। उन्होंने अपनी भतीजी क्लेयर मजूमदार को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। क्लेयर के पिता रवि मजूमदार बायोकॉन में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं और किरण मजूमदार-शॉ के भाई हैं। बायोकॉन का शेयर पिछले सत्र में बीएसई पर 368 रुपये पर बंद हुआ था और इस भाव पर कंपनी का मार्केट कैप 59,795.29 करोड़ रुपये है। बायोकॉन की स्थापना किरण मजूमदार-शॉ ने 1978 में की थी। कंपनी का बिजनेस कई देशों में फैला हुआ है।

देश की सबसे अमीर महिलाओं में से एक किरण मजूमदार-शॉ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'क्लेयर सही समय पर मेरी जगह लेंगी। मैं अभी अपना पद नहीं छोड़ने जा रही हूं।' किरण मजूमदार-शॉ की कोई संतान नहीं है। क्लेयर सुर्खियों से दूर रहती हैं। वह बोस्टन की कंपनी की फाउंडिंग सीईओ हैं। यह बायोकॉन की कंपनी है जो कैंसर की दवा के विकास में लगी है। क्लेयर इससे पहले बिजनेस डेवलपमेंट



और कॉरपोरेट स्ट्रैटजी की हेड रह चुकी हैं। वहां उन्होंने के साथ पार्टनरशिप में अहम भूमिका निभाई थी। क्लेयर ने एमआईटी से बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग में बीएससी करने के बाद स्टेनफर्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए और कैंसर बायोलॉजी में पीएचडी की। किरण मजूमदार-शॉ ने 10,000 रुपये से एक गैराज से बायोकॉन की शुरुआत की थी। यह कंपनी एंजाइम बनाने का काम करती थी। आज यह एक अरब डॉलर की बायोसिमिलर्स एंटरप्राइज है। बायोकॉन रेगुलेटेड ग्लोबल बायोलॉजिक्स मार्केट में एंटर करने वाली भारत की पहली कंपनी थी। फाइनेंशियल ईयर 2025 में इसका रेवेन्यू 1.8 अरब डॉलर था।

किरण मजूमदार-शॉ की उत्तराधिकारी बायोकॉन की किरण मजूमदार-शॉ ने घोषित किया उत्तराधिकारी, उन्होंने अपनी भतीजी क्लेयर मजूमदार को उत्तराधिकारी बनाया है, हालांकि उनका कहना है कि वह फिलहाल रिटायर होने नहीं जा रही हैं, क्लेयर के पिता रवि मजूमदार बायोकॉन में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर।

### किरण मजूमदार-शॉ की नेटवर्थ

1998 में बायोकॉन में यूनिलीवर ने अपनी हिस्सेदारी बेच दी थी और यह इंडिपेंडेंट भारतीय कंपनी बनी थी। कंपनी ने 2001 में अपनी आयरिश पार्टनर को खरीदकर पूरा ऑपरेशन कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया था। साल 2004 में बायोकॉन की लिस्टिंग हुई थी और लिस्टिंग के दिन इसका मार्केट कैप 1.1 अरब डॉलर पहुंच गया था। एक अरब डॉलर से ज्यादा का मार्केट कैप हासिल करने वाली भारत की दूसरी कंपनी थी। फोर्ब्स के मुताबिक किरण मजूमदार-शॉ की नेटवर्थ 3.3 अरब डॉलर है।

# लोन नहीं चुकाया तो बैंक जब्त कर सकता है आपकी प्रॉपर्टी, आरबीआई ने ने दिया प्रस्ताव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने बैंकों और कर्ज वसूली से जुड़े नए नियमों का मसौदा पेश किया है। इसके तहत अब बैंक डूब चुके कर्ज की वसूली के लिए गिरवी रखी गई जमीन या मकान जैसी अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में ले सकेंगे। हालांकि, इन संपत्तियों को बैंक हमेशा के लिए नहीं रख पाएंगे। उन्हें सात साल के भीतर इन्हें बेचना होगा। यह नियम उन खास हालातों के लिए हैं जब कर्ज वसूली की प्रक्रिया के तहत ऐसी संपत्तियों को अपने हाथ में लेना पड़ता है। आरबीआई ने इस पर 26 मई तक सुझाव मांगे हैं। आम तौर पर, इन संस्थानों से यह उम्मीद नहीं की जाती कि वे अपने कर्ज देने के कारोबार के बदले किसी प्रॉपर्टी जैसी संपत्ति पर कब्जा करें। हालांकि, कुछ खास मामलों में जब कर्ज डूब जाता है तब ये संस्थान वसूली की रणनीति के तौर पर उस अचल संपत्ति का मालिकाना हक ले सकते हैं, जिसे सिक्योरिटी के तौर पर रखा गया था। इन निर्देशों के मसौदे में कहा है कि ऐसी संपत्तियों को सही समय पर और पारदर्शी तरीके से बेचने से संस्थानों को अपना ज्यादा से ज्यादा पैसा वसूलने में मदद मिलेगी। ड्राफ्ट में साफ कहा गया है कि इन नियमों का फायदा सिर्फ उन्हीं कर्जों की भरपाई के लिए लिया जा सकेगा जिन्हें नॉन-परफॉर्मिंग घोषित कर दिया गया है और जहां वसूली के दूसरे सभी रास्ते बंद या बेकार

### आरबीआई का प्रस्ताव

साबित हो चुके हैं। मतलब उस अचल संपत्ति से है, जिसे कोई बैंक या संस्थान उधार लेने वाले से अपने पैसे वसूलने के लिए अपने कब्जे में लेता है। इसमें नॉन-बैंकिंग असेट्स भी शामिल हैं। मसौदे में आगे कहा गया है कि ये संस्थान उधार लेने वाले पर अपने पूरे या कुछ बकाया पैसों के बदले ऐसी संपत्तियां हासिल कर सकते हैं। बैंकों के लिए कर्ज वसूली से जुड़े नए नियमों का ड्राफ्ट पेश किया है वसूली के लिए गिरवी रखी गई जमीन या मकान को अपने कब्जे में ले सकेंगे बैंक प्रॉपर्टी को हमेशा के लिए नहीं रख पाएंगे, उन्हें सात साल के भीतर इन्हें बेचना होगा ऐसी संपत्तियों को सही समय पर बेचने से संस्थान ज्यादा से ज्यादा वसूली कर पाएंगे इसके अलावा, ऐसी संपत्तियों को समय पर बेचने के मकसद से इन्हें अधिकतम सात साल तक अपने पास रखने का प्रस्ताव दिया गया है। गड़बड़ी की आशंका को खत्म करने के लिए ड्राफ्ट में यह भी कहा गया है कि बैंक या संस्थान ऐसी प्रॉपर्टी को वापस उसी उधार लेने वाले या उससे जुड़े किसी व्यक्ति को नहीं बेच पाएंगे।

## दिवालिया होने का संकट टला! कंपनी को क्लीन चिट मिलते ही लगा 20 प्रतिशत का अपर सर्किट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट सेक्टर की दिग्गज कंपनी एम्बेसी डेवलपमेंट्स ने एक बहुत बड़ी कानूनी जंग जीत ली है। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने कंपनी के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने के पुराने फैसले को पूरी तरह रद्द कर दिया है। इस बड़े फैसले के बाद कंपनी के ऊपर से दिवालिया होने का संकट अब हमेशा के लिए खत्म हो गया है और कंपनी के प्रोजेक्ट्स में पैसा लगाने वाले ग्राहकों व निवेशकों ने बड़ी राहत की सांस ली है। दरअसल, 9 दिसंबर 2025 को 'नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल' की दिल्ली पीठ ने एम्बेसी डेवलपमेंट्स के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था। इसके बाद एम्बेसी डेवलपमेंट्स ने इस फैसले के खिलाफ (अपीलीय न्यायाधिकरण) का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने अब अपने अंतिम फैसले में पुराने आदेश को खारिज करते हुए इस मामले को पूरी तरह बंद कर दिया है। एम्बेसी डेवलपमेंट्स के चेयरमैन जीतू विरवानी ने कहा कि का यह फैसला हमारी सच्चाई को साबित करता है। यह एक पुराना मामला था, जिसमें 'इंडियाबुल्स रियल एस्टेट' के एक पुराने पत्र को गलत तरीके से 'कॉरपोरेट गारंटी' मानकर पेश किया गया था। इस कानूनी लड़ाई के बावजूद हमारी कंपनी के कामकाज और प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर स्पष्ट किया है कि इस पूरी कानूनी प्रक्रिया के दौरान उसके बिजनेस या किसी भी हाउसिंग प्रोजेक्ट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। कंपनी का कामकाज पहले की तरह सामान्य रूप से चलता रहेगा। इस फैसले से घर खरीदारों और शेयरधारकों के हितों को पूरी सुरक्षा मिली है और उनके मन से अनिश्चितता के बादल पूरी तरह छंट गए हैं।

## चीन के निवेश पर अब नहीं होगी दिक्कत, 40 क्षेत्रों में एफडीआई को तुरंत हरी झंडी देगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने चीन सहित भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले अन्य देशों से आने वाले




विदेशी निवेश के प्रस्तावों को तेजी से मंजूरी देने के लिए 40 खास क्षेत्रों की पहचान की है। अब रेयर अर्थ मैग्नेट्स और प्रिंटेड सर्किट बोर्ड जैसे क्षेत्रों में निवेश के प्रस्तावों पर 60 दिनों के भीतर फैसला ले लिया जाएगा। विदेशी निवेश के नियमों में किए गए नए बदलावों के मुताबिक, सरकार ने चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्यांमार और अफगानिस्तान सहित सात पड़ोसी देशों से आने वाले निवेश के लिए प्रक्रिया तय कर दी है।

### भारतीय कंट्रोल जरूरी

हालांकि, शर्त यह है कि जिस कंपनी में निवेश हो रहा है, उसका मालिकाना हक और कंट्रोल हमेशा भारतीय नागरिकों या भारत की ही किसी कंपनी के पास रहेगा। विदेशी निवेश आने के बाद भी भारतीय पक्ष ही मैनेजमेंट में भारी रहेगा। इन 40 क्षेत्रों को छह बड़े हिस्सों में बांटा

# जमी-जमाई नौकरी छोड़ी तो साथी थे हैरान, जोखिम उठाकर शुरू किया काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रतीक तिवारी जयपुर के रहने वाले हैं। कैंसर की वजह से अपने कई प्रियजनों को खोने के बाद उन्होंने जहरीले खान-पान के खिलाफ मुहिम छेड़ दी। जमी-जमाई नौकरी छोड़कर प्रतीक ने रूफटॉप ऑर्गेनिक फार्मिंग को टारगेट किया। इसके जरिए हर घर को अपनी सब्जियां खुद उगाने के लिए सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया। जब मोटी सैलरी और शानदार कॉर्पोरेट करियर छोड़कर वह उद्यमिता की दुनिया में कदम रखने जा रहे थे तो उनके कई साथियों को हैरानी भी हुई। लेकिन, प्रतीक ने तय कर लिया था कि उन्हें क्या करना है। इसी के बाद उन्होंने अपने स्टार्टअप की नींव रखी। इसका नाम लिविंग ग्रीन ऑर्गेनिक्स है। यह 'अर्बन फार्मिंग पैक्स' उपलब्ध कराता है। इसमें पोर्टेबल फार्मिंग सिस्टम और एक ऑर्गेनिक प्लांट प्रोटेक्शन किट शामिल होती है। अब अपने स्टार्टअप से वह करोड़ों की कमाई कर रहे हैं। आइए, यहां प्रतीक तिवारी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**कई साल करते रहे प्रयोग:** यह प्रतीक का उद्यमिता में दूसरा अटेम्प्ट था। इससे पहले 2003 में उनका पहला स्टार्टअप बाजार की समझ की कमी के कारण नाकाम हुआ था। दोबारा रिस्क लेते समय उनके पास बहुत कम जमा पूंजी थी। लेकिन, उनकी पत्नी ने घर की जिम्मेदारी संभाली। वह कंप्यूटर साइंस की प्रोफेसर हैं। 2013 से 2015 के बीच प्रतीक ने अपनी छत पर 150 से ज्यादा गमलों और 14 ऑर्गेनिक कम्पोनेंट के साथ प्रयोग किए। दो साल की लगातार कोशिशों के बाद उन्होंने एक 'पोर्टेबल फार्मिंग सिस्टम' (पीएफएस) ईजाद किया।



आज प्रतीक का स्टार्टअप बड़ा अर्बन फार्मिंग बिजनेस बन चुका है। यह स्टार्टअप लोगों को उनके घर की छत पर बिना मिट्टी, ऑटोमैटिक ड्रिप सिंचाई और यूवी प्रोटेक्टेड बैग्स के जरिए सब्जियां उगाने की सुविधा देता है। उनका बिजनेस मॉडल न सिर्फ घरों के लिए है। अलबत्ता, बड़े अस्पतालों, स्कूलों और होटलों के लिए भी है। खास बात यह है कि ये रूफटॉप गार्डन कंक्रीट की छतों को ठंडा रखते हैं। इससे गर्मियों में नीचे के कमरों का तापमान 6 से 7 डिग्री तक कम हो जाता है।

### अब करोड़ों की कमाई

प्रतीक के बिजनेस में उतार-चढ़ाव भी आए। वित्त वर्ष 2024-25 में लेबर-इंटेंसिव 'ग्रीन वॉल' बिजनेस के कारण उनका रेवेन्यू काफी गिर गया था। लेकिन, प्रतीक ने हार मानने के बजाय अपने मॉडल को बदला। स्केलेबल अर्बन फार्मिंग पैक्स पर फोकस किया। इससे वित्त वर्ष 2025-26 में उनकी आय 2 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई। अब उनका टारगेट फ्रेंचाइजी मॉडल शुरू करना है ताकि भारत के हर शहर में लोग घर की छत पर केमिकल फ्री, शुद्ध और ताजा सब्जियां उगा सकें।

### नौकरी छोड़ने का लिया फैसला

प्रतीक तिवारी ने 1998 में एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। महिंद्रा, रिलायंस फ्रेश, आईटीसी और वॉलमार्ट जैसी बड़ी कंपनियों में सप्लाई चेन और रिटेल सेक्टर में अहम पदों पर काम किया। साल 2012 के अंत में जब उन्होंने वॉलमार्ट से रेजिग्नेशन दिया तो उनके साथी हैरान थे। लेकिन, प्रतीक के मन में कुछ और ही चल रहा था। उनके परिवार में कैंसर से हुई मौतों ने उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि पैसा सुरक्षा तो दे सकता है। लेकिन, सेहत की गारंटी नहीं। इसी व्यक्तिगत त्रासदी ने उनकी जिंदगी का मकसद बदल दिया।

● कपास उत्पादकता मिशन को मंजूरी, गन्ना का एफआरपी किया तय

# हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट मंजूर, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ताबड़तोड़ फैसले लिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ताबड़तोड़ फैसले लिए हैं। इसके तहत हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट मंजूर हुए हैं। भारत के कपास क्षेत्र में आने वाली बाधाओं, घटती ग्रोथ और क्वालिटी संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए ' कपास उत्पादकता मिशन ' (2026-27 से 2030-31) के लिए 5659.22 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इसी तरह सरकार ने एविएशन सेक्टर के लिए 18,100 करोड़ रुपये की इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम शुरू की है। गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने चीनी सीजन 2026-27 (अक्टूबर - सितंबर) के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 365 रुपये प्रति क्विंटल मंजूर किया है। इसके लिए अलावा और भी कई अहम निर्णय लिए हैं। सोमवार को कई राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे आने के एक दिन बाद ये फैसले लिए गए हैं। आत्मनिर्भरता और वैश्विक कपड़ा बाजारों



में प्रतिस्पर्धा के लिए 5659.22 करोड़ रुपये के खर्च के साथ 'कपास उत्पादकता मिशन' को मंजूरी दी है। यह मिशन भारत सरकार के '5स्र' विजन (फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से से फैशन तक और फैशन से फॉरेन तक) के अनुरूप है। यह मिशन रोग और कीटों के प्रति प्रतिरोधी 'अधिक उपज देने वाली किस्म' के बीजों के विकास के जरिये कपास की उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित है। इसके साथ ही, यह राज्य सरकारों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के जरिये मौजूदा और नवीनतम फसल उत्पादन तकनीकों के बड़े पैमाने पर प्रचार और अपनाने को बढ़ावा देता है। उद्योग को न्यूनतम संदूषण वाला कपास उपलब्ध कराना सुनिश्चित करता है। कैबिनेट ने 2026-27 सीजन के लिए गन्ना किसानों की खातिर 365 रुपये प्रति क्विंटल के 'उचित और लाभकारी मूल्य' को मंजूरी दी है। इस फैसले से 5 करोड़ गन्ना किसानों के साथ चीनी मिलों और उनसे जुड़ी सहायक गतिविधियों में काम करने वाले 5 लाख मजदूरों को भी फायदा होगा। यह मूल्य 10.25 प्रतिशत की मूल रिकवरी दर के लिए 365 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इसके तहत, 10.25 प्रतिशत से ऊपर रिकवरी में होने वाली हर 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के लिए 3.56 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम दिया जाएगा। वहीं, रिकवरी में होने वाली हर 0.1 प्रतिशत की कमी के लिए 3.56 रुपये प्रति क्विंटल की कटौती की जाएगी।

# भारत ने अमेरिका को चौंकाया, इतना झोंका पैसा कि फटी रह गई आंखें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अमेरिका को चौंका दिया है। भारतीय उद्योगों ने वहां इतना पैसा झोंका है कि अमेरिकियों की आंखें फटी की फटी रह गई हैं। 2026 सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट में ऐसा हुआ। इस पर भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गौर की जोरदार प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने इसे 'बड़ी खबर' करार दिया। साथ ही और डिटेल्स शेयर करने को भी कहा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सर्जियो गोर ने लिखा, 'बड़ी खबर आ रही है! 2026 सेलेक्ट यूएसए समिट में भारत से अमेरिका में भारी-भरकम नए निवेश आ रहे हैं जो हमने अब तक का सबसे बड़ा निवेश देखा है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए एक सच्ची जीत ऐसी ही दिखती है। पूरी जानकारी जल्द ही! इसके पहले अमेरिकी वाणिज्य विभाग में उप-अवर सचिव (नीति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन) ब्रैंडन रेमिंगटन ने बताया कि भारत से अमेरिका में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 16.4 अरब डॉलर था। इससे लगभग 70,800 नौकरियों को सहारा मिला। सोमवार मैरीलैंड के नेशनल हार्बर में सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान आयोजित सीआईआई इंडिया रिसेप्शन को संबोधित करते हुए रेमिंगटन बोले कि भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी 33 करोड़ डॉलर खर्च किए। रेमिंगटन ने समीक्षाधीन अवधि का कोई जिक्र किए बिना कहा, 'हमें भारत से आपके निवेश का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उपलब्ध




आंकड़ों के अनुसार, भारत से अमेरिका में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का कुल स्टॉक लगभग 16.4 अरब डॉलर था। इससे लगभग 70,800 नौकरियों, रिसर्च और डेवलपमेंट पर 31.3 करोड़ डॉलर के खर्च और 1.5 अरब डॉलर मूल्य के निर्यात को सहारा मिला। 2023 में जारी सीआईआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में भारतीय निवेश लगभग 40 अरब डॉलर रहा। इससे 4.25 लाख नौकरियों का सृजन हुआ। 2023 में सीआईआई की ओर से जारी 'इंडियन रूट्स, अमेरिकन सॉयल' रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय कंपनियों ने अमेरिका स्थित अनुसंधान और विकास परियोजनाओं में .1 बिलियन का निवेश किया।

# बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव के समक्ष देश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में उनके आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने कुछ समय के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित रखा, ताकि पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

इस दौरान गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे भी उनके साथ मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार पूजा की और बाबा से जनहित की प्रार्थना की।

मंदिर दर्शन के बाद भूपेंद्र यादव बिना मीडिया से बातचीत किए ही रवाना हो गए। उनके इस दौरे को एक ओर जहां आस्था से जुड़ा माना जा रहा है, वहीं राजनीतिक हलकों में इसे हालिया चुनावी सफलता के बाद एक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।

# हत्या के बाद भड़का जनाक्रोश, पुलिस ने किया बल प्रयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सीसीएल के कबरीबाद माइंस के समीप मंगलवार की रात हुई खंडीहा निवासी 25 वर्षीय युवक दिलीप दास की चाकू से वार कर हत्या के बाद सदर अस्पताल से उसके शव को ले जाकर स्वजन समेत आक्रोशितों ने खान प्रबंधक कार्यालय के समक्ष बुधवार की सुबह से ही धरना पर बैठ गए।

स्वजनों व आक्रोशितों ने हत्या करने वालों को गिरफ्तार करने, मुआवजा देने व एक आश्रित को नौकरी देने की मांग कर रहे थे। इसी क्रम में कुछ आक्रोशितों ने बूम बैरियर के पास तोड़फोड़ करने लगे जिसके बाद पुलिस ने आक्रोशितों को खदेड़ने के लिए बल प्रयोग किया।

इससे भीड़ काफी ज्यादा आक्रोशित हो गई और पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ पथराव करने लगे। इसमें कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। इसके बाद पुनः पुलिस की टीम कड़ा रुख अपनाते हुए आक्रोशितों को खदेड़ना शुरू की। इस क्रम में पुलिस वालों ने कई पत्थरबाजों की जमकर धुनाई भी कर दी। इसके बाद आक्रोशित नरम पड़ते हुए शांत हो गए।

वहीं पुलिसिया कार्रवाई के बाद कुछ तो भाग खड़े हुए जबकि कुछ वहीं शव के पास शांति से बैठे रहे। इधर घटना के विरोध में कबरीबाद माइंस से उत्पादन को ठप करा दिया जबकि बुधवार को कोयला चोरी भी पूरी तरह से बंद रहा।

वहीं पूरे मामले पर उपायुक्त रामनिवास यादव व पुलिस अधीक्षक डा. बिमल कुमार भी पल-पल नजर रख रहे थे। मौके पर एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते, सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, सीओ जीतेंद्र कुमार, नगर थानेदार रतन कुमार सिंह, मुफस्सिल थानेदार श्याम किशोर महतो, मेजर सन्नी कुमार समेत काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी, दंडाधिकारी के अलावा क्यूआरटी, आइआरबी, जिला बल व अन्य बलों के जवान मोर्चा पर डटे रहे।

दिलीप की हत्या का आरोप स्वजनों ने कबरीबाद माइंस के पास ड्यूटी में तैनात सुरक्षा इंचार्ज व गार्ड पर लगाया



है। वहीं पुलिस ने इस घटना को लेकर पूछताछ के लिए रामसागर नामक एक सुरक्षा इंचार्ज को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है। दिलीप के शव को उसके स्वजन व आक्रोशितों की ओर से मंगलवार रात को ही ले जाने का प्रयास किया गया लेकिन नगर थानेदार रतन सिंह किसी भी हाल में शव नहीं ले जाने की बात कह कर स्वजनों को समझा-बुझाकर शव को ले जाने से रोका। बुधवार की सुबह आक्रोशितों व स्वजनों ने आपा खो दिया और सदर अस्पताल में स्ट्रेचर पर रखे दिलीप के शव को स्ट्रेचर के साथ पैदल ही सीसीएल प्रबंधन, पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कबरीबाद खान प्रबंधक कार्यालय के बाहर रख कर न्याय की मांग को लेकर धरना पर बैठ गए।

कबरीबाद खान प्रबंधक कार्यालय के पास शव के साथ धरना-प्रदर्शन करने के क्रम में उग्र हुए लोगों का कोपभाजन पुलिस पदाधिकारी व जवानों को भी होना पड़ा। इसमें आक्रोशितों की ओर से चलाए गए पत्थर से साइबर डीएसपी आबिद खान, नगर थाने के एसआइ विक्रम कुमार को गहरी चोट लगी जबकि करीब चार से पांच अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान भी इससे चोटिल हुए।

# जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

## धान अधिप्राप्ति बढ़ाने एवं किसानों के अधिकाधिक पंजीकरण का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में हुए धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा की गई तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में धान अधिप्राप्ति को और बढ़ाने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने लैम्प्स केंद्रों की जानकारी लेते हुए क्षेत्रवार आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त लैम्प्स केंद्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक किसानों से धान की खरीदारी सुनिश्चित की जा सके तथा किसानों को इसका लाभ मिल सके।

बैठक में जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक योग्य किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिससे किसानों को धान अधिप्राप्ति सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।



इसके अलावा जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को राशन वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्धारित मात्रा में ससमय राशन वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कब्जाधारियों को मिला नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। आरा शहर की दो प्रमुख सड़कों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए कुल 237 अतिक्रमणकारियों को अवैध कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

इनमें से दर्जनों स्थायी एवं अस्थायी कब्जाधारियों को दूसरा नोटिस भेजा गया है, जिससे स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि प्रशासन अब किसी भी स्थिति में सख्ती बरतने के मूड में है।

आरा सदर अंचल से मिली जानकारी के अनुसार, मिशन स्कूल आरओबी से चंदवा मोड़ होते हुए गिरजा मोड़ और आगे पकड़ी चौक तक 117 अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया है। वहीं, गिरजा मोड़ से सिंडीकेट गोला होते हुए गांगी सिन्ही पुल तक 120 लोगों को दूसरी बार नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा करीब 350 से अधिक ठेला, खोमचा और अन्य अस्थायी अतिक्रमणकारियों को भी चिह्नित किया गया है, जिन्हें जल्द ही हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रसव के लिए ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के सारे टोला में संचालित अस्पताल सनलाइफ हेल्थ केयर में प्रसव के दौरान एक गर्भवती महिला का ऑपरेशन किया गया। मंगलवार की रात महिला की मौत हो गई।

मृतक महिला पहाड़िया समुदाय की है। उसकी मौत के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया। यह इलाका झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट के तहत आता है। आक्रोशित आदिवासी और ग्रामीण अस्पताल को घेरकर बैठे हुए हैं। चिकित्सक को सामने लाने की मांग कर रहे हैं। बरहेट विधानसभा क्षेत्र के बोआरीजोरझसुंदरपहाड़ी सीमा के समीप, सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के सारे टोला में संचालित सनलाइफ हेल्थ केयर में एक गर्भवती महिला की ऑपरेशन के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका मीरा मालतो, पति चार्लीस मालतो, उम्र 26 वर्ष, कुसुमघाटी गांव की आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय से बताई जा रही है, जिससे समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार

## गुस्साये लोगों ने किया बवाल

सुबह केडोबाजार मुख्य सड़क को जाम कर दिया और स्वास्थ्य केंद्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रसव के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण महिला की जान चली गई।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित स्वास्थ्य केंद्र फर्जी तरीके से संचालित किया जा रहा था और यहां पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधा एवं योग्य डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। बिना आवश्यक मानकों के ऑपरेशन किए जाने की बात भी सामने आ रही है।

सूचना मिलते ही सुंदरपहाड़ी थाना और राजाभीठा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। पुलिस द्वारा आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने के बाद जाम हटवाया। हालांकि ग्रामीण अस्पताल को घेरकर बैठे हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सनलाइफ हेल्थ केयर का संचालन नसीम नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। हालांकि, अस्पताल के लाइसेंस और वैधता को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा भेज दिया गया है।

# झारखण्ड में भाजपा मोर्चा और प्रकोष्ठों का गठन जल्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा ने प्रदेश कमेटी की घोषणा के बाद अब मोर्चा और प्रकोष्ठों के गठन और इनके अध्यक्षों के नाम की प्रक्रिया को अंतिम रुप दे दिया है। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श के बाद केंद्रीय नेतृत्व को मोर्चा अध्यक्षों के नाम की सूची सौंप दी है।

प्रदेश की मुख्य कमेटी में पुराने नेताओं को ही ज्यादा जगह मिली थी। लेकिन महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और ओबीसी मोर्चा में केंद्रीय नेतृत्व ने नए नाम लाने का सुझाव दिया था। दो टर्म से इन मोर्चों में रहे लोगों की जगह जिलों से कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाए जाने की संभावना है।किसान मोर्चा में भी पार्टी नए चेहरे को लाने वाली है। ओबीसी मोर्चा के लिए नाम तय करने में केंद्रीय नेतृत्व की विशेष मदद मांगी गई है। प्रदेश की मुख्य कमेटी के गठन में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने अनुभव को प्राथमिकता दी थी। जबकि मोर्चा और प्रकोष्ठ के गठन में आने वाले समय के लिए नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार करने पर जोर है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने बिजली, पानी और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कार्यकताओं से लगातार आंदोलन चलाने की बात कही है। इस सप्ताह जल संकट पर पार्टी कार्यकर्ता जिलों में प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पूर्व बिजली के मुद्दे पर आंदोलन हो चुका है। आने वाले समय में प्रदेश में पंचायत चुनाव भी होने हैं। पंचायत स्तर पर पार्टी कार्यकताओं को सक्रिय कर गावों में पार्टी को मजबूत करने की योजना बनाई गई है।

भाजपा नेताओं का जिला प्रवास कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। इसमें राज्य सरकार पर अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ नेता जिलों में प्रेस कान्फ्रेंस करेंगे। इसके अलावा झारखंड को केंद्र सरकार से मिली योजनाओं और उसके लाभ की जानकारी भी दी जाएगी।

## कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार** । कृषि विज्ञान केन्द्र सभागार में ऊर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. मृणाल वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कर किया। अपने संवोधन में श्री वर्मा ने किसानों सें मृदा स्वास्थ्य के अनुरूप ही उपयोगी ऊर्वकों के संतुलित मात्रा मे उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खरीफ मौसम से पूर्व किसान भाई कृषि विज्ञान स्थित मिट्टी जांच प्रयोगशाला में जांच कराकर की अनुशंसा के आलोक में ही रासायनिक खाद का उपयोग करें।

# जल्द बदलेगी दामोदर पुल की तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग और रामगढ़ जिलों को जोड़ने वाली गिद्दी-भुरकुंडा दामोदर नदी पर स्थित जर्जर पुल को लेकर लंबे समय से चल रही मांग आखिरकार रंग लाई है।

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड बोर्ड की बीते 23 अप्रैल को हुई बैठक में इस महत्वपूर्ण पुल की मरम्मत और नए पुल के निर्माण के लिए 19 करोड़ 44 लाख 64 हजार 400 रुपये की स्वीकृति दे दी गई है।

इस फैसले से गिद्दी और भुरकुंडा समेत आसपास के क्षेत्रों के लोगों में खुशी की लहर है। यह फैसला न सिर्फ दो जिलों, बल्कि हजारों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा।

गिद्दी-भुरकुंडा दामोदर पुल हजारीबाग और रामगढ़ जिलों के साथ-साथ मांडू और बड़कागांव को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। प्रतिदिन हजारों भारी वाहन, स्कूली बच्चे, मजदूर और व्यापारी इसी पुल से गुजरते हैं।

ऐसे में इसकी जर्जर हालत लंबे समय से खतरे की घंटी बनी हुई थी। प्रतिदिन हजारों लोग और भारी वाहन इस पुल से गुजरते हैं, जिससे इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है। सीसीएल अरगडा जीएम सत्यजीत कुमार ने बताया कि बीते 23 अप्रैल को बोर्ड की बैठक में गिद्दी-दामोदर नद की जर्जर पुल की मरम्मत व नए पुल निर्माण को ले राशि की स्वीकृति मिल गई है।

बताया कि 19 करोड़ 44 लाख 64 हजार 400 रुपये की लागत से राज्य सरकार द्वारा पुराने पुल की तत्काल मरम्मत की जाएगी। साथ ही इसके समानांतर नया आधुनिक पुल बनाया जाएगा। कुल स्वीकृत राशि का 25 प्रतिशत करीब 4 करोड़ 75 लाख शुरूआती चरण में राज्य सरकार को दिया जाएगा। हालांकि अभी बोर्ड मीटिंग के आधिकारिक मिनट्स आने बाकी हैं।

## बाइक से भरा ट्रक खाक

**जहानाबाद।** कड़ौना थाना क्षेत्र के कनौदी गांव के समीप मंगलवार की देर रात एक ट्रांसपोर्ट ट्रक में आग लग गई। ट्रक में होंडा कंपनी की 40 नई मोटरसाइकिल लोड थी, जो ट्रक समेत धू धूकर जल गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक ट्रक पर लदी सभी मोटरसाइकिलें आग की चपेट में आ चुकी थी। शो रूम कर्मी ने बताया कि इस घटना में होंडा कंपनी की करीब 40 नई गाड़ियां जलकर पूरी तरह खाक हो गई। बाइक की डिलीवरी के लिए ट्रक शहर के नूतन होंडा शोरूम पहुंचा था, जहां गाड़ी बैक करने के क्रम में ऊपर से गुजरे बिजली तार की चपेट में आ गया। इससे अचानक ट्रक में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ट्रक पर लदी सभी गाड़ियां उसकी चपेट में आ गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। शो रूम कर्मी के अनुसार 40 नई गाड़ियां की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये थी।

# सात शराब भट्टियां ध्वस्त, जावा महुवा नष्ट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निदेशानुसार आज अड़की प्रखंड अंतर्गत ग्राम बान्दू में अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सात अवैध शराब भट्टियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही लगभग 2600 किलोग्राम जावा महुवा नष्ट किया गया एवं 65 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

उक्त कार्रवाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी अड़की गणेश महतो, सब इंस्पेक्टर सुधीर कुमार यादव, अड़की थाना तथा सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार, आबकारी विभाग खूंटी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

# डीलर की मनमानी से गरीबों का छिन रहा निवाला

## लोगों में पनप रहा रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** प्रखंड के बरवाडीह पंचायत में इन दिनों जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) की व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। यहां राशन कार्डधारियों को डीलर की मनमानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें समय पर राशन नहीं दिया जा रहा है। कई कार्डधारियों को एक-दो महीने तक राशन के लिए बार-बार दुकान का चक्कर लगाना पड़ता है।

डीलर द्वारा राशन वितरण की तिथि तय नहीं की जाती, जिससे लोगों को हर दिन उम्मीद के साथ आना पड़ता है और निराश होकर लौटना पड़ता है। कुछ लाभुकों ने बताया कि राशन देने के नाम पर केवल आश्वासन दिया जाता है, लेकिन वास्तविक वितरण में देरी की जाती है। इससे गरीब परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है।

महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है, जिन्हें बार-बार दुकान तक आना पड़ता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि शिकायत करने के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे

## कार्रवाई की मांग



डीलर का मनोबल बढ़ता जा रहा है और वह मनमानी तरीके से काम कर रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जनवितरण प्रणाली की नियमित निगरानी की जाए और दोषी डीलर के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

अब देखने वाली बात यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है और आम जनता को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

## एक साथ उठीं दो अर्थियां

**फलका/ कटिहार।** थाना क्षेत्र के पीरमोकाम पंचायत के तेलघी दरगाहा गांव में बुधवार को उस समय सन्नाटा पसरा जब गांव के दो युवकों का अर्थी एक साथ उठा। यह दृश्य देखकर हर किसी का आसू नहीं थम सका। पूरा गांव में सन्नाटा पसर गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी साजीद आलम (16) व पिता अब्दुल जब्बार एवं मलखन साह (23) पिता मुराद साह की मंगलवार रात पूर्णिया जिले के मीरगंज में हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक बाइक पर सवार थे। बुधवार को जैसे ही दोनों युवकों का शव गांव पहुंचा। पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजनों की चीख-पुकार सुन आसपास के लोगों का भी आंसू नहीं थम सका। गांव में पूरी तरह सन्नाटा पसर गया। जानकारी के अनुसार मृतक मलखन साह की शादी नौ माह पूर्व हुई थी। उनकी पत्नी के हाथों की मेहंदी भी नहीं छूटी थी। हादसा में उसकी दुनिया उजड़ गई। पति की मौत की खबर सुन पत्नी बदहवास हो गई ।साजीद आलम की मौत से उनके माता-पिता आंखों का आंसू नहीं रूक रहा था ।जैसे लग रहा था की उनके लिए दुनिया वीरान हो गया हो।

## अपहरण का मामला निकला फर्जी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** रोहतास जिले में नाबालिग के अपहरण का मामला झूठा निकला। डालमियानगर थाना क्षेत्र के मनेरी बिगहा की रहने वाली लड़की को पुलिस ने सकुशल बरामद किया। यह बरामदगी डेहरी स्टेशन के टिकट घर से हुई। शुरूआत में मामला अपहरण का बताया गया था। लेकिन जांच में पूरी सच्चाई सामने आ गई। घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी थी। एसडीपीओ अतुलेश झा ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल को संतोष महतो ने थाने में आवेदन दिया था। आवेदन में कहा गया कि उसकी बहन कॉलेज के लिए निकली थी। लेकिन वह घर वापस नहीं लौटी थी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। परिवार में चिंता का माहौल बन गया था। पुलिस के अनुसार युवती के मोबाइल से उसके भाई को मैसेज मिला था। मैसेज में लिखा था कि उसका अपहरण कर लिया गया है। साथ ही उसे सासाराम में रखे जाने की बात कही गई थी। इस सूचना के बाद मामला और गंभीर हो गया।

# विक्रमशिला पुल टूटने से झारखण्ड के कई जिले प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रविवार की रात भागलपुर की गंगा नदी पर बने भागलपुर-नवगछिया विक्रमशिला पुल के 133 नंबर पिलर का लगभग 34 मीटर लंबा स्लैब ढह जाने से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। पुल निगम ने जानकारी दी है कि तीन माह में इस पुल पर पुनः परिचालन शुरू हो जाएगा।

इसके साथ ही, इसी के समानांतर बन रहे पुल को दिसंबर माह के अंत तक चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है। विक्रमशिला पुल के ध्वस्त होने से संताल परगना के गोड्डा, दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज जिले सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं।

तत्काल गोड्डा-पूर्णिया और सिलीगुढ़ी बस सेवा ठप हो गई है। गोड्डा से चलने वाली बस सेवाओं का रूट डायवर्ट किया गया है। इस

## लोग झेल रहे परेशानियां

संबंध में बस एजेंट गुड्डू यादव ने बताया कि विक्रमशिला पुल के टूटने से गोड्डा से पूर्णिया तक चलने वाली नियमित बस सेवा तुरंत बंद कर दी गई है।

दूसरा विकल्प मुंगेर होकर जाना है, जो काफी लंबा और महंगा है, जिसके कारण गोड्डा-पूर्णिया बस सेवा को रद्द करना पड़ा है।

गोड्डा से सिलीगुढ़ी की बस सेवा भी प्रभावित हुई है, जिसका रूट अब मुंगेर होकर शुरू किया गया है। इस बदलाव के कारण दूरी बढ़ने से किराया भी बढ़ गया है। इस रूट में सुल्तानगंज और मुंगेर पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

गोड्डा के अलावा, दुमका से पूर्णिया जाने वाली बस सेवा भी प्रभावित हुई है। बड़ी संख्या में लोग चार पहिया वाहनों से संताल परगना से सीमांचल और उत्तर बिहार की ओर यात्रा करते थे, जो अब ठप हो गई है। इसके अतिरिक्त, बड़ी तादाद में लोग दो पहिया वाहनों से भी गोड्डा, दुमका, पाकुड़ से लेकर साहिबगंज तक यात्रा करते थे, लेकिन अब उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संताल परगना के चार जिलों से प्रतिदिन लगभग एक हजार ट्रकों का परिचालन ठप हो गया है। भागलपुर के विक्रमशिला पुल के बंद होने से संताल परगना से खनिज संपदा की सीमांचल और उत्तर बिहार की ढुलाई पर गंभीर असर पड़ा है। अब खनिज संपदा जैसे छर्री, गिट्टी और बालू लदे वाहनों को उत्तर बिहार जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया

## संजू-कार्तिक की शतकीय साझेदारी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 48वें मैच में मंगलवार (5 मई) को चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन बनाए। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले समीर रिजवी ने स्कोर को 150 के पार पहुंचाया।



कार्तिक शर्मा और संजू सैमसन के बीच 66 गेंद पर 114 रन की साझेदारी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने 17.3 ओवर में 2 विकेट पर 159 रन बनाए। इस जीत के साथ चेन्नई सुपर किंग्स के 10 मैच में 10 अंक हो गए हैं। वह छठे नंबर पर रहे। दिल्ली कैपिटल्स के 10 मैच में 8 अंक हैं। वह सातवें नंबर पर है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए समीर रिजवी ने 24 गेंद पर 40 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 31 गेंद र 38 रन बनाए। पथुम निसांका ने 19, नितीश राणा ने 15, आशुतोष शर्मा ने 14, करुण नायर ने 13, केएल राहुल ने 12 और अक्षर पटेल ने 2 रन बनाए। मिचेल स्टार्क बगैर खाता खोले नाबाद रहे। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नूर अहमद ने 2 विकेट लिए। अकील होसैन, मुकेश चौधरी, गुरजपनीत सिंह और जेमी ओवरटन ने 1-1 विकेट लिए। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए संजू सैमसन 52 गेंद पर 87 और कार्तिक शर्मा 31 गेंद पर 41 रन बनाकर नाबाद रहे। ऋतुराज गायकवाड़ 6 और उर्विल पटेल 17 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अक्षर पटेल और लुंगी एनगिडी ने 1-1 विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स की प्लेइंग 11 में एक बदलाव हुआ। काइल जैमीसन की जगह लुंगी एनगिडी को मौका मिला। चेन्नई सुपर किंग्स की प्लेइंग 11 में अकील होसैन और गुरजपनीत सिंह की वापसी हुई।

## 202 रन और 187 का स्ट्राइक रेट

# सैमसन ने चेपक के बाद कोटला में भी उधेड़ी दिल्ली कैपिटल्स की बखिया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में 48वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हरा दिया। चेन्नई सुपर किंग्स की जीत के नायक संजू सैमसन रहे। चेपक में दोनों टीमों के बीच सीजन के पहले भिड़ंत में नाबाद 101 रनों की पारी खेलने वाले संजू ने कोटला में भी दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दो मैचों को मिलाकर संजू ने 187 के स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए। अपनी नई फ्रेंचाइजी चेन्नई



सुपर किंग्स के लिए संजू सैमसन की शुरुआत काफी खराब रही थी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 6, पंजाब किंग्स के खिलाफ 7 और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ वह 9 रन बनाकर आउट हो गए थे। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मैच दिल्ली कैपिटल्स से था। उन्होंने इस मैच में 56 गेंद पर नाबाद 115 रन ठोक दिए।

**संजू सैमसन का दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन-** संजू सैमसन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 48 रन बनाए। फिर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 7 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने नाबाद 101 रनों की पारी खेली।

## गोंडा रैंकिंग टूर्नामेंट से पहले

# विनेश को झटका

## डोप टेस्ट न कराने पर नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** गोंडा में होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट से पहले पहलवान विनेश फोगाट को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने 18 दिसंबर 2025 को प्रतियोगिता से इतर हुए डोपिंग परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने के मामले में नोटिस भेजा है। पिछले 12 महीनों में यह पहली बार है जब उन्होंने रहने के स्थान संबंधी नियम का उल्लंघन किया है। चार मई 2026 को भेजे गए पत्र में आईटीए ने विनेश को बताया कि 19 जनवरी 2026 को उनके द्वारा दी गई सफाई की समीक्षा करने के बाद छूटे हुए परीक्षण को औपचारिक रूप से रिकॉर्ड कर लिया गया है।

इस नोटिस में पांच जनवरी 2026 को भेजे गए एक पिछले पत्र का भी जिक्र है, जिसमें परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने की बात उठाई गई थी और विनेश से इस पर जवाब मांगा गया था। यह नोटिस डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाता, लेकिन यह रहने के स्थान संबंधी नियम के तहत एक चेतावनी के तौर पर दिया जाता है। इस नियम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी हर समय अचानक होने वाले डोपिंग परीक्षण के लिए उपलब्ध रहें।

● **विनेश अपने रहने के स्थान को अपडेट करने में नाकाम रहीं-** वह बेंगलुरु से चंडीगढ़ गई थीं, जिससे उनका नियमित रूटीन बिगड़ गया था। एजेंसी ने यह भी ध्यान में रखा कि हाल ही में उनके घर बच्चा हुआ था, जिससे उनकी निजी जिम्मेदारियां और बढ़ गई थीं। परीक्षण के दौरान विनेश ने कथित तौर पर पूरा सहयोग किया और डीसीओ को बताया कि वह बैठकों के सिलसिले में चंडीगढ़ में मौजूद हैं। हालांकि, आईटीए ने यह फैसला दिया कि अपना कार्यक्रम बदलने के बावजूद विनेश समय पर अपने रहने के स्थान को अपडेट करने में नाकाम रहीं। इसमें बताया गया कि खिलाड़ियों को किसी भी बदलाव के बाद 'जितनी जल्दी हो सके' अपनी जानकारी अपडेट करनी होती है और किसी भी हाल में तय 60 मिनट के समय से पहले।

### विनेश के पास 7 दिन का समय

आखिर में यह फैसला सुनाया गया कि इस छूटे हुए परीक्षण को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। आईटीए ने साफ किया कि 12 महीने के अंदर विनेश के साथ स्थान की जानकारी नहीं देने का यह पहला मामला है। विनेश को चार मई से सात दिन का समय दिया गया है कि अगर उन्हें लगता है कि यह परीक्षण उनकी लापरवाही की वजह से नहीं छूटा था तो वह इस फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील कर सकती हैं।

### नोटिस में क्या कहा गया

एजेंसी ने कहा कि विनेश ने 18 दिसंबर को या उससे पहले अपने स्थान को बदलने के लिए एसएमएस, ईमेल या मोबाइल ऐप जैसे दूसरे तरीकों का इस्तेमाल नहीं किया। नोटिस में कहा गया, 'ऊपर बताई गई बातों को देखते हुए आईटीए का मानना ??है कि आप यह साबित नहीं कर पाईं कि आपकी तरफ से इस चूक में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं हुई या इसमें आपकी कोई भूमिका नहीं थी।'

### दो साल तक का प्रतिबंध लग सकता है

यूनाइटेड विश्व रेस्लिंग और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार एक साल के भीतर तीन बार परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने या अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में चूक होने पर इसे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसा होने पर खिलाड़ी पर दो साल तक का प्रतिबंध लग सकता है।

### घटना 18 दिसंबर 2025 की

आईटीए ने बताया कि यह घटना 18 दिसंबर 2025 को हुई थी। उस दिन एक डोपिंग नियंत्रण अधिकारी विनेश के लिए तय किए गए 60 मिनट के परीक्षण समय के दौरान उन्हें उनके बताए गए स्थान पर नहीं पाया था। डोपिंग रोधी नियमों के तहत 'पंजीकृत परीक्षण पूल' में शामिल खिलाड़ियों को हर दिन सुबह छह बजे से रात 11 बजे के बीच एक घंटे का ऐसा समय बताना होता है जिस दौरान वे बिना किसी पूर्व सूचना के होने वाले डोपिंग परीक्षण के लिए उपलब्ध रहें। हालांकि, आईटीए ने माना कि उस दिन विनेश हरियाणा विधानसभा के पहले शीतकालीन सत्र में हिस्सा ले रही थीं।

### विनेश ने संन्यास लिया वापस

अगर वह ऐसा नहीं करतीं तो यह फैसला आखिरी माना जाएगा। यह घटनाक्रम विनेश के उस ऐलान के कुछ महीनों बाद सामने आया है जिसमें उन्होंने दिसंबर 2025 में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी की बात कही थी। इससे पहले 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद उन्होंने संन्यास ले लिया था। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में अधिक वजन होने की वजह से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने आरटीपी में दोबारा पंजीकरण करवाया।

### नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में लेंगी हिस्सा

यह एक ऐसा ग्रुप है जो खास तौर पर उन बेहतरीन खिलाड़ियों के लिए बनाया गया है जिन्हें प्रतियोगिता से बाहर भी सख्त डोपिंग परीक्षण से गुजरना पड़ता है। गोंडा में होने वाला नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट विनेश की वापसी का पहला टूर्नामेंट है। उन्होंने डब्ल्यूएफआई पर आरोप लगाया था कि वह उन्हें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से रोक रहा है। बाद में उन्हें यह भी डर सताने लगा था कि कहीं रेफरी उनके साथ भेदभाव नहीं करें।

### आईटीए के बारे में जानें

डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने इस ओलंपियन को सुरक्षा और मुकाबले में हिस्सा लेने का पूरा-पूरा मौका देने का भरोसा दिलाया। आईटीए वह संस्था है जो ओलंपिक और दुनिया की दूसरी बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में डोपिंग रोधी कार्यक्रमों का संचालन करती है। लुसाने में स्थित आईटीए लगभग 50 अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों के डोपिंग रोधी कार्यक्रमों का भी संचालन करती है।

# अंबाती रायुडू नई पारी खेलने को तैयार

## हैदराबाद क्रिकेट संघ में मिली अहम जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू को मंगलवार (5 मई) को हैदराबाद क्रिकेट संघ के क्रिकेट संचालन का प्रमुख नियुक्त किया गया। हैदराबाद के पूर्व कप्तान 40 वर्षीय रायुडू शुरुआती तीन साल के कार्यकाल के लिए तुरंत प्रभाव से कार्यभार संभालेंगे। रायुडू ने एक्स पर कहा, 'मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि न्यायाधीश पी नवीन राव , एम जीवन रेड्डी (सचिव, एसीए) और एपेक्स काउंसिल ने मुझे एचसीए के क्रिकेट संचालन का प्रमुख नियुक्त किया है।'रायुडू ने कहा कि वह व्यवस्था के कुछ पहलुओं को आसान बनाना चाहते हैं। उन्होंने यहां के टैलेंट पूल और भारतीय टीम के लिए और खिलाड़ी तैयार करने की क्षमता को लेकर भी उत्साह जताया।

**चीजों को सुधारने का बढ़िया मौका-** भारत के लिए 58 वनडे और छह टी20 खेलने वाले रायुडू ने कहा, 'यह कुछ चीजों को सुधारने का एक बढ़िया मौका है। मैं हैदराबाद और तेलंगाना में क्रिकेट की जबरदस्त प्रतिभा को आगे बढ़ते हुए और देश का प्रतिनिधित्व करने वाले और खिलाड़ी तैयार होते देखने के लिए और भी ज्यादा उत्साहित हूं।'

### अंबाती रायुडू का इंटरनेशनल करियर

अंबाती रायुडू ने भारत के लिए 55 वनडे की 50 पारियों में 47.05 के औसत से 1694 रन बनाए। उन्होंने 3 शतक और 10 अर्धशतक लगाए। वह 2019 वर्ल्ड कप में नहीं चुने गए थे। इसके बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह संन्यास से वापस आए, लेकिन भारत के लिए नहीं खेले। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 6 मैच की 5 पारियों में 10.50 के औसत से 42 रन बनाए। वह 2015 वर्ल्ड कप का भी हिस्सा रहे, लेकिन एक भी मैच नहीं खेले।

## मुंबई इंडियंस कप्तान पर नहीं फोड़ेगी नाकामी का ठीकरा

# मैनेजमेंट ने पंड्या को दी क्लीन चिट



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बीच मुंबई इंडियंस अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। हालांकि, टीम मैनेजमेंट ने इस खराब फॉर्म के लिए सीधे तौर पर कप्तान हार्दिक पंड्या को जिम्मेदार नहीं माना है। फ्रेंचाइजी का मानना है कि टीम की असली समस्या बदलते टी20 ट्रेंड के मुताबिक सही कॉम्बिनेशन और रणनीति नहीं बना पाना है, जिसके चलते मुंबई इंडियंस लगातार दबाव में नजर आई है।

'द इंडियन एक्सप्रेस' को पता चला है कि कप्तान के तौर पर हार्दिक पंड्या की स्थिति पर तत्काल कोई खतरा नहीं है। फ्रेंचाइजी मैनेजमेंट अब भी हार्दिक पंड्या का समर्थन कर रहा है और टीम की मुश्किलों को उनकी कप्तानी का नतीजा नहीं मानता। उसका मानना ??है कि मुंबई इंडियंस इस टूर्नामेंट में खेल के बदलते अंदाज के हिसाब से ढलने में थोड़ी धीमी रही है।

आईपीएल 2026 में कई टीमों ने अपने ओपनर्स की धमाकेदार शुरुआत और ऐसे गेंदबाजों पर भरोसा किया है, जो पावरप्ले के साथ-साथ डेथ ओवर्स में भी असर डाल सकें। हालांकि, मुंबई इंडियंस लगातार इस पैटर्न को दोहरा नहीं पाई, जिसकी वजह से दोनों ही पारियों में उस पर दबाव बना रहा है।

मुंबई इंडियंस ढ्ढक्क 2024 से पहले एक बड़े कदम के तहत हार्दिक पंड्या को टीम में लाई थी। आईपीएल 2026 में हार्दिक पंड्या का अब तक का प्रदर्शन औसत रहा है। हार्दिक पंड्या ने 8 मैचों में 146 रन बनाए हैं और 4 विकेट लिए हैं। हार्दिक ने दो मैच मिस (दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नहीं खेल पाये) भी किये हैं। हालांकि, मुश्किलें सिर्फ कप्तान तक ही सीमित नहीं रही हैं।

कई सीनियर खिलाड़ी भी अपनी बेहतरीन फॉर्म में नहीं दिखे। इस कारण भी मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन और भी ज्यादा अनियमित हो गया है। आमतौर पर टीम के सबसे भरोसेमंद गेंदबाजों में शामिल जसप्रीत बुमराह ने 10 मुकाबलों में सिर्फ तीन विकेट लिए हैं। सूर्यकुमार यादव ने 10 मैचों में 195 रन बनाए हैं। वह गेंदबाजों पर वैसा दबदबा नहीं बना पाए हैं जैसा आमतौर पर बनाते हैं।

रोहित शर्मा ने इस सीजन कुछ ही मैच खेले हैं। इसका असर भी टीम के टॉप ऑर्डर की स्थिरता पर पड़ा है। नतीजन मुंबई इंडियंस को अक्सर या तो बिना किसी मजबूत शुरुआत के बड़े स्कोर का पीछा करना पड़ा है, या फिर शुरुआती विकेट न मिलने की वजह से वह अपने स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही है।

इन दिक्कतों के बावजूद मैनेजमेंट को पूरा भरोसा है कि टीम बचे हुए मुकाबलों में अपनी किस्मत बदल सकती है। टीम के अंदर यह विश्वास है कि कुछ अहम खिलाड़ियों के कुछ जबरदस्त प्रदर्शन से आईपीएल 2026 की अंक तालिका में उसकी स्थिति तेजी से बदल सकती है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का अगला मुकाबला रविवार 10 मई 2026 को रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

## आईसीसी ने जारी की सलाना टी20 रैंकिंग

# भारत की बादशाहत बरकरार, इंग्लैंड के करीब पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** तीन बार के विश्व कप विजेता भारत ने मंगलवार (5 मई) को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारत मार्च में इतिहास रचते हुए टी20 विश्व कप का खिताब सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बना था। साथ ही टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह खिताब जीता था। भारत ने श्रीलंका के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'नवीनतम रैंकिंग में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को शत प्रतिशत और उससे पिछले दो वर्षों के 50 प्रतिशत मुकाबले जोड़े गए हैं।' आईसीसी ने कहा, '275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत की इंग्लैंड (262 अंक) पर बढ़त एक अंक कम हुई है जबकि ऑस्ट्रेलिया 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के और करीब आ गया है।'

**शीर्ष सात स्थान में कोई बदलाव नहीं-** दो बार के विजेता इंग्लैंड के 262 जबकि एक बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के 258 अंक हैं। आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष सात टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

न्यूजीलैंड (247), दक्षिण अफ्रीका (244), पाकिस्तान (240) और वेस्टइंडीज (233) अपने-अपने स्थानों पर बरकरार हैं। हालांकि श्रीलंका (221) को छह रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है।



### अमेरिका ने दो स्थान की छलांग लगाई

बांग्लादेश (225) एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान (220) 10वें स्थान पर है और श्रीलंका तथा उसके बीच का अंतर बहुत कम है। जिम्बाब्वे और आयरलैंड क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर हैं। आईसीसी ने कहा, 'उत्तरी अमेरिका में क्रिकेट की उभरती हुई शक्ति अमेरिका ने छह अंक हासिल करते हुए दो स्थान की छलांग लगाई है। वह 13वें स्थान पर पहुंच गया है और उसने नीदरलैंड (14वें) तथा स्कॉटलैंड (15वें) को पीछे छोड़ दिया है।'

### नेपाल-ओमान को फायदा

आईसीसी ने कहा, 'नामीबिया 16वें स्थान पर बरकरार है जबकि नेपाल (17वें) और ओमान (19वें) को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। उन्होंने क्रमशः यूएई (18वें) और कनाडा (20वें) को पीछे छोड़ा।' आईसीसी ने साथ ही बताया कि रैंकिंग में शामिल टीम की संख्या 102 से घटकर 98 हो गई है क्योंकि पिछले तीन साल में जरूरी आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने में नाकाम रहने के कारण फिजी, गाम्बिया, यूनान और इजराइल इस सूची में जगह नहीं बना पाए।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में भाटी माइंस के जंगल में मिला 9वीं के छात्र का शव

नई दिल्ली , एजेंसी। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित भाटी माइंस के जंगल में बुधवार सुबह 14 वर्षीय छात्र का शव मिलने से सनसनी मच



गई। मृतक भाटी माइंस का ही रहने वाला और नौवीं कक्षा का छात्र बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच के मुताबिक गला घोंटकर हत्या की बात सामने आ रही है। वहीं, स्वजन का आरोप है कि भाटी माइंस के ही कुछ बच्चों के साथ दो दिन पहले उसका झगड़ा हुआ था। पुलिस स्वजन के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड: सोनम रघुवंशी को मिली बेल पर घमासान



नई दिल्ली, एजेंसी। मध्य प्रदेश के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपित सोनम रघुवंशी की जमानत को मेघालय सरकार ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। सरकार ने निचली अदालत का बेल आर्डर रद करने की मांग की है। मंगलवार को हाई कोर्ट ने सोनम को नोटिस जारी किया है। साथ ही अगले सप्ताह सुनवाई निर्धारित की है। उधर, सोनम को जमानत मिलने के बाद उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह सहित चार अन्य आरोपितों ने भी जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर न्यायालय ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। मेघालय सरकार का कहना है कि ईस्ट खासी हिल्स की सेशंस कोर्ट ने जमानत देते समय अपराध की गंभीरता और उसके न्यायिक प्रभावों पर पर्याप्त विचार नहीं किया। सोनम को उसकी गिरफ्तारी के कारणों की पूरी जानकारी थी, इससे जुड़े दस्तावेज भी अदालत में पेश किए। बता दें कि राजा रघुवंशी पत्नी सोनम के साथ हनीमून के लिए शिलांग गया था। जहां उसकी हत्या की हो गई। पुलिस ने सोनम, राज कुशवाह के अलावा विशाल चौहान, आनंद कुर्मी और आकाश राजपूत को भी गिरफ्तार किया था। 27 अप्रैल को न्यायमूर्ति डब्ल्यू. डिएंगडोह की कोर्ट ने गिरफ्तारी प्रक्रिया में खामियों का हवाला देते हुए सोनम को जमानत दी थी। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा था कि सोनम को गिरफ्तारी के आधार की जानकारी ही नहीं दी गई।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने इंजीनियर रशीद को अपने पिता से मिलने की दी अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जेल में बंद बारामूला सांसद शेख अब्दुल रशीद उर्फ ??इंजीनियर रशीद को 10 मई तक हर दिन 12 घंटे के लिए राष्ट्रीय राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अपने बीमार पिता से मिलने की मंगलवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने आतंकी वित्तपोषण मामले में जेल में बंद रशीद को श्रीनगर में अपने पिता से मिलने के लिए अंतरिम जमानत देने के अपने पूर्व के आदेश में संशोधन करते हुए स्पष्ट किया कि एम्स में मुलाकात के बाद वह जेल लौट आएंगे। पीठ ने कहा कि रशीद के साथ कम से कम दो पुलिसकर्मी सादी वर्दी में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा अन्य शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी। अदालत ने यह भी कहा कि पुलिसकर्मी एम्स में उनके पिता के वार्ड के बाहर तैनात रहेंगे। अदालत ने कहा, चूंकि अपीलकर्ता के पिता पहले से ही दिल्ली के एम्स में भर्ती हैं और 28 अप्रैल के आदेश का उद्देश्य अपीलकर्ता को अपने पिता के साथ समय बिताने की अनुमति देना था इसलिए आदेश में संशोधन किया जाता है .

# राहुल गांधी का भारतीय जनता पार्टी पर तंज, कहा-वोट चोरी से सीटें चुराई जाती हैं...

नई दिल्ली , एजेंसी। चार राज्यों सहित एक केंद्र शासित प्रदेश में चुनावी परिणाम के बाद विपक्ष लगातार भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगा रहा है। वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार। लोकसभा के 240 भाजपा सांसदों में से, मोटे तौर पर हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है। पहचानना मुश्किल नहीं- क्या उन्हें भाजपा की भाषा में 'घुसपैठिए' कहें? और हरियाणा, वहां तो पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है।' उन्होंने लिखा कि जो संस्थाएं अपनी जेब में रखते हैं, जो मतदाता सूचियों और चुनावी प्रक्रिया को तोड़-मरोड़ देते हैं- वो खुद रिमोट से नियंत्रित हैं। उन्हें असली डर सच्चाई का है। क्योंकि निष्पक्ष चुनाव हो जाएं, तो आज ये 140 के पास भी नहीं जीत सकते।

राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में

**कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा**



गड़बड़ी होती है और अगर चुनाव पूरी तरह साफ-सुथरे हों तो नतीजे अलग हो सकते हैं।

वहीं, इससे पहले चुनावी नतीजों के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि असम और पश्चिम बंगाल में चुनाव 'चोरी' किए गए हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा था कि असम और पश्चिम बंगाल ऐसे स्पष्ट उदाहरण हैं, जहां भाजपा ने चुनाव आयोग के समर्थन से चुनाव चुराया है। हम सीएम ममता बनर्जी से सहमत हैं। पश्चिम बंगाल में 100 से ज्यादा सीटें चुराई गईं। हमने पहले भी मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और 2024 के लोकसभा चुनाव में यह तरीका देखा है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि चुनाव चोरी, संस्था चोरी- अब और चारा ही क्या है।

इससे पहले, टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने भी भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने 100 से ज्यादा सीटें लूट लीं। चुनाव आयोग भाजपा का आयोग बन गया है। आपको लगता है कि यह जीत है? यह एक अनैतिक जीत है। चुनाव आयोग ने जो कुछ भी किया, वह पूरी तरह से गैर-कानूनी और लूट है।

## अब कैसे करेंगे डिपॉजिट और विड्रॉल? बदल गए पोस्ट ऑफिस के दो नियम

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आपका भी डाकघर (पोस्ट ऑफिस) में खाता है या फिर पोस्ट ऑफिस की स्कीम में इन्वेस्टमेंट करते हैं तो इसके कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। यह बदलाव आयकर नियम, 2026 के तहत किया गया है। अब किसी भी वित्तीय लेन-देन के लिए पैन कार्ड जरूरी कर दिया है। इसका मतलब है कि अब बिना पैन कार्ड के डिपॉजिट और विड्रॉल नहीं किया जा सकता। इसके अलावा एक फॉर्म को लेकर भी बदलाव किया गया है। नए आयकर नियम, 2026 के तहत पोस्ट ऑफिस और आईपीपीबी में पैन कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। फिर चाहते खाता खोलना हो, पैसा जमा करना हो, पैसा निकालना हो या फिर एफडी और निवेश करना हो। इन सभी कामों के लिए पैन कार्ड जरूरी हो गया है। दरअसल, सरकार का उद्देश्य है कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, बढ़े लेन-देन पर नजर बनी रहेगी और टैक्स की चोरी रोकना है। अगर आपके पास पैन कार्ड नहीं है तो आपको अब फॉर्म 97 भरना होगा। साथ में पहचान और ट्रांजैक्शन डिटेल देनी होगी। इसके साथ ही एक और बड़ा बदलाव किया गया है। वह ये है कि फॉर्म 15जी और 15एच अब मिलाकर फॉर्म 121 कर दिया गया है।

## दिल्ली में प्रदूषण कम करने की बड़ी पहल, इस महीने से एमसीडी फ्री करेगी शवदाह

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण अनुकुल अंतिम संस्कार को बढ़ावा देने के लिए जून से इलेक्ट्रिक और सीएनजी आधारित शवदाह निश्शुल्क कर देगा। इसके लिए एमसीडी ने पूर्व में ही प्रस्ताव पारित कर दिया है।

निगम के अनुसार 33 श्मशान घाटों व शवदाह गृहों के



संचालन की जिम्मेदारी स्वयंसेवी संस्थाओं को सौंपने की प्रक्रिया चल रही है। जून में यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक और सीएनजी आधारित अंतिम संस्कार निश्शुल्क शुरू हो जाएगा। निगम अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की बढ़ती समस्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसलिए शुरुआती तौर पर दो वर्ष के लिए यह सेवा दी जाएगी। हालांकि इलेक्ट्रिक और सीएनजी शवदाह संचालन की मशीनों पर मरम्मत के आने वाले खर्च के लिए एमसीडी प्रति संस्कार एनजीओं को 500 रुपये की मदद देगी। उन्होंने बताया क इससे प्रति संस्कार करीब 700 किलो लकड़ी भी बचेगी। साथ ही इसके जलने से होने वाले धुंए का उत्सर्जन भी कम होगा। अधिकारी ने आगे बताया कि वर्तमान में सराय काले खां, रोहिणी सेक्टर-26 (कैवल्य धाम), द्वारका सेक्टर-24, ग्रीन पार्क, कड़कड़डूमा, गाजीपुर, सुभाष नगर, पंजाबी बाग और हस्तसाल समेत नौ स्थानों पर सीएनजी आधारित दाह संस्कार की सुविधा उपलब्ध है। अधिकारी ने बताया कि जल्द ही नवनिर्मित सराय काले खां श्मशान घाट का भी संचालन शुरू होगा। यहां एक सीएनजी और दो इलेक्ट्रिक भट्टियां पहले से मौजूद है। जबकि 22 पारंपरिक चितां हैं। इस नवनिर्मित श्मशान घाट के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। जहां पर लोगों के बैठने की सुविधा का विस्तार किया गया है।

## पश्चिम बंगाल में हिंसा को लेकर चुनाव आयोग सख्त, कार्रवाई के दिए आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की शानदार जीत के बाद राज्य में हिंसा और तोड़फोड़ में शामिल लोगों के खिलाफ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चीफ इलेक्शन कमिश्नर ने पश्चिम बंगाल के चीफ सेक्रेटरी, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस कोलकाता पुलिस कमिश्नर और सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज के डायरेक्टर जनरल के साथ-साथ सभी डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, सुपरिटेंडेंट



ऑफ पुलिस और पुलिस अधिकारियों को लगातार पेट्रोलिंग करने का आदेश दिया।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव के बाद होने वाली हिंसा को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अशांति फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी सहित त्वरित कार्रवाई करें। इसका उद्देश्य स्थिति को नियंत्रण में लाना और आगे की झड़पों को रोकना है। चुनाव परिणाम आने के बाद से राज्य के कई हिस्सों से हिंसा की खबरें आई हैं। कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में जीत के जश्न से जुड़ी झड़पों के दौरान कथित तौर पर एक भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

# राज्यसभा सीटों पर छिड़ी जंग, केजरीवाल का ऐलान- भाजपा से लेंगे चुन-चुन कर बदला

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पंजाब की जनता की राज्यसभा सीटों को हड़पने का आरोप लगाया। यह आरोप तब लगाया गया जब आम आदमी पार्टी के सात सांसदों ने भाजपा में शामिल हो गए। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी आगामी फरवरी चुनावों में इस कथित लूट का बदला लेगी। राजधानी में अपने पार्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि सात लोग जो आम आदमी पार्टी छोड़कर चले गए हैं, भाजपा ने चोरी की है। ये छह राज्यसभा सीटें पंजाब की जनता की थीं। भाजपा ने उन्हें लूट लिया है। हम अगले साल फरवरी में इसका बदला लेंगे।

उनकी ये टिप्पणी भाजपा सांसद राघव चड्ढा के उन आरोपों के जवाब में आई है, जिनमें उन्होंने पंजाब सरकार पर आम आदमी पार्टी के उन पूर्व सांसदों को निशाना बनाने का आरोप लगाया था, जिन्होंने पाला बदलकर भाजपा में शामिल हो गए थे। चड्ढा ने इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर पंजाब सरकार पर



सांसदों को डराने-धमकाने और उनके संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करने पर उन्हें निशाना बनाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था।

एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में चड्ढा ने दावा किया कि पंजाब में आप सरकार ने सतर्कता बोर्ड और प्रदूषण बोर्ड का इस्तेमाल करके 'बदले का खतरनाक खेल' खेला है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पंजाब सरकार के फंड का इस्तेमाल करके सरकारी एजेंसियों को सोशल मीडिया पर उन्हें और अन्य सांसदों को धमकाने के लिए नियुक्त किया गया था। इस बीच, केजरीवाल ने अपने संबोधन में भाजपा द्वारा 'लोकतंत्र का अपहरण और हत्या' किए जाने पर चिंता व्यक्त की और पश्चिम बंगाल और असम में पार्टी की विवादास्पद जीत का उदाहरण दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने विरोधियों को कमजोर करने के लिए मतदाता सूची से नाम हटाने जैसी हथकंडे अपना रही है, और विशेष रूप से 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपनी हार का जिक्र किया।

केजरीवाल ने कहा कि वे सभी वोट रद्द कर देते हैं, और कुछ भी नहीं बचता। यही अराजकता पूरे देश में हो रही है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 206 सीटें जीतकर राज्य में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, जो 2021 के विधानसभा चुनावों में उसकी 77 सीटों की जीत से कहीं अधिक है। तृणमूल कांग्रेस, जिसने पिछले विधानसभा चुनाव में 212 सीटें जीतकर शानदार जीत हासिल की थी, 80 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही।

## जमैका के बाद सूरीनाम पहुंचे जयशंकर, पारामारीबो में हवाई अड्डे पर हुआ गर्मजोशी से स्वागत

पारामरिबो , एजेंसी। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को सूरीनाम पहुंचे, जहां उनकी वहां के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता होने वाली है। तीन कैरिबियाई देशों की यात्रा के दूसरे चरण में उन्होंने अपने समकक्ष मेल्विन बुवा से मुलाकात की, जिन्होंने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जयशंकर ने कहा कि वह पहली बार पारामारीबो (सूरीनाम की राजधानी) पहुंचे हैं और बातचीत को लेकर उत्साहित हैं। इस दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और सूरीनाम के बीच खास संबंध हैं, क्योंकि वहां बड़ी संख्या में गिरमिटिया समुदाय के लोग रहते हैं। ये वे भारतीय मजदूर थे जो 19वीं सदी में अनुबंध के तहत विदेश में काम करने गए थे और बाद में वहीं बस गए। इस यात्रा के बाद जयशंकर त्रिनिदाद और टोबैगो भी जाएंगे। इससे पहले वह जमैका का दौरा कर चुके हैं, जहां कई अहम समझौते हुए और सहयोग बढ़ाने पर बातचीत हुई। भारत ने जमैका को स्वास्थ्य और आपदा राहत के तहत डायलिसिस यूनिट, मछली पकड़ने वाली नावें और जीपीएस उपकरण देने का निर्णय लिया है। यह सहायता पिछले साल आए तूफान के बाद पुनर्निर्माण में मदद के लिए दी जा रही है। जयशंकर ने जमैका में कई समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए और दोनों देशों ने डिजिटल, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीट के लिए जमैका के समर्थन और आतंकवाद के खिलाफ रुख पर एकुजटता की सराहना की। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीय समुदाय से भी मुलाकात की।

## मिशन दृष्टि सैटेलाइट लॉन्च की मुरीद हुई दुनिया: पीएम मोदी के पोस्ट पर एलन मस्क का जवाब, सफलता पर दी बधाई

वाशिंगटन, एजेंसी। भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। बंगलूरू स्थित स्पेस स्टार्टअप के मिशन दृष्टि सैटेलाइट के सफल प्रक्षेपण पर एलन मस्क ने कंपनी को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा था कि मिशन दृष्टि भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ा मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि दुनिया के पहले ह्श्वह्लश्च्क्र सैटेलाइट और भारत के सबसे बड़े निजी तौर पर निर्मित उपग्रह का सफल प्रक्षेपण देश के युवाओं की नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मोदी ने लिखा कि गैलेक्सीआई का मिशन दृष्टि हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के पहले ऑप्टोस्टार सैटेलाइट और भारत में निजी क्षेत्र द्वारा बनाए गए सबसे बड़े उपग्रह का सफल लॉन्च युवाओं के नवाचार और राष्ट्र निर्माण के जुनून का प्रमाण है।

मिशन दृष्टि सैटेलाइट को रविवार को स्पेसएक्स के 9 रॉकेट के जरिए कैलिफोर्निया से लॉन्च किया गया। इस लॉन्च को भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए बड़ी सफलता माना



जा रहा है। मिशन दृष्टि सैटेलाइट को अत्याधुनिक इमेजिंग तकनीक से लैस किया गया है। इसमें लगे हाई-टेक कैमरे और एडवांस सेंसर धरती की बेहद साफ और हाई-रेजोल्यूशन तस्वीरें लेने में सक्षम हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह हर मौसम में काम कर सकता है। घने बादल, बारिश, खराब मौसम या रात का अंधेरा भी इसकी निगरानी क्षमता को प्रभावित नहीं कर पाएगा।

यह सैटेलाइट भारत की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसकी रियल-टाइम मॉनिटरिंग क्षमता के जरिए सीमाओं पर होने वाली गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सकेगी। खासतौर पर चीन और पाकिस्तान से सटे इलाकों में किसी भी संदिग्ध हलचल का तेजी से पता लगाया जा सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि सैटेलाइट से मिलने वाला सटीक डेटा सेना को रणनीतिक फैसले लेने में मदद करेगा। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देना आसान होगा और निगरानी प्रणाली पहले से अधिक प्रभावी बनेगी।

## चीनी विदेश मंत्री की ईरानी समकक्ष से मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों और प. एशिया संकट पर चर्चा

बीजिंग, एजेंसी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को बीजिंग में अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से मुलाकात की। चीनी सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इस बैठक की जानकारी दी। हालांकि, इसमें अधिक विवरण साझा नहीं किया गया। इस बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने उम्मीद जताई कि चीन इस यात्रा के दौरान ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण कम करने की बात करेगा और क्षेत्र में तनाव घटाने की दिशा में संदेश देगा। इससे पहले ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने जानकारी दी थी कि इस दौरे के दौरान अराघची अपने चीनी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय संबंधों और पश्चिम एशिया में जारी संकट समेत क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान अराघची चीन के अपने समकक्ष वांग यी के साथ दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने और मौजूदा वैश्विक स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि अराघची की यह यात्रा वांग यी के निमंत्रण पर हो रही है और दोनों नेताओं के बीच बातचीत होगी। अराघची ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि यह यात्रा कई देशों के साथ जारी कूटनीतिक बातचीत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान वह चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# एआई अपनाने की अंधी दौड़ में कंपनियों पर मंडराया खतरा

वाशिंगटन, एजेंसी। तकनीक की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ने की होड़ में भारत की कई कंपनियां एक बहुत बड़े और गंभीर खतरे की तरफ बढ़ रही हैं। आज के समय में हर छोटी-बड़ी कंपनी अपने काम को आसान, तेज और आधुनिक बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का जमकर सहारा ले रही है। लेकिन, इस अंधी दौड़ में वे अपनी सबसे अहम चीज यानी बुनियादी सुरक्षा को पूरी तरह से भूलती जा रही हैं। कंपनियों के पास साइबर हमलों से बचने के लिए जो एक मजबूत और ठोस बुनियादी सुरक्षा ढांचा होना चाहिए, उसकी भारी कमी साफ नजर आ रही है। इसी लापरवाही के कारण कंपनियों पर बड़े साइबर हमलों का भारी खतरा मंडरा रहा है। यह चौंकाने वाला खुलासा जाने-माने सॉफ्टवेयर संगठन जोहो कॉर्प की एक ताजा रिपोर्ट में हुआ है।

जोहो कॉर्प द्वारा जारी की गई 'स्टेट ऑफ वर्कफोर्स पासवर्ड सिक्योरिटी रिपोर्ट-2026' में कंपनियों की साइबर सुरक्षा तैयारियों को लेकर कई बड़े दावे किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के 93 प्रतिशत संगठन यह तो मानते हैं कि एआई का इस्तेमाल उनकी साइबर सुरक्षा को और भी ज्यादा मजबूत बनाएगा, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। सच्चाई यह है कि देश की हर तीन में से एक कंपनी अब तक 'जीरो ट्रस्ट फ्रेमवर्क' यानी आधुनिक साइबर सुरक्षा का ढांचा ही अपने यहां

**बुनियादी ढांचे की कमी से बढ़ा साइबर अटैक का जोखिम**

लागू नहीं कर पाई है। जीरो ट्रस्ट फ्रेमवर्क का सीधा सा मतलब है



किसी पर भी आसानी से भरोसा न करना और हर स्तर पर सुरक्षा की कड़ी जांच करना। इस अहम ढांचे के लागू न होने की वजह से ही शातिर साइबर ठगों के लिए इन कंपनियों के जरूरी डेटा में सेंध लगाना बहुत आसान होता जा रहा है। टिगॉन एडवायजरी कॉर्प की तरफ से जोहो वॉल्ट के लिए दुनिया भर में किए गए इस विस्तृत वैश्विक सर्वे में एक बहुत बड़ा अंतर सामने आया है। यह अंतर भारतीय कंपनियों के सुरक्षा को लेकर उनके अति-आत्मविश्वास और उनकी असली तैयारियों के बीच का है। रिपोर्ट के अनुसार, 98 प्रतिशत भारतीय कंपनियां एआई पर आधारित नए सुरक्षा टूल्स को अपनाने की जोरदार योजना बना रही हैं। इसमें से 76 प्रतिशत कंपनियों का सबसे पहला ध्यान 'रियल-टाइम थ्रेट डिटेक्शन और रिस्पॉन्स' पर लगा हुआ है। इसका मतलब यह है कि वे ऐसी आधुनिक तकनीक चाहती हैं जो किसी भी साइबर खतरे को तुरंत पहचान ले और उसी वक्त उसका करारा जवाब भी दे सके।

सुरक्षा उपायों को बेहतर बनाने की इस तेज दौड़ में 56 प्रतिशत कंपनियों का ध्यान 'यूजर बिहेवियर एनालिटिक्स' पर है, यानी वे यह गहराई से समझना चाहती हैं कि सिस्टम का इस्तेमाल करने वाला व्यक्ति किस तरह का व्यवहार कर रहा है। वहीं, 55 प्रतिशत कंपनियां जोखिम पर आधारित 'एक्सेस कंट्रोल ऑटोमेशन' पर फोकस कर रही हैं, जिससे उनकी पूरी सुरक्षा व्यवस्था अपने आप बिना किसी इंसानी मदद के काम कर सके। लेकिन, इस पूरी अत्याधुनिक योजना में सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इन तकनीकों को अपनाने की चाहत तो बहुत है, लेकिन कंपनियों की जो सबसे बुनियादी सुरक्षा स्थिति है, वह अभी भी बहुत कमजोर बनी हुई है। बिना मजबूत नींव के ये तकनीकें बेअसर हैं।

# सपनों की ऊंची उड़ान: मजदूर की बेटी छोटी कुमारी बनी स्टेट टॉपर



**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक द्वारा घोषित 12वीं (इंटरमीडिएट) के परीक्षा परिणामों में कसमार प्रखंड के हरनाद स्थित पीएम श्री क्षेत्रनाथ+2 उच्च विद्यालय की छात्रा छोटी कुमारी ने अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। छोटी ने इंटरमीडिएट आर्ट्स संकाय में पूरे राज्य में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### कठिन परिस्थितियों में गढ़ा कीर्तिमान

खैराचातर गांव की रहने वाली छोटी कुमारी की यह सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि उनके पिता भवानी शंकर नायक एक दैनिक मजदूर के रूप में कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। माता माला देवी गृहणी हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद छोटी ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से 500 में से 487 अंक हासिल कर यह मुकाम पाया है। इस वर्ष झारखंड बोर्ड का कुल पास प्रतिशत 96.14% रहा, जिसमें छात्राओं ने एक बार फिर बाजी मारी है। मुख्य विवरण निम्नलिखित हैं: हओवरऑल स्टेट टॉपर: राशिदा नाज (धनबाद) - 489 अंक (97.8%) आर्ट्स टॉपर: छोटी कुमारी (कसमार) - 487 अंक प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटी कुमारी ने 487 अंक प्राप्त किए हैं, जो उन्हें कला संकाय के शीर्ष गौरव पर प्रतिष्ठित करता है।

### क्षेत्र में खुशी की लहर, बधाई देने वालों का लगा तांता

छोटी कुमारी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर क्षेत्र के जन-प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने हर्ष व्यक्त किया है। खैराचातर पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल, वरिष्ठ समाजसेवी गौतम सागर, कुमार गौरव और कसमार प्रमुख नियति दे ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे पूरे कसमार क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है। समाजसेवी गौतम सागर ने कहा, "छोटी ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो गरीबी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। उनकी यह जीत ग्रामीण क्षेत्र की हजारों लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। छात्रा छोटी कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को दिया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में उत्सव का माहौल है।

# झरिया की रशीदा नाज बनी झारखंड साइंस टॉपर



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया के जमाडोबा रमजानपुर की रहने वाली रशीदा नाज ने जेक झारखंड साइंस स्ट्रीम में टॉप कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने 489 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता से उनके परिवार और इलाके में खुशी का माहौल है। रशीदा डीएवी प्लस टू हाई स्कूल पाथरडीह की छात्रा हैं और शुरू से ही पढ़ाई में काफी मेहनती रही हैं। एक साधारण परिवार से आने वाली रशीदा के पिता प्राइवेट नौकरी करते हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई में कभी कमी नहीं आने दी। रशीदा ने बताया की उन्होंने ऑनलाइन क्लासेस से ज्यादा स्कूल में पढ़ाई और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन पर भरोसा किया। उनका पसंदीदा विषय गणित है, जबकि सबसे ज्यादा अंक उन्हें केमिस्ट्री में मिले हैं। अपनी सफलता का श्रेय रशीदा अपने परिवार और शिक्षकों को देती हैं। उन्होंने खास तौर पर अपनी बड़ी बहन का जिक्र करते हुए कहा कि आठवीं कक्षा तक उन्होंने कोई कोचिंग नहीं की थी और उस समय उनकी बहन ने ही उन्हें पढ़ाई में मजबूत बनाया। रशीदा ने बताया कि उन्हें खुद भी उम्मीद नहीं थी कि वे टॉप करेंगी, लेकिन मेहनत, आत्मविश्वास और परिवार के सहयोग ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

# चोरी करने के बाद पान दुकान को किया आग के हवाले



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चोर दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने के बाद सबूत मिटाने के उद्देश्य से दुकान को आग के हवाले कर दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बोकारो सिटी थाना क्षेत्र सेक्टर वन बी में सामने आया है। देर रात दो चोर पान दुकान का ताला तोड़कर पहले सामान की चोरी करते हैं, उसके बाद वहां से निकलकर फरार हो जाते हैं। लेकिन कुछ देर बाद दुकान में आग लगने की सूचना मिलती है और मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड और पुलिस आग पर काबू पाने का काम करते हैं। इतना ही देर में दो दुकान जलकर पूरी तरह से खाक हो जाता है। इस घटना को लोग शॉर्ट सर्किट मानते हैं। लेकिन जब सुबह सीसीटीवी को देखने का काम पीड़ित दुकानदार के द्वारा किया जाता है तो दो चोरों की यह करतूत सामने आ जाती है। चोरों किया हरकत सामने आने के बाद पीड़ित दुकानदार ने इसकी सूचना थाने को दी है। चोरों के इस तरह के हरकत से अब दुकानदार भी दहशत में है। क्योंकि चोरी करने के बाद दुकान को ही नष्ट करने का काम किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कतरासगढ़-निचितपुर रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर निर्माण प्रस्ताव की जांच शुरू

**कतरास/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी मांग एवं आवागमन की समस्या को गंभीरता से लेते हुए धनबाद के सांसद ढुलू महतो द्वारा कतरासगढ़-निचितपुर रेलवे क्रॉसिंग संख्या पर फ्लाईओवर निर्माण को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र प्रेषित किया गया था। सांसद ढुलू महतो की पहल पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र भेजकर अवगत कराया है कि सांसद द्वारा दिए गए सुझावों एवं प्रस्ताव की जांच कराई जा रही है तथा जांच उपरांत आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह पहल क्षेत्र की जनता को जाम, दुर्घटना एवं दैनिक आवागमन की परेशानी से राहत दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सांसद ढुलू महतो लगातार धनबाद लोकसभा क्षेत्र के आधारभूत ढांचे, सड़क, रेल एवं जनसुविधाओं के विकास को लेकर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। सांसद ढुलू महतो ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सुविधा एवं विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाता रहेगा।

### साधनविहीन बच्चों को बैंककर्मियों ने उपलब्ध कराये कॉपी किताब

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियन्स के प्लेटिनम जुबली स्थापना दिवस एवं बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लाइज यूनियन झारखण्ड स्टेट के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश के अवसर पर स्थानीय




शाखाओं एवं कार्यालयों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सामाजिक सरोकार को मजबूती प्रदान करने हेतु पिछड़े एवं गरीब तबके के बच्चों के लिए भी अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। गरीब बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लाइज यूनियन झारखण्ड स्टेट की कार्यसमिति के निर्णयानुसार शाखाओं एवं कार्यालयों में कार्यरत कैजुअल कर्मचारी को यूनियन की सदस्यता प्रदान करने का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपने उपमहासचिव साथी एस एन दास, संगठन सचिव श्रकेश मिश्रा कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार , कुमारी प्रियंका ,विनय कुमार, शशि मिश्रा, जगन्नाथ दास, कृष्णा तिवारी, इंद्रजीत चौधरी और बैंक ऑफ इंडिया बोकारो शहर के सभी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### बोकारो जिला प्रशासन द्वारा फेसबुक लाइव पर जनगणना से संबंधित दी गई जानकारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनगणना से संबंधित जानकारी साझा करने के उद्देश्य से आईपीआरडी बोकारो के फेसबुक आईडी पर विशेष फेसबुक लाईव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनगणना 2027 के निमित आयोजित की गई, जिसमें नोडल पदाधिकारी-सह-जिला जनगणना पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता मो0 मुमताज अंसारी ने जनगणना 2027 के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विस्तार से जनगणना कार्यक्रम की चरणवार जानकारी दी एवं इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनसहभागिता सुनिश्चित करने की अपील आम जनता से की। उन्होंने जानकारी दी कि दिनांक-01 मई से 15 मई 2026 तक स्व-गणना का कार्य आरंभ हो चुका है। इसके उपरांत मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। स्व-गणना के दौरान आम नागरिक अधिकारिक पोर्टल पर स्वयं अपने परिवार एवं आवास संबंधित 33 प्रश्नों का उतर दर्ज कर सकते है। जिसकी पुष्टी बाद में प्रगणक के द्वारा की जायेगी। उन्होंने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए इसमें बढ-चढ कर हिस्सा लेने को कहा। कार्यक्रम में उनके सहयोगार्थी के रूप में जनगणना निदेशालय झारखण्ड रांची से आए जिला समन्वयक श्री सकलदेव प्रसाद, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री अशोक कुमार खलखो उपस्थित थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार के द्वारा किया गया।

# बीपीएल कोटा में एडमिशन के लिए 30 मई तक लिए जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

## 83 स्कूलों में बीपीएल कोटा की 1537 सीट उपलब्ध



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीपीएल कोटा में एडमिशन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। एडमिशन के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन स्वीकृत किए जाएंगे। आवेदक को संबंधित वार्ड पार्षद या पंचायत के मुखिया से अपने घर का पता सत्यापित करना अनिवार्य होगा। साथ ही घर के बाहर खींची गई जियो टैग तस्वीर लोकेशन के साथ अपलोड करनी होगी। एडमिशन के लिए 30 मई 2026 तक अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं बीपीएल कोटा में एडमिशन के लिए अभिभावकों को सही जानकारी देने से संबंधित एफिडेविट देना होगा। जबकि गलत जानकारी देने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार ने बताया कि जिले के सभी कोटि के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (अल्पसंख्यक विद्यालयों को छोड़कर) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीपीएल कोटा की 25% सीटों पर नामांकन होने हैं। जिसमें 83 स्कूलों के 1537 सीटों पर नामांकन के लिए आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नर्सरी या एलकेजी में 938, यूकेजी में 272 तथा कक्षा एक में 327 सीटों पर एडमिशन हो सकेगा। आवेदक को संबंधित वार्ड पार्षद या पंचायत के मुखिया से अपने घर का पता सत्यापित करना होगा। सभी आवेदन ऑनलाइन जमा करने होंगे। आवेदनों की जिला स्तर पर जांच की जाएगी। अभ्यर्थियों का सत्यापन घर-घर जाकर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवासीय पते के सत्यापन के लिए एक फॉर्मेट भी ऑनलाइन मिलेगा।

# आइजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) उत्तरी छोटनागपुर प्रक्षेत्र (बोकारो) शैलेन्द्र कुमार सिन्हा बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे। उनके आगमन पर वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। धनबाद आगमन के उपरांत आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार पहुंचे जहाँ उन्होंने जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ औपचारिक परिचय प्राप्त किया। परिचय सत्र के दौरान उन्होंने प्रत्येक अधिकारी से उनके कार्यक्षेत्र, जिम्मेदारियों, उपलब्ध संसाधनों तथा क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों की जानकारी विस्तार से ली। इसके पश्चात आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में आईजी ने जिले की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन, वारंट-निष्पादन, गश्ती व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अपराध के प्रति ह्यजीरो टॉलरेंसह्न की नीति अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बना रहे। आईजी ने विशेष रूप से संगठित अपराध, साइबर अपराध, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के मामलों में गंभीरता बरतने और त्वरित जांच एवं निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर मामलों के निष्पादन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान आईजी ने तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली को मजबूत करने, खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाने, अपराध संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा नियमित वाहन जांच अभियान चलाने पर भी जोर दिया। आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने एसएसपी प्रभात कुमार के नेतृत्व में धनबाद पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में संतोषजनक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को इस प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की सलाह दी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पुलिस आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित करे, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। इससे पुलिस के प्रति नागरिकों का विश्वास और अधिक मजबूत होगा। बैठक में सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव सहित सभी डीएसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता और समर्पण के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

# महिलाओं की सुरक्षा व धार्मिक भेदभाव का मामला

## हिंदू जनजागृती समिति के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात



**बोकारो/रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नासिक (महाराष्ट्र) स्थित 'टीसीएस' जैसी प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी में अनेक हिंदू महिला कर्मचारियों के साथ हुए यौन शोषण, धर्मांतरण के लिए दबाव, जबरन गोमांस खिलाने और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर करने की जो भयावह घटनाएं सामने आई हैं, वह केवल एक स्थान का मामला नहीं है। यह एक राष्ट्रव्यापी ह्यकॉर्पोरेट जिहादह्न का हिस्सा हो सकता है। इस गंभीर विषय को लेकर हिंदू जनजागृति समिति के पूर्वोत्तर भारत राज्य समन्वयक . शंभू गवारे ने झारखंड राज्य के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भेंट की और उन्हें इस प्रकरण की जांच हेतु ज्ञापन सौंपा। इस समय विश्व हिंदू परिषद के झारखंड राज्य अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत , समिति की पूजा चौहान तथा सी डी सिंह उपस्थित थे । इस अवसर पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा, "विषय बहुत गंभीर है, आप मुख्यमंत्री से मिलिए, मैं भी उन्हें आज ही विषय भेजता हूं तथा प्रधानमंत्री जी के पास भी भेजता हूं"।

### क्या है मामला :

नाशिक की कंपनी में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहां हिंदू युवतियों को प्रेम जाल (लव जिहाद) में फंसाना, उन पर मजहबी रीति-रिवाज थोपना और विरोध करने पर प्रताड़ित करने का संगठित तंत्र कार्यरत था। समिति का मानना है कि यह षड्यंत्र मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर और रांची जैसे बड़े शहरों की आईटी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भी फैला हो सकता है, जहां 'स्लीपर सेल' सक्रिय हो सकते हैं।

### हिंदू जनजागृति समिति की प्रमुख मांगें

नाशिक के इस 'कॉर्पोरेट जिहाद' के तार देश के अन्य किन शहरों और कंपनियों से जुड़े हैं, इसकी एनआईए या केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से गहन जांच हो। देश की सभी आईटी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों का तत्काल 'विशेष सुरक्षा एवं धार्मिक भेदभाव विरोधी ऑडिट' करने का आदेश सरकार दे। जिस कंपनी में हिंदू महिलाओं की अस्मत सुरक्षित नहीं है और जहां 'धार्मिक आतंक' फैलाया जा रहा है, ऐसी कंपनियों का व्यवसायिक लाइसेंस रद्द कर उन्हें तत्काल बंद किया जाए।

# प्रिंस खान गैंग का बड़ा पदार्फाश : 'मेजर' की गिरफ्तारी से खुला पाकिस्तान और आतंकी कनेक्शन

## रंगदारी, गोलीबारी और 100 से ज्यादा बैंक खातों का खुलासा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आतंक और रंगदारी का पर्याय बन चुके कुख्यात अपराधी प्रिन्स खान गैंग को लेकर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। गैंग के प्रमुख सदस्य सैयद अब्बास नकवी उर्फ सैफी उर्फ मेजर को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर धनबाद लाया गया, जहां पूछताछ में कई सनसनीखेज राज सामने आए हैं। एसएसपी प्रभात कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि धनबाद पुलिस की गिरफ्त में आया सैयद अब्बास नकवी उर्फ मेजर, प्रिन्स खान गैंग का वह अहम सदस्य है जो पिछले कई वर्षों से जिले में रंगदारी, गोलीबारी और बमबाजी जैसी वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय था। पुलिस पूछताछ में मेजर ने करीब तीन दर्जन मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही उसने बताया कि वह गैंग के लिए तकनीकी और वित्तीय मैनेजमेंट संभालता था झ जैसे वर्चुअल नंबर उपलब्ध कराना, धमकी भरे कॉल करना, और रंगदारी की रकम को हवाला, बैंक ट्रांसफर और बिटकॉइन के जरिए प्रिन्स खान तक पहुंचाना। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि पुलिस दबाव के कारण प्रिन्स खान दुबई से भागकर पाकिस्तान में शरण लिए हुए है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ चुका है। मेजर ने बताया कि गैंग में दरार भी आ गई थी और पाकिस्तान जाने को लेकर मतभेद के बाद उसे गैंग से अलग कर दिया गया था। मेजर ने कई बड़े आपराधिक मामलों का भी खुलासा किया है, जिसमें रंजीत सिंह हत्याकांड, नन्हें खान की हत्या, उपेंद्र सिंह मर्डर केस और कई व्यवसायियों पर गोलीबारी व बमबाजी की घटनाएं शामिल हैं। वर्ष 2023 में रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या उसकी ही पत्नी ने एक सडयंत्र के तहत प्रिंस खान की मदद से कराई गई थी। बताया जाता है कि उपेंद्र सिंह की पत्नी का किसी अन्य के साथ अवैध संबंध था और यही उपेंद्र की मौत का कारण बना। जिसमे प्रिंस खान ने उसकी पत्नी की मदद की थी। इसके अलावा उसने यह भी बताया कि गैंग ने 100 से ज्यादा बैंक खातों का इस्तेमाल रंगदारी की रकम के लेनदेन के लिए किया। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि गैंग द्वारा दहशत फैलाने के लिए कुछ मीडिया से जुड़े लोगों का भी इस्तेमाल किया गया, जबकि कई सफेदपोश और राजनीतिक संपर्कों की भी जांच चल रही है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि पूछताछ में सैफी ने बताया है कि प्रिंस खान नशीली दवाओं का आदि है और वह बदहवास होने तक नशा करता रहता है। सैफी के अनुसार उसके अलग होने के बाद प्रिंस खान के गैंग का संचालन उसका भाई गोपी खान, गोपी खान का साला ऋत्विक खान उसका एक अन्य रिशेतदार आदिल, प्रिंस खान की दो पत्नियां दुबई में रहकर कर रही हैं। इसके अलावा प्रिंस खान के भारत में रह रहे दो भाई एवं अन्य रिशेतदार भी उसके गैंग को मदद पहुंचा रहे हैं।

# अपराध समीक्षा बैठक में अगले 3 महीने में ज्यादा से ज्यादा लंबित कांडों के निष्पादन का निर्देश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में बुधवार को जिला पुलिस मुख्यालय में अप्रैल माह की विस्तृत अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने की। इस दौरान सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, सभी डीएसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों ने धनबाद पुलिस के कार्यों की मजबूत तस्वीर पेश की गई। अप्रैल माह में जिले में कुल 406 कांड दर्ज हुए, जबकि 463 कांडों का सफल निष्पादन किया गया। यह दर्शाता है कि पुलिस केवल मामलों को दर्ज करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके त्वरित निष्पादन पर भी विशेष ध्यान दे रही है। सबसे बड़ी उपलब्धि लंबित कांडों में आई भारी कमी रही। जहां पिछले वर्ष मई माह में लंबित कांडों की संख्या 4300 से अधिक थी, वहीं अब यह घटकर मात्र 1873 रह गई है। इसे एसएसपी महोदय ने ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए पुलिस टीम की मेहनत और रणनीति का परिणाम बताया। उन्होंने अगले तीन महीनों में इस संख्या को 1600 से नीचे लाने का लक्ष्य तय किया है।

### वारंट और कुर्की निष्पादन में तेजी, मई के लिए बड़ा लक्ष्य

अपराध नियंत्रण के साथ-साथ वारंट और कुर्की के लंबित मामलों में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। अप्रैल माह में लंबित मामलों में 23 प्रतिशत की कमी आई है। एसएसपी महोदय ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मई माह में इन लंबित मामलों का कम से कम 50 प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

### सड़क सुरक्षा पर विशेष फोकस

बैठक के दौरान बढ़ते सड़क हादसों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। ट्रैफिक डीएसपी को निर्देश दिया गया कि खतरनाक स्थलों और अवैध कटों को चिन्हित कर जल्द बंद कराया जाए। साथ ही बिना हेलमेट, तीन सवारी, गलत दिशा में वाहन चलाने और काला शीशा लगाने वालों के खिलाफ पहले से भी सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। एसएसपी महोदय ने आम नागरिकों से भी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।हाईटेक हो रही धनबाद पुलिस धनबाद पुलिस को आधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। हाल ही में 150 पेट्रोलिंग बाइक, 40 चार पहिया वाहन, पुश-टू-टॉक वायरलेस सिस्टम, कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल फोन पुलिस बल को उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा पुराने थाना और कार्यालय भवनों की मरम्मत की गई है तथा कतरास थाना के लिए नए आधुनिक भवन के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

### सीसीटीवी और कंट्रोल रूम का आधुनिकीकरण

जिले के संवेदनशील और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जल्द ही सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनकी निगरानी के लिए आधुनिक कंट्रोल रूम विकसित किया गया है, जहां बड़ी मॉनिटर स्क्रीन के माध्यम से निगरानी की जाएगी।

### तकनीकी शाखा बना सशक्त

धनबाद पुलिस की तकनीकी शाखा को अत्याधुनिक उपकरणों और उन्नत सॉफ्टवेयर से सशक्त किया गया है। इसका परिणाम यह है कि तकनीकी जांच के क्षेत्र में धनबाद पुलिस राज्य में बेहतर प्रदर्शन कर रही है।

### ड्रोन से निगरानी और राहत कार्य में आएगी तेजी

पुलिस बल को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है और जल्द ही दो आधुनिक ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। इनकी मदद से भीड़ नियंत्रण, राहत एवं बचाव कार्य और गुप्त निगरानी को और प्रभावी बनाया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK